रांची
गुरुवार
08.09.2022
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-216 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

किसी बेकसूर को बचाने के लिए बोला गया झूठ, उसकी जिंदगी को नुकसान पहुंचाने वाले बनावटी सच से लाख गुना अच्छा है।

## न्यूज गैलरी

### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के जेल से बाहर आने का रास्ता साफ

रांची। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के जेल से निकलने का रास्ता साफ हो गया है। बुधवार को हाईकोर्ट में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और निर्मला देवी को जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने जमानत दे दी है। प्रार्थियों के अधिवक्ता मनीष कुमार ने जानकारी दी कि चिरुडीह गोली कांड में योगेंद्र साव को जमानत मिलने के बाद चिरुडीह से ही जुड़े एक अन्य मामले में उनकी जमानत नहीं हुई थी। जिसके कारण योगेंद्र साव जेल से नहीं निकल सके थे। उस मामले में अदालत ने न्यायिक हिरासत की लंबी अवधि को देखते हुए योगेंद्र साव को जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। जिसके बाद उनके जेल से निकलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि, निर्मला देवी को अभी जेल में ही रहना होगा, क्योंकि चिरुडीह कांड में उन्हें न्यायालय ने दस साल की सजा सुनायी है।

### ग्राम प्रधान हत्याकांड मामले में चार अन्य आरोपी गिरफ्तार

खूंटी। खूंटी जिले के अड़की थानांतर्गत गांव मदहातू टोला कोदे लेबे में गत 31 अगस्त की देर रात ग्राम प्रधान बयार सिंह मुंडा उर्फ सुखराम मुंडा सहित उसके पुत्र और बहू की हुई हत्या में शामिल चार और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों में गांव के ही सोमा हरिबीना उर्फ दिकू (22), एसी किरोन (20), बयार सिंह नाग उर्फ टोंटे सोमा (18) और गांव कुकलू टोला कुजियाबेड़ा राम हस्सा (25) शामिल हैं। एसपी अमन कुमार ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी जारी है। गौरतलब है कि है कि दो दिन पूर्व पुलिस ने मृतक ग्राम प्रधान के भतीजा सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस को पता चला कि हत्याकांड में गांव के अधिकांश घरों के सदस्यों सहित 20 से अधिक लोग शामिल थे।

## पुरानी पेंशन योजना लागू होने पर झाप्रसे संघ ने सीएम का जताया आभार

# सभी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति बुधवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा आभार प्रकट समारोह आयोजित किया गया। समारोह में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ ने राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू किये जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लम्बे समय से पुरानी पेंशन की मांग सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के सरकारी कर्मियों द्वारा उठायी जा रही है। राज्य सरकार ने झारखंड के

**अच्छी कार्यशैली को अपनाने का करें काम : हेमंत**



सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना की सौगात दी है। पेंशन बुढ़ापे का सहारा माना जाता है। कुछ कारणों से आप सरकारी कर्मियों से पेंशन रूपी सहारे की लाठी को छीन लिया गया था, परंतु हमारी सरकार ने आपको उस लाठी को देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरी में आने के बाद कर्मियों की कुछ चीजों के प्रति आशाएं और उम्मीदें होती ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**सीएम के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में संशय बरकरार, फैसले का इंतजार**

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में संशय की स्थिति बरकरार है। सीएम हेमंत सोरेन, कई मंत्रियों और यूपीए नेताओं ने इस संबंध में राजभवन से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। वहीं, बीजेपी नेताओं ने उम्मीद जतायी है कि राज्यपाल जल्द ही सभी संवैधानिक और कानूनी पहलुओं पर विचार करने के बाद आवश्यक निर्णय लेंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने रांची में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस संबंध में राज्यपाल को ही निर्णय लेना है, इसलिए फैसला कब तक आयेगा, यह सवाल राजभवन से पूछा जाना चाहिए।

## आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 12 राज्यों के 100 स्थानों पर एक साथ इनकम टैक्स की छापेमारी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। इनकम टैक्स विभाग ने बुधवार को देशभर में एक साथ 100 ठिकानों पर छापा मारा। ये कार्रवाई मिड-डे मील में कमाई, पॉलिटिकल फंडिंग में टैक्स चोरी और शराब घोटालों के सिलसिले में की गयी है। दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश,

**▸▸दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड समेत 12 राज्यों में आईटी के छापे**

छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड समेत 12 राज्यों में आईटी के छापे पड़े। दिल्ली स्थित स्वतंत्र थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में भी आईटी ने छापेमारी की। राजस्थान के राज्यमंत्री राजेंद्र यादव और उनके रिश्तेदारों के 53 से ज्यादा जगहों पर इनकम टैक्स की रेड पड़ी है। बुधवार की अहले सुबह करीब साढ़े पांच बजे से ही छापा की कार्रवाई शुरू हो गयी थी। मामला मिड डे मील की सप्लाई में गड़बड़ी से जुड़ा है। कोटपूतली में मिड डे मील का राशन सप्लाई करनेवाली जिस फैक्ट्री में छापेमारी हुई है, वह राजेंद्र यादव की बतायी जा रही है। वहीं, छत्तीसगढ़ में शराब कारोबारियों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



**ममता के मंत्री के छह ठिकानों पर सीबीआई ने मारा छापा**

पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के कानून मंत्री मलय घटक के छह ठिकानों पर बुधवार सुबह सीबीआई ने छापेमारी की है। घटक पर कोयला तस्करी का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की तीन टीम सुबह आठ बजे से घटक के आवास समेत छह ठिकानों की तलाशी ली। इनमें कोलकाता के पांच और आसनसोल का एक ठिकाना शामिल है।

# कैशकांड में फंसे तीन विधायकों के मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में हुई सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में भारी कैश के साथ कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप की सदस्यता समाप्त करने

**▸▸विधायकों ने पक्ष रखने के लिए मांगा आठ सप्ताह का समय**

को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में याचिका दायर की गयी है। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम की ओर से दायर याचिका में इन तीनों विधायकों की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने का आग्रह किया गया है। स्पीकर की न्यायाधिकरण में बुधवार को इस



मामले में दूसरी सुनवाई हुई। वर्चुअल मोड में हुई इस सुनवाई में तीनों विधायक अपने वकील के साथ जुड़े। उनकी ओर से आग्रह किया गया कि वे अभी झारखंड से बाहर हैं, इसलिए उन्हें आठ सप्ताह का समय दिया जाये।

तीनों विधायकों की ओर से कहा गया कि वे अभी कोलकाता में हैं, इसलिए समुचित जवाब देने में सक्षम नहीं हैं, जवाब देने के लिए उन्हें समय दिया जाना जरूरी है। दोनों पक्ष की बात सुनने के बाद न्यायाधिकरण ने बुधवार की सुनवाई स्थगित कर दी। कहा गया है कि इसकी अगली सुनवाई की सूचना बाद में दी जायेगी। सुनवाई के दौरान आलमगीर आलम के वकील की ओर से जल्द से जल्द सुनवाई पूरी करने का आग्रह किया गया। इस मामले में पहली सुनवाई एक सितम्बर को हुई थी और अगली सुनवाई के लिए पांच सितम्बर की तिथि तय की गयी थी, परंतु विधानसभा के विस्तारित मॉनसून सत्र की पांच सितम्बर को एकदिवसीय बैठक के कारण सुनवाई की तिथि को बढ़ाकर सात सितम्बर कर दिया गया था। इसे लेकर विशेष दूत के माध्यम से तीनों विधायकों को पत्र भेजा गया था और सुनवाई में हर हाल में भाग लेने का निर्देश दिया गया था।

# पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़, कई सामान बरामद

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में भाकपा माओवादियों के खिलाफ पुलिस व सुरक्षाबलों का चौतरफा

**▸▸माओवादियों पर चौतरफा वार, बूढ़ापहाड़ के बाद ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो हेडक्वार्टर रडार पर**

**▸▸टोन्टो इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों को मिली सफलता**

अभियान जारी है। पुलिस ने एक साथ माओवादियों के खिलाफ बूढ़ापहाड़ से लेकर माओवादियों के ट्राइजंक्शन और सारंडा तक अभियान शुरू किया है। सारंडा में भाकपा माओवादियों का ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो (ईआरबी) का हेडक्वार्टर चलता है। इस इलाके में पुलिस ने सुरक्षाबलों के साथ अभियान शुरू किया है। राज्य पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक, ईआरबी की कमान फिलहाल एक करोड़ के ईनामी माओवादी व पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा के हाथों है।



मिसिर बेसरा के मारक सदस्यों की योजना टोन्टो, पोड़ाहाट इलाके में वारदात को अंजाम देने की थी। ऐसे में माओवादियों के 25 लाख के ईनामी अजय महतो, करमचंद उर्फ मोछू के नेतृत्व में 20-22 सशस्त्र माओवादियों का दस्ता इलाके में कैंप कर रहा था। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद कोबरा व सीआरपीएफ बटालियन के साथ मिलकर अभियान चलाया। अभियान के दौरान माओवादी तो भाग निकले, लेकिन नक्सल साहित्य समेत कई सामान जब्त किये गये।

**बूढ़ापहाड़ में ऑपरेशन ऑक्टोपस**

लातेहार व गढ़वा इलाके में सुरक्षाबलों ने चार सितम्बर को ऑपरेशन ऑक्टोपस चलाया था। ऑपरेशन के दौरान पुलिस को सैक कमांडर सौरभ उर्फ मारकुस, सर्वजीत यादव, नवीन यादव के सशस्त्र दस्ते की मौजूदगी की सूचना थी। अभियान के दौरान पहली बार 106 से अधिक लैंड माइंस सुरक्षाबलों ने बरामद किये। गौरतलब है कि साल 2015 के बाद बूढ़ापहाड़ के इलाके की पूरी घेराबंदी माओवादी टेक विश्वनाथ ने की थी। पूरे बूढ़ापहाड़ को लैंडमाइंस से पाट दिया गया था। यही वजह थी कि उस इलाके में पुलिस को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# राहुल खुद को भी तो कांग्रेस से जोड़ कर दिखायें : भाजपा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को छलावा बताते हुए तीखा तंज कसा और कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के पहले राहुल गांधी खुद को और अपनी पार्टी से बाहर जानेवाले नेताओं को तो कांग्रेस से जोड़ कर दिखायें। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां अपने निवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि जो अपने को अपनी पार्टी से भी नहीं जोड़ सके, वो भारत जोड़ने की यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में एक दरबारी गायन होता है कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाओ, फिर अध्यक्ष बनाओ। राहुल गांधी कहते हैं कि मैं नहीं बनूंगा, बीच में वो विदेश



यात्रा पर चले जाते हैं। वह पार्टी से कितना जुड़े हैं ये आप सभी जानते हैं। कांग्रेस के अपने पुराने समर्पित लोग, समर्पित नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं और राहुल जी चले हैं देश जोड़ने। श्री प्रसाद ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा उरी एवं बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक पर सबूत मांग कर देश की एकता को कमजोर करने वाले राहुल गांधी का सबसे खराब स्तर का पाखंड है।

## विपक्षी नेताओं से मुलाकात के बाद नीतीश ने कहा -

# विपक्ष का जरूरी है एकजुट होना

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष को एकजुट करने के लिए सोमवार से तीन दिन के लिए दिल्ली दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उन्होंने इसके पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की।

उनसे मुलाकात के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि बहुत अच्छी बातचीत हुई। भाजपा कोई काम नहीं कर रही है। विपक्ष का एकजुट होना जरूरी है। मैं बस इतना चाहता हूं कि ज्यादातर विपक्ष एकजुट हो जाये। अगर विपक्ष एकजुट होता है, तो यह देश हित

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिले नीतीश**




में होगा। नीतीश कुमार ने दिल्ली में कहा कि भाजपा की बस पूरे देश पर कब्जा करने की योजना चल रही है, इसलिए विपक्ष को एकजुट होना जरूरी है। आपस में बात कर नेता भी चुन लिया जायेगा। नीतीश कुमार ने कहा कि एक बार सोनिया गांधी विदेश से आयेंगी, तो मैं उनसे मिलूंगा। जरूरत पड़ी तो हम (विपक्षी नेता) फिर मिलेंगे। सबका नजरिया सकारात्मक था। हम मुख्य मोर्चा बनना चाहते हैं, तीसरा मोर्चा नहीं। विपक्ष को एकजुट करने का यह काम जारी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को मिली 'जेड प्लस' सुरक्षा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को केंद्रीय अर्धसैनिक बल की 'जेड प्लस' श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। उन्होंने कहा कि कोविंद (76) को अखिल भारतीय आधार पर सशस्त्र सुरक्षा प्रदान की जायेगी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा कमांडो इकाई उन्हें यह सुरक्षा प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हाल ही में केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा की गयी सिफारिश के आधार पर सुरक्षा को मंजूरी दी थी और बल ने पांच सितंबर को जिम्मा संभाल लिया। मध्य दिल्ली में जनपथ रोड पर स्थित पूर्व राष्ट्रपति के आवास की सुरक्षा भी बल द्वारा की जायेगी। भारत के 14वें राष्ट्रपति कोविंद का कार्यकाल जुलाई में समाप्त हुआ।



### पीएम आज करेंगे नेताजी की प्रतिमा का उद्घाटन

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को कर्तव्य पथ का उद्घाटन और इंडिया गेट पर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को एक बयान में दी। ज्ञात हो कि नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय से मिले एक प्रस्ताव को पारित कर राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया। अब इंडिया गेट पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा से लेकर राष्ट्रपति भवन तक पूरे इलाके को कर्तव्य पथ कहा जायेगा। पीएमओ ने कहा कि पूर्ववर्ती राजपथ सत्ता का प्रतीक था और उसे कर्तव्य पथ का नाम दिया जाना बदलाव का परिचायक है।

# रिपोर्ट : भारत में सीट बेल्ट न लगाने से हर दिन 41 मौत

## ❍ भारत में भी छह एयर बैग वाली गाड़ियां मार्केट में उतारने का चल रहा काम : गडकरी

-ब्यूरो

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2019 से कार कंपनियों को सीट बेल्ट रिमाइंडर (अलार्म) लगाना अनिवार्य कर दिया है, लेकिन यह अगली सीटों के लिए

**▸▸2024 तक सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य**

ही है। जबकि पीछे की सीट बेल्ट के लिए भी यह होना चाहिए। हालत यह है कि देश में 2020 में सड़क हादसों में 15,146 लोगों ने सीट बेल्ट नहीं लगाने की वजह से जान गंवाई। इस हिसाब से रोज 41 मौत



सीट बेल्ट नहीं लगाने से हो रही है। भारत में एक साल में सड़क हादसों में डेढ़ लाख से ज्यादा मौत होती हैं। एक साक्षात्कार में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन

**चार मुख्यमंत्री की कारों में सीट बेल्ट की जगह लगी थी क्लिप**

गडकरी ने एक वर्ल्ड समिट में कारों में सीट बेल्ट को लेकर चार मुख्यमंत्रियों का किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले मैं चार मुख्यमंत्रियों की गाड़ियों में बैठा था। उन सभी की गाड़ियों की फ्रंट सीट पर सीट बेल्ट लगाने वाली जगह (सॉकेट) पर क्लिप लगी हुई थी। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि चेतावनी अलार्म ना बजे। मैंने ड्राइवर को डांटा और क्लिप हटवायी। गडकरी ने साक्षात्कार में अपनी जवानी का किस्सा बताया। गडकरी ने कहा कि जवानी में वह खुद नियम तोड़ते थे। तब उन्हें अहसास नहीं था कि यह कितना खतरनाक है। गडकरी ने कहा कि इलेक्शन के टाइम पर वे एक स्कूटर पर चार लोग बैठकर घूमते थे और नंबर प्लेट को हाथ से छिपा लेते थे ताकि चालान न हो सके। वे तब की बातें थी, लेकिन अब लोगों को अपना माइंडसेट बदलना होगा, नियमों का पालन करना होगा।

गडकरी ने कहा कि 2024 तक सरकार सड़क हादसों को 50 प्रतिशत तक कम कर देना चाहती है। इसके लिये इंटरनेशनल सिक्योरिटी स्टैंडर्ड को फॉलो किया जायेगा। गडकरी ने भारत में छह एयर बैग की जगह चार एयर बैग के होने पर कार कंपनियों पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि कार कंपनियां जब गाड़ियां दूसरे देशों में एक्सपोर्ट करती हैं, तो छह एयर बैग लगाती हैं, भारत में चार लगाकर बेचती हैं क्या भारतीय लोगों की जान की कीमत नहीं है? जब उनसे सवाल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# शोध : बचपन में किसी वाद्य यंत्र को बजाने वाले जल्दी नहीं मानते हैं हार

- आरपी सिंह

नयी दिल्ली। यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग में हुए एक शोध से पता चला है कि जो लोग बचपन में कभी न कभी कोई वाद्य यंत्र बजाते रहे हैं, बुढ़ापा होने पर भी उनका दिमाग उन लोगों की तुलना में ज्यादा तेज होता है जो कोई वाद्य यंत्र नहीं बजाते थे। यही नहीं, ऐसे लोग कठिन हालात में जल्दी हार नहीं मानते हैं। उनमें सोच-समझकर जोखिम उठाने की क्षमता ज्यादा होती है। साइकोलॉजिकल साइंस में प्रकाशित शोध के लिए शोधकर्ताओं ने 70 साल से ऊपर के 366 बुजुर्गों पर शोध की। इनमें से 117 वे लोग थे जिन्हें अपने

**▸▸बुढ़ापा में भी तेज होता है उनका दिमाग**



बचपन या किशोरावस्था में वॉयलिन, पियानो, गिटार या कोई दूसरा वाद्य यंत्र बजाने का अनुभव था। शोध के दौरान इन लोगों से गणित, रीजनिंग और धर्म से जुड़े कुछ प्रश्न पूछे गये। नतीजों में सामने आया कि जिन लोगों ने अपने बचपन में कभी न कभी किसी वाद्ययंत्र को बजाया था, उनकी मानसिक क्षमता उन लोगों से बेहतर थी जिन्हें वाद्य यंत्र बजाने का अनुभव नहीं था। वाद्य यंत्र बजानेवाले लोगों में तर्क क्षमता और बोलचाल में शब्दों का चयन भी दूसरे लोगों से ज्यादा पाया गया। सर्वे में जो प्रश्न पूछे गये, उनके जवाब ये लोग 11 वर्ष की उम्र में किसी दूसरे सर्वे में भी दे चुके थे। नेपियर यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी के प्रोफेसर जुडिथ ओवली ने नतीजों के बारे में कहा कि जब आप कोई मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण काम, जैसे वाद्य यंत्रों को बजाने का काम करते हैं, तो आपकी सोचने की क्षमता बढ़ती है।

## न्यूज गैलरी

### दो मोटरसाइकिल बाइक की सीधी टक्कर दो व्यक्ति घायल



सिल्ली। सिल्ली थाना अंतर्गत साहेब बांध के समीप शाम लगभग 3 :00 बजे दो मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर होने से दो व्यक्ति घायल हो गये। जानकारी के अनुसार इतिहासा गांव निवासी विकास महतो उम्र 35 वर्ष अपने हीरो होंडा गाड़ी नंबर जेएच 01 सीबी 6455 एवं दूसरा व्यक्ति पश्चिम बंगाल के झालदा थाना अंतर्गत निरंजन गोस्वामी उम्र 61 अपने बाइक ग्लैमर गाड़ी नंबर डब्ल्यूबी 56 आर 2294 से अपने घर जा रहे थे तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही साहेब बांध के समीप दूसरी हीरो होंडा गाड़ी की सीधी टक्कर हो गई जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गए ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया सूचना मिलते ही थाना घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों व्यक्ति को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### 70 वर्षीय वृद्ध महिला का शव कटा हुआ ट्रेन की पटरी से बरामद

सिल्ली । मुरी रांची रेलखंड पोल संख्या 358/5 के समीप रेलवे लाइन पर एक वृद्ध महिला का ट्रेन से कटा हुआ शव रांची जीआरपी ने बरामद किया। जानकारी के अनुसार सिल्ली नीचे टोला निवासी पति बुका गोराई की पत्नी शक्ति देवी उम्र 70 वर्ष का शव कोचो गांव के रेलवे लाइन पर कटा हुआ पड़ा था। ग्रामीण सुबह गाय चराने के लिए रेलवे लाइन के समीप गये तो देखा कि एक महिला का शव पड़ा हुआ है तुरंत इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया सूचना मिलते ही सिल्ली थाना प्रभारी अजय सिंह अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और रांची जीआरपी को इसकी सूचना दीया। रांची जीआरपी घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

### शिखा इंटरप्राइजेज 8 महीने सील रहने के बाद फिर से खुला



मुरी। शिखा इंटरप्राइजेज आठ महीने बंद के बाद बुधवार को खोला गया! जानकारी के अनुसार शिखा इंटरप्राइजेज द्वारा आइ डी बी आइ बैंक से लाखों रुपए लोन लिया गया था! समय पर लोन किस्त का भुगतान नही होने पर 22/02/2022 फरवरी को बैंक द्वारा शिखा इंटरप्राइजेज( बाइक शोरूम) को शील कर दिया गया था! सील करने के लिए रांची से मजिस्ट्रेट मुरी आईडीबीआई बैंक के मैनेजर शिल्पी सिंह एवं मुरी ओपी थाना प्रभारी मौजूद थे! शिखा इंटरप्राइजेज का मालिक पार्थो प्रमाणिक ने कोर्ट से अपील कर एवं लोन किस्त का भुगतान कर आठ महीने बाद 4 अगस्त को खोलने का नोटिस दिया गया था! लेकिन रांची से आए हुए अधिकारी कोर्ट के आदेश का अवहेलना करते हुए एक महिने 3 दिनों के बाद 7 अगस्त बुधवार को शिखा इंटरप्राइजेज शोरूम का सील खोला गया। डी सील खोलने मे मौजूद आई डी बी आई बैंक के मैनेजर कल्याण सिंह एवं रांची से आए हुए अधिकारी रंजन भुषण,शशि रंजन, अमीत कुमार गुप्ता तथा मुरी ओपी थाना के ए एस आई आशीष रंजन अपने दल बल के साथ मौजूद थे।

### दुर्गापूजा समिति की बैठक आयोजित

मांडर। मांडर शिव दुर्गा मंदिर में दुर्गापूजा समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया।कमिटी में अध्यक्ष- रमेश केशरी, उपाध्यक्ष- मनकू महतो, सचिव -रामप्रकाश साहु, उपसचिव- सुकोमल सेन गुप्ता, कोषाध्यक्ष- प्रमोद साहु, उप कोषाध्यक्ष- राजेश केशरी सर्वसम्मति से चयनित किए गए।चयन के बाद सभी पदाधिकारियों को धार्मिक पट्टा पहनाकर स्वागत भी किया गया।संरक्षक मंडल में शंकर आचार्या, मुखिया प्रकाश खलखो, अशोक अग्रवाल, छेदी साहु, शैलवाहन प्रसाद,वीरेन सेन गुप्ता, चंदशेखर मिश्र, अमिताभ बाबू पाठक,बंशी साहु, ब्रह्मानंद सेन गुप्ता सहितअन्य मौजूद थे।

---

### जमीन विवाद में रातू पुलिस ने दो भाइयों को पांच दिन तक थाने में रखा बंद

# अमन ग्रुप एंड वेलफेयर ट्रस्ट के हस्तक्षेप के बाद छोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** जमीन विवाद में रातू पुलिस ने थाना क्षेत्र के हुरहुरी के रहने वाले दो भाई परवेज अंसारी व तबरेज अंसारी को पुलिस ने 3 सितंबर की रात 12 इसके घर से उठा कर थाना ले गयी थी। चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो उसे छोड़ा जा रहा था न ही परिजनों से मिलने दिया जा रहा था। न ही जेल भेजा जा रहा था।बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों को छोड़ने के एवज में थाने की ओर से दो लाख रुपया की मांग की जा रही थी। बेबस परिजनों ने इसकी जानकारी अमन ग्रुप एन्ड वेलफेयर ट्रस्ट को इसकी जानकारी दी। इसके उपरांत ट्रस्ट के हस्तक्षेप के बाद चार दिन बाद बुधवार को दोनो भाइयो को थाने से छोड़ दिया गया।

क्या है पूरा मामला : हुरहुरी निवासी तबरेज अंसारी और परवेज अंसारी पर उनके रिश्ते के भाई ईसराफिल अंसारी ने थाना में लिखित शिकायत किया था कि इन दोनों भाईयों ने उनकी कांके अंचल के मनातू सुकुरहुटू स्थित खानदानी 56.75 डी जमीन को बिक्री कर ये दोनों भाईयों ने रुपये रख लिये इसमें इसराफिल का भी कुछ हिस्सा होता है। जिसकी कीमत उसे नहीं दी गयी। उसके बाद पुलिस ने दोनों भाईयों को शनिवार की रात में घर से उठा कर थाना ले गयी, बाद में पुलिस तबरेज पर यह आरोप लगाने लगी की तबरेज के ठाकूरगांव स्थित मोटरसाईकिल गैरेज से चोरी की बाईक बरामद की गयी थी ।यह आरोप लगा कर परवेज व तबरेज दोनों भाईयों को पांच दिनों तक थाने में प्रताड़ित किया जाता रहा। वही परिजन छोटे छोटे बच्चो के साथ दोनो को छुड़ाने के लिए रोजाना थाने के चक्कर लगाते रहे। इस दौरान उन्हें उनसे मिलने भी नही दिया जाता था। बहनोई खुर्शीद अंसारी व बहन हसरतुन खातून ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मीडियाकर्मियों को बताया कि दोनों भाइयो को छोडनेबके एवज में दो लाख की मांग की जा रही है। इसके उपरांत पत्नी , बहन मां व बहनोई ने मामले की जानकारी अमन ग्रुप को दी। 7 सितंबर को अमन ग्रुप के प्रतिनिधि मण्डल सचिव अमन राज, संरक्षक शमीम बड़ेहार, अजीज अन्सारी, महा सचिव हनीफ अन्सारी, कार्यकारणी अध्यक्ष बबलू अन्सारी, इफ्तेखार खान, मुमताज अन्सारी, सलामत अन्सारी, हाजी सरीफ अन्सारी, इत्यादि लोगो ने मामले का संज्ञान लेते हुए थाना पहुंचे। उसके बाद पुलिस दोनो को थाना से छोड़ दिया गया ।

---

## चोरी के दो मोटरसाइकिल के साथ चान्हो पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर त्वरित 1कार्रवाई करते हुए चोरी की एक पल्सर मोटरसाइकिल और एक बुलेट मोटरसाइकिल के साथ मोख्तार अंसारी नामक युवक को धर दबोचा है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने बताया कि आरोपी के बारे में सूचना मिली थी कि वह जिस बाइक में घूमता है व चोरी की है।इसके बाद पुलिस इसकी तलाश में लग गई। इस दौरान उसे एक पल्सर मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया और कड़ी पूछताछ में उसने चोरी की बुलेट के बारे में जानकारी दी। जो इटकी से चोरी की गई थी। जिसके बाद पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल को भी उसके निशानदेही पर बरामद किया और उसे गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है।

---

### सांसद निशिकांत समेत नौ लोगों पर दर्ज केस सीआईडी ने किया टेकओवर

# दुमका सीआईडी टीम प्रभारी करेंगे जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी समेत नौ लोगों पर दर्ज केस की जांच सीआईडी करेगी। सीआईडी ने देवघर एयरपोर्ट के एटीसी में जबरन प्रवेश करने के मामले में देवघर के कुंदा थाना में दर्ज केस को टेकओवर कर लिया है। इस मामले में सीआईडी चार्टर प्लेन के पायलट, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, उनके बेटों कनिष्क कांत दुबे, माहिकांत दुबे, सांसद मनोज तिवारी, मुकेश पाठक, देवता पांडेय, पिंटू तिवारी व एयरपोर्ट डायरेक्टर संदीप ढिंगरा पर दर्ज केस की जांच करेगी। दुमका सीआईडी टीम के प्रभारी को केस का अनुसंधानक बनाया गया है।

**देवघर डीसी व सांसद में हुआ था विवाद**

सांसद निशिकांत दुबे, मनोज तिवारी, दिल्ली के भाजपा नेता कपिल मिश्रा समेत अन्य लोग चार्टर प्लेन से देवघर आए थे। इसके बाद दुमका की पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सहायता राशि दी थी। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री का आरोप था कि लौटने क क्रम में सभी यात्री चार्टर प्लेन में गए थे, इसके बाद कुछ पायलट समेत कुछ लोग एटीसी बिल्डिंग में चले गए थे। वहां जबरन गोड्डा सांसद समेत अन्य पर एटीसी क्लीयरेंस लेने का आरोप डीसी ने लगाया था। एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात डीएसपी के बयान पर दर्ज किया गया था। एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद सांसद व डीसी में जम कर विवाद भी हुआ था।

---

### कामनवेल्थ गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित

**रांची।** पिछले दिनों बिरमिंघम में आयोजित हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर धमाल मचाने वाले लॉन बॉल्स के झारखंडी खिलाड़ियों के सन्मान का क्रम जारी है और इन्हें सन्मानित कर झारखंड का हर खेल प्रेमी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

आज इसी कड़ी में राँची के स्प्रिंग सिटी मॉल के एशियन ट्री रेस्टोरेंट ने इन खिलाड़ियों के लिए एक वृहद सन्मान समारोह का आयोजन किया।

आज हुए इस सन्मान समारोह के अवसर पर लॉन बॉल्स के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की सिल्वर पदक विजेता खिलाड़ी चंदन कुमार सिंह, दिनेश कुमार और सुनील बहादुर और इन इतिहास रचनेवाले खिलाड़ियों के कोच डॉ मधुकांत पाठक को सन्मानित किया गया। एशियन ट्री और स्प्रिंग सिटी मॉल के निदेशक श्री शौर्या ने सभी का स्वागत किया।

---

# विधायक ने सिल्ली कालेज छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली कालेज सिल्ली के छात्रावास परिसर में पिछड़ी जाति छात्रों के 50 बेड वाला छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास पुर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक सुदेश कुमार महतो, रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, सिल्ली इंटरकालेज के अध्यक्ष जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक एवं मुखिया शर्मिला कुमारी आदि ने नारियल फोड़कर किया। छात्रावास भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी मिलने पर विधायक ने इसकी जीर्णोद्धार कराने को लेकर पहल किया । जीर्णोद्धार कार्य कल्याण विभाग द्वारा मैसर्स शिव ज्योति कंस्ट्रक्शन कंपनी रांची के द्वारा की जा रही है जिसकी लागत 24 लाख रुपए है, जिससे छात्रावास की चार दिवारी निर्माण, टाइल्स फ्लोरिंग, खिड़की दरवाजे एवं शौचालय मरम्मती एवं रंगरोगन आदि कार्य किया जाना है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि छात्रों का में परेशानियों को देखते हुए इस भवन का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार को जीर्णोद्धार कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने तथा समय पर कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया।इस मौके पर प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो, प्रो केशव राय, प्रो तिलक महतो, सुमंत महतो, दुबराज महतो, भोला दास, वीरेंद्र महतो, निखिल महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

---

## नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी, प्रांथमिकी दर्ज

**रांची।** बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी के बाद दुष्कर्म का प्रयास किया गया। इस वारदात को आरोपी ने तब अंजाम दिया, जब नाबालिग घर पर अकेले थी। इस संबंध में नाबालिग ने आरोपी सूरज अहीर के खिलाफ बीआईटी मेसरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करायी है। नाबालिग लड़की की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह बीते पांच सितंबर को दिन के साढ़े बारह बजे अपने घर पर अकेले थी। खाना बनाने के दौरान उनके घर पर आरोपी पहुंचा। पीने के लिए पानी मांगा। तब नाबालिग ने उसे पानी लाकर दिया। पानी पीने के बाद आरोपी उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी उसे जबरन घर के भीतर ले गया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। इसी क्रम में नाबालिग के पिता खाना खाने के लिए घर में पहुंच गए। आरोपी को पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई करने के बाद उसे एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों को आवाज देकर बुलाने लगे। तभी आरोपी वेंटिलेटर तोड़कर मौके से भाग निकला। इसके बाद नाबालिग पिता के साथ मेसरा ओपी पहुंची और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

---

### टांगरकेला स्कूल का निरीक्षण करने पहुंची जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो

**बेड़ो।** लापुंग प्रखंड के महुगांव पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगरकेला स्कूल का निरीक्षण करने जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो पहुंची। यहां उन्होंने घोर लापरवाही व भ्रष्टाचार देखने को मिला छात्र छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में सप्ताह में केवल सोमवार को ही अंडा दिया जाता है। वही विद्यालय के सहायक अध्यापक अल्बर्ट बरला ने बताया कि विद्यालय में 60 छात्रों का नामांकन है । उपस्थिति पंजी चेक करने पर पाया गया कि 39 बच्चों का उपस्थिति बनाया गया है जबकि कक्षा में मात्र 27 बच्चे थे। वहीं स्कूल के प्रभारी शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह बीआरसी की बैठक में गए हुए थे । सप्ताह में एक दिन अंडा मिलने की बात सुनकर जिप सदस्य ने भारी नाराजगी जाहिर किया।

---

### बेड़ो में सक्सेस कोचिंग सेंटर द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

# शिक्षक दिवस गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है : अरुण उरांव




**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** भारतीय संस्कृति में शिक्षक को भगवान के समान माना जाता है। वहीं शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने संबंध को जीने का और गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है। हमें शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं अपितु जीवन भर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उक्त बातें शिक्षक दिवस के अवसर पर सक्सेस कोचिंग सेंटर के द्वारा महादानी मैदान में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस डा अरुण उरांव ने कही। वहीं समारोह का शुभारम्भ डा अरुण उरांव व मुखिया सुशांति भगत ने डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन-की चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्था के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अतिथियों को आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया। वही विद्याथियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक विवकेशील विभव, संचालन प्रभात कुमार साहू व धन्यवाद ज्ञापन शिवशंकर साहू ने किया। मौके पर उत्तम मोदक, पंकज कुमार राय, विनोद रक्षित मौजूद थे।समारोह को सफल बनाने में सत्यनारायण साहू, शिवशंकर साहू, दिनेश, गौरव, प्रिया कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।

---

# करम डाली को पारम्परिक रूप से स्थापित कर मनाया गया करमा पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** घर गांव से निकल ग्रामीण भाई जंगल जाकर करम की डाली लेकर वापस लौटे। ग्रामीण भाई बहनों ने अपने गांव से पूर्व करम खेलवा में नृत्य संगीत के साथ करम एवं करम डाली लेने गए भाइयों का स्वागत करते हुए अखरा तक लाकर करम डाली को पारम्परिक रीति से स्थापित किया। मांडर में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नृत्य संगीत करते थाना परिसर स्थित जतरा टांड की परिक्रमा करने के बाद करम डाली लाने वालों के स्वागत में निकले। मांडर के सरना महिला पुरुष को संबोधित करते हुए डीजे के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद ने कहा कि भाई-बहन के पवित्र प्रेम एवं प्रकृति प्रेम का पर्व करमा बिहार,झारखंड, उड़ीसा, असम सहित अन्य राज्यों में प्रमुखता से मनाया जाता है.भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को हर साल यह पर्व मनाया जाता है. करमा पूजा भाई-बहन के स्नेह और प्रेम की निशानी के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व 3 दिनो का है, महिलाएं निर्जला उपवास करती हैं और शाम को आंगन में करम पौधे की डाली गाड़कर पूजा करती हैं. करमा पर्व क्या है और क्यों मनाया जाता है? इसके पीछे की पौराणिक कथाओ के अनुसार कर्मा और धर्मा नामक दो भाइयों ने अपनी बहन की रक्षा के लिए जान को दांव पर लगा दिया था. दोनों भाई गरीब थे और उनकी बहन भगवान से हमेशा सुख-समृद्धि की कामना करते हुए तप करती थी. बहन के तप के बल पर ही दोनों भाइयों के घर में सुख-समृद्धि आई थी. इस एहसान के फलस्वरूप दोनों भाइयों ने दुश्मनों से बहन की रक्षा करने के लिए जान तक गंवा दी थी. इसी के बाद से इस पर्व को मनाने की परंपरा शुरू हुई. इसके अलावा इस पर्व से जुड़ी एक और कहानी है एक बार करमा परदेस गया और वहीं जाकर व्यापार में रम गया. बहुत दिनों बाद जब वह घर लौटा तो उसने देखा कि उसका छोटा भाई धर्मा करमडाली की पूजा में लीन है. धर्मा ने बड़े भाई के लौटने पर कोई खुशी नहीं जताई और पूजा में ही लीन रहा. इस पर कर्मा गुस्सा गया और पूजा के सामान को फेंककर झगड़ा करने लगा. धर्मा चुपचाप सहता रहा. वक्त के साथ कर्मा की सुख-समृद्धि खत्म हो गई. आखिरकार धर्मा को दया आ गई और उसने अपनी बहन के साथ देवता से प्रार्थना की कि भाई को क्षमा कर दिया जाए. एक रात करमा को देवता ने स्वप्न में करमडाली की पूजा करने को कहा. करमा ने वहीं किया और सुख-समृद्धि लौट आई.इन्हीं कथाओं एवं सत्यनारायण भगवान की पूजा अर्चना के बाद लोक रात भर लोक नृत्य से पूरा क्षेत्र करममय रहता है। कई गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। मांडर के कार्यक्रम में सुका पाहन, उमेश उरांव, चंदर उरांव, मंगरा उरांव, मतु उरांव, ललित उरांव सहित काफी संख्या में स्त्री पुरुष एवं युवा शामिल थे।

---

### कांग्रेस नेताओं का शिष्टमंडल सोनाहातू पहुंचा, परिजन और ग्रामीणों से ली जानकारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. राकेश किरण महतो के पहल पर आज कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल रांची जिला अंतर्गत सोनाहातू थाना क्षेत्र के हेसाडीह पंचायत के राणाडीह गाँव जाकर,जहां पिछले दिनों तीन महिलाओं की हत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी थी, उन्हीं पीड़ित परिवारों के परिजनों एवं अन्य ग्राम वासियों से मिलकर घटना की जानकारी ली। कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल आज पुर्वाह्न 11.00 बजे प्रखंड क्षेत्र के अंतिम गाँव राणाडीह पहुंचा तो गांव में बिलकुल सन्नाटा पसरा हुआ था । गाँव के बालिग पुरुष सदस्य नदारद थे, सिर्फ बच्चे एवं बहुत कम संख्या में महिलाएं हीं मिले। इस माहौल में ही प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के द्वारा पीड़ित परिवार के परिजनों से मिलकर घटना के दिन की और उसके बाद हुए सभी गतिविधियों की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की।

---

### बेड़ो में करम डाली का किया गया विसर्जन

# करम डाली विसर्जन के दौरान युवक व युवतियां मांदर की थाप पर थिरक उठे



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** करमा पर्व के दूसरे दिन बुधवार को करम डाल का विसर्जन किया गया। सुबह में करम डाली की पूजा के बाद विभिन्न जलाशयों में विसर्जन किया गया। इससे पूर्व करम डाल को उठाया गया। और उपवास पर रहीं युवतियां-महिलाओं ने करम डाली की पूजा अर्चना की।विसर्जन करने के लिए निकले लोग पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते दिखे। बालिकाओं ने करम करम कहले आयो, करम का दिन, अषाढ़-सावन बीत गेला रे...,आए गेलैं भादो, आंगना में कादो भाई रीझ लागे... झुमइर खेले में आगे बाई रीझ लागे... भादो की एकादशी समेत अन्य गीतों पर जमकर नृत्य किया। करम डाली विसर्जन को लेकर बेड़ो,टिकरा टोली, करंज टोली, डूमर टोली,बेड़ो बस्ती समेत विभिन्न गांवों में गाजे बाजे व पारम्परिक नृत्य गीत के साथ शोभायात्रा निकाला गया। इसके पूर्व जावा फूलों को एक दूसरे को देते हुए करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए मांदर, ढोल, नगाड़े की धुन पर करमा के गीतों पर सामूहिक नृत्य किया गया।गांव के खोड़हा दलों द्वारा निकाले गए जुलूस में महिला,पुरुष, बच्चो ० युवतियों ने पारंपरिक गीत गाये गए। इधर बेड़ो के हथुवा पुल के समीप गांव के पहान पुजार की अगुवाई में अखड़ा से लाये गए करम डाली का विसर्जन किया गया।

## न्यूज गैलरी

### चैंबर चुनाव को लेकर टीम राहुल के प्रत्याशियों की पदयात्रा

**रांची।** चैंबर चुनाव के बढ़ते रोमांच के बीच टीम राहुल मारू के प्रत्याशियों ने बुधवार को फिरायालाल चौक से लेकर सुजाता चौक एवं इसके आसपास के इलाकों का दौरा कर व्यापारियों से मुलाकात की और चुनाव में अपनी टीम के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। मौके पर व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से भी प्रत्याशियों को अवगत कराया जिसे राहुल मारू ने उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों और व्यापार जगत का विकास हमारी प्राथमिकताओं में जिसके लिए टीम के सभी प्रत्याशियों के सहयोग से हरसंभव कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। पदयात्रा में प्रत्याशियों ने चौंबर के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन जालान के साथ ही सदस्य बिनोद टेकरिवाल, संतोष जैन, सुरेंद्र वर्मा, मुरारी अग्रवाल से भी मुलाकात की। पदयात्रा के दौरान व्यापारियों के बीच टीम राहुल मारू के प्रत्याशियों के लिए उत्साह देखते ही बन रहा है। पदयात्रा के दौरान राहुल मारू के साथ अनिल अग्रवाल, अनिल जालान, अनीश बुधिया, ब्रजेश कुमार, दीनदयाल बरनवाल, डॉ0 अभिषेक कुमार रामाधीन, उत्सव परासर, मनीष सर्राफ, मुकेश अग्रवाल, नवजोत अलंग, प्रवीण लोहिया, राहुल साबू, राजेष कौषिक, राकेश जैन, राम बांगड, रोहित अग्रवाल, रूषी पटेल, साहित्य पवन, सोनी मेहता, सुमित जैन, विकास विजयवर्गीय के अलावा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से माफी मांगे सरयू राय : इंदरजीत सिंह

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन झारखंड एन.एस.यू.आई के प्रदेश उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा सीट के विधायक सरयू राय के द्वारा जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी को सदन में भ्रष्ट मंत्री कहने पर आपत्ति जताई है एव विरोध किया है। इंदरजीत सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यों और लोकप्रियता से घबरा गए है सरयू राय ।कोरोना काल मे मंत्री बन्ना गुप्ता जी के नेतृत्व मे बेहतर कार्य हुआ जिसे डब्ल्यूएचओ ने भी सराहा है, झारखण्ड को देश मे तीसरा स्थान मिला। सरयू राय ने झारखण्ड सरकार के साथ विश्वासघात किया है वोटिंग नहीं कर के। मंत्री बन्ना गुप्ता जी एमजीएम की व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे है तो सरयू राय के पेट मे दर्द हो रहा है। इंदरजीत सिंह ने विरोध जताते हुए कहा कि सरयू राय खुद डोक्यूमेंट्स चोरी के आरोपी है ।आहार पत्रिका घोटाले मे जेल जायेंगे सरयू राय।

### 50 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना आधार संख्या लिंक कराया

रांची। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में राज्य के सभी मतदाताओं के आधार संख्या मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य 1 अगस्त से संचालित है। 31अगस्त को राज्य की 1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना आधार लिंक कराया था । मतदाताओं की बात की जाए तो झारखंड राज्य की मतदाता सूची में कुल 2,42,68,697 मतदाता निबंधित है ।आज राज्य के पचास प्रतिशत मतदाताओं नें मतदाता सूची में अपना आधार संख्या लिंक करा लिया है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हुए मतदाता सूची में अपना आधार संख्या अविलंब जुड़वाए। मतदाता सूची में जोड़ने हेतु उपलब्ध कराया जाने वाला आधार संख्या पूर्ण रूप से सुरक्षित है एवं इसे किसी भी स्थान पर प्रकट नहीं किया जाएगा। इसे आसानी से मोबाइल के द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप के द्वारा जोड़ा जा सकता है।

### भारत जोड़ो कार्यक्रम की सफल्ता के लिए प्रभारी मनोनीत

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के संयोजक सुबोध कान्त सहाय के निर्देशानुसार अगले पांच महीने तक चलने वाले भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की सफलता के लिए जितेन्द्र त्रिवेदी को रांची जिला कंट्रोल प्रभारी मनोनीत किया गया है। साथ ही यह जिम्मेदारी दी गई है विधानसभा संयोजक एवं सह संयोजक और प्रखण्ड संयोजक एवं सह संयोजक के साथ समन्वयक स्थापित कर प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष को जानकारी देगें। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक बन्धु तिर्की, सुरेश बैठा, सहीद अहमद, बेलस तिर्की, मजुबुला अंसारी, सलीम खान, जगदीश साहू, दिनेशलाल सिन्हा, कृजीवन महतो, जग्रनाथ साहु आदि ने बधाई दिये।

भारत जोड़ो यात्रा के संकल्प कार्यक्रम में शामिल हुए झारखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता

# देश को मजबूत करने को लेकर यात्रा की रहो रही शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्य, 150 दिन, 3570 किलोमीटर,एक देश,एक आवाज,एक विश्वास,एक संकल्प,एक विचार,एक तपस्या के साथ पूरा देश भारत जोड़ो यात्रा का सहभागी बन रहा है जिसकी गूंज झारखण्ड में भी आज सुनाई दे रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डा.राजेश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने डोरंडा स्थित संविधान निमार्ता बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष मिले कदम जुड़े वतन,नफरत छोड़ो भारत जोड़ो, महंगाई से नाता तोड़ो-मिलकर भारत जोड़ो, बेरोजगारी का जाल तोड़ो भारत जोड़ो,प्रेम और सद्भावना के लिए भारत जोड़ो का संकल्प लिया। भारत जोड़ो यात्रा को संकल्प के रुप में लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा 7 सितम्बर आज का दिन ऐसा है जब देश की सबसे पुरानी राजनैतिक पार्टी अब तक की सबसे लंबी यात्रा शुरू कर रही है,आज का दिन एक शांत चिंतन और नए सिरे से संकल्प का दिन है, आज से एक नए युग का सूत्रपात हो रहा है, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी और पूरा देश प्रेम और सद्भाव का पैगाम देकर देश को मजबूत करने का यात्रा की शुरूआत कर रहा है, नफरत को एकजुट होकर जवाब देने का वक्त आ गया है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समाधि स्थल श्रीपैरमबदूर पहुंचकर राहुल गांधी ने श्रद्धासुमन अर्पित किया आज भी राजीव के विचार और सीख राहुल गांधी के लिए प्रेरणा और हौसले का काम कर रही है। कांग्रेस नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा भले ही झारखण्ड से नहीं गुजर रहा है लेकिन झारखण्ड भी अपनी भागीदारी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों ही रुप में सुनिश्चित कर रहा है। नई उम्मीद, नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा नफरत मुक्त भारत, डर मुक्त भारत, खुशहाल भारत के निर्माण को लेकर आज देश आगे बढ़ रहा है ।वरीष्ठ कांग्रेस नेता डा.राजेश गुप्ता छोटू ने कहा।




पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समाधि स्थल श्रीपैरमबदूर पहुंचकर राहुल गांधी ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## ब्रह्मभोज के लिए किसी तरह का चंदा/रसीद नहीं काटेगा और ना ही सार्वजनिक स्थल पर आयोजन होगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हम सब के दिलों में महादेव के गुरू स्वरूप का अलख जगाने वाले साहब हरीन्द्रानंद जी के द्वारा शिव के चरणों में गमन के फलस्वरूप हमसबों के जो सांसारिक कर्तव्य हैं उसके निमित्त दिनांक-16/09/2022 को साहब श्री का ब्रह्म (संपीडंन) भोज होना है। हम सबों के वो आध्यात्मिक पिता भी थे इसलिए तमाम शिव शिष्यों/शिष्याओं का भी कर्तव्य बनता है कि वो यथा सामर्थ्य अपने घर या उसके आसपास के लोगों को भोजन करा सकते हैं। इसमें अनाथालय/वृद्धाश्रम/निर्धन/अस हाय लोगों के साथ भी आप भोज का आयोजन कर सकते हैं। साहब श्री की मंशा हमेशा से रही थी कि शिव के शिष्यों से किसी को परेशानी ना हो, हम सब के थे साहब, इसलिए हमारी आप सभी से प्रार्थना है की ब्रह्म भोज हमलोग अपने सामर्थ्य के अनुसार करेंगे चाहे एक ही आदमी को भोजन क्यूं ना करायें अपने पैसे से करायेंगे। साहब के ब्रह्म भोज के लिए कोई किसी तरह का चंदा/रसीद नहीं काटेगा और ना ही सार्वजनिक स्थल पर भोज का आयोजन होगा। जो भी किसी को साहब के ब्रह्म भोज के दिन भोजन कराना चाहते हैं वो करा सकते हैं उसपर कोई रोक नहीं है। आप सबों से सतत सहयोग की अपेक्षा और प्रार्थना के साथ अनुरोध है।

डायन हत्या पीड़ित परिवार व ग्रामीणों से मिला माकपा जांच दल

## मुआवजा व कड़ी कारवाई की उठायी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** माकपा, किसान सभा एवं जनवादी महिला समिति का 5 सदस्यीय जांच टीम ने बुधवार को सोनाहातु पहुंचा, जिसमें माकपा झारखंड सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष सुफल महतो, झारखंड राज्य जनवादी महिला समिति की राज्य उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य रंगोवती देवी, एडवा प्रखंड सचिव यशोदा देवी माकपा सोनाहातु लोकल कमिटी सचिव-सह-जिला कमिटि सदस्य उमेश महतो, किसान नेता बसंत सिंह मुंडा शामिल थे। राणाडीह गांव पहुंच कर डायन हत्या में मृतक रातुमनी देवी, राईलू देवी एवं एतवारी देवी के पीड़ित परिजनों एवं ग्रामीणों से मिल कर नृशंस डायन हत्या का जायजा लिया। सांप काटने से मृत राजकिशोर मुंडा के मौत का कारण उक्त महिलाओं को डायन बताकर कर पीट-पीट कर, पत्थर से कूच कर इस जघन्य हत्या का अंजाम दिया गया था। गांव का ओझा, सुकरा मुंडा ने घटना को हवा देने का काम किया। माकपा जांच टीम ने राणाडीह नृशंस डायन हत्याकांड की न्यायिक जांच कराने, मृतक के परिजनो को पर्याप्त मुआवजा एवं सुरक्षा देने, ओझा-गुणी पर प्रतिबंध लगाने तथा आदिवासी, दलित, पिछड़े गाँवों में सरकार द्वारा निरंतर डायन प्रथा, अंधविश्वास विरोधी अभियान चलाने की मांग की। साथ ही आदिवासी संगठनों, सामाजिक संगठनों से भी गांव सभाओं के जरिए डायन प्रथा एवं अंधविश्वास के खिलाफ अभियान चलाने की अपील की। माकपा, जनवादी महिला समिति व किसान सभा डायन हत्या एवं अंधविश्वास के खिलाफ हर गांवों में अभियान तेज करेगी।

### स्थानीय कस्तूरबा स्कूल में करमा पूजा महोत्सव मनाया गया

**रांची।** भादो एकादशी में प्रत्येक वर्ष बहनों द्वारा भाई की लंबी व दीघार्यु को लेकर निर्जला उपवास रखकर बहनों ने भगवान करमा और धरमा की कहानी पंडितों से सुनी। मंगलवार को प्राकृतिक पर्व करम महोत्सव कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रखा गया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा निर्जला उपवास रखकर पंडितों ने पूजा-अर्चना करायी गयी। इससे पूर्व गांव के पहान द्वारा करम डाली लाकर विद्यालय के परिसर में विधि-विधान के साथ गाड़ा गया। बहनों ने करम की डाली को पकड़ कर कहा- आपन करम, भैया कर धरम। दूसरी ओर, करम पर्व को लेकर पूरे प्रखंड के गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से कोरोना के चलते लोग करम का पर्व नहीं मना पाये थे। क्षेत्र में करम पर्व को लेकर नागपुरी गीतों के साथ मांदर की थाप में नृत्य किया गया।

पौध वितरण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया जगरूकता अभियान

## रांची के दो युवाओं को पर्यावरण संरक्षण को सफल बनाने के लिए किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को रांची नगर निगम के द्वारा रांची नगर निगम के प्रेक्षागृह में अयोजित इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई पर आयोजित सेमिनार में रांची के दो सामाजिक युवाओं - आशुतोष द्विवेदी(स्नेह फाउंडेशन) व गौरव अग्रवाल (अध्यक्ष एलुमनाई एसोसिएशन मारवाडी कॉलेज, रांची) को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।ज्ञात है कि रांची शहर में रांची नगर निगम के प्रयास से पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत उनके सहयोगी सामाजिक संस्था स्नेह फाउंडेशन व मारवाडी कोलेज एलुमुनाई ए सोसिएशन के द्वारा रांची शहर में लगातार पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत रांची के विभिन्न महाविधालय, विद्यालय, कई शिक्षण संस्थानों तथा अन्य सामाजिक संस्थानों में पौधरोपण व पौध वितरण कर सेमिनार कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर इस उत्कृष्ट कार्य के लिए रांची नगर निगम के सह नगर आयुक्त श्री ज्योति कुमार सिंह जी ने सम्मनित किया साथ ही साथ इनके सामाजिक कार्यों को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना भी की।

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुसाटोली का लिया जायजा, पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर बुधवार को स्मार्ट सिटी, रांची के मुसाटोली पहुंचे। वहां प्रशासन द्वारा ध्वस्त किये गये घर के पीड़ितों सुहानी सांगा एवं डेविड आइंद के परिजनों से मुलाकात की। मंत्री ने वहां की पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इन दोनों पीडित परिवारों का हाल-चाल जाना। ज्ञात हो कि धुर्वा, रांची में प्रस्तावित स्मार्ट सिटी के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। उन्हें जानकारी मिली थी कि दिहाड़ी मजदूरी नहीं मिलने के कारण इन दोनों परिवार के लोगों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। इसलिए इन दोनों परिवार को एक महिने का राशन एवं अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया तथा भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसके अलावे मंत्री ने वहां की वस्तुस्थिति से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार गरीब-गुरबा एवं आम जनता की सरकार है। किसी भी स्थिति में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा और मदद करना सरकार का संकल्प है।

अस्पताल में इलाज कराने आयी महिला ने डॉक्टर और नर्स पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

## अपने पति और 6 माह के बच्चे के साथ धरना पर बैठी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के सदर अस्पताल में इलाज कराने आयी एक महिला ने डॉक्टर और नर्स पर दुर्व्यवहार करने और आपत्तिजनक शब्द कह कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के इस व्यवहार से क्षुब्ध होकर महिला और उसके परिजनों ने सदर अस्पताल के गाइनेकोलॉजी विभाग में बुधवार को जमकर हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची के पिठौरिया से आयी फरहाद जबी नामक महिला स्वास्थ्य जांच के लिए सदर अस्पताल पहुंची थी। महिला का आरोप है कि वह अपनी समस्याओं से डॉक्टर को अवगत करा रही थी, इस पर ड्यूटी में तैनात डॉक्टर और नर्स झल्ला गये। डॉक्टर ने महिला से कुछ ऐसे सवाल किया, जिससे इलाज कराने आयी महिला और उसके परिजन भड़क गये। महिला के पति तैयब आलम ने कहा कि उसकी पत्नी अपनी पीड़ा बता रही थी, लेकिन इलाज के बजाय डॉक्टर और नर्स ने उनके साथ अभद्रता किया। घटना के बाद महिला और उसका पति 6 महीने की बच्ची के साथ धरने पर बैठ गयी। हालांकि बाद में वह धरना से उठ गयी, लेकिन इस बीच समाज के कुछ लोग सदर अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। एक समुदाय विशेष के खिलाफ की गयी टिप्पणी से सदर अस्पताल के मेन गेट पर लोगों की काफी भीड़ लगी रही। हंगामा कर रहे लोग चिकित्सक से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। दूसरी तरफ इलाज करने वाली डॉक्टर ने बताया कि महिला द्वारा लगाया जा रहा सभी आरोप पूरी तरह निराधार है। उन्होंने सिर्फ इतना ही महिला से कहा था कि वह इलाज कराये आयी हैं या फिर अस्पताल में झगड़ा करने पहुंची है, इसी बात को लेकर महिला और उसके परिजन घटना को दूसरा रंग देने की कोशिश में जुटे है। उन्हें भयभीत करने की कोशिश की जा रही है। इस तरह के माहौल में चिकित्सक मरीज को नहीं देख पाएंगे। इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार ने इस घटना की निंदा करते हुए आरोप लगाने वाली मरीज से लिखित में शिकायत करने के लिए कहा। उन्होंने जांच के बाद नियम संगत कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं इस हंगामे की वजह से ओपीडी सेवा को बंद कर दिया गया, जिसके कारण कई मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एजुकेशनल टूर से कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर का छात्र दल वापस लौटा

## छात्रों ने कुलपति संग अनुभवों को किया साझा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची ।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर, खुंटपानी (चाईबासा) में अध्ययनरत 49 स्नातक छात्रों के दल ने बैंगलोर स्थित उद्यान से जुड़े राष्ट्रीय संस्थानों का एजुकेशनल टूर पूरा किया। दल में कॉलेज के दुसरे सत्र 2019-20 के छठे सेमेस्टर के 37 छात्राएं एवं 12 छात्र शामिल थे। छात्रों ने यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चरल साइंसेज (यूएचएस) बगालकोट, यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (यूएएस), इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चरल रिसर्च (आईआईएचआर) एवं लालबाग बोटनिकल गार्डन में विभिन्न उद्यानिक प्रजाति के प्रायोगिक क्षेत्र, अनुसंधान केंद्रो, म्यूजियम एवं लेबोरेटरी का भ्रमण किया। बुधवार को छात्र दल ने कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह से भ्रमण के दौरान उद्यान से सबंधित अनुभवों को साझा किया। छात्रों ने बताया कि भ्रमण में अनेकों नये तकनीकी एवं उद्यान फसलों को देखने का अवसर मिला। जिन्हें किताबों में पढ़ा और टीवी में देखा करते थे, ऐसे तकनीकी एवं उद्यान फसलों की उत्पादन प्रणाली को प्रत्यक्ष जानने का अवसर मिला। आईआईएचआर में ओसमेटिक डीहाइड्रेशन तकनीकी से फलों एवं सब्जियों की गुणवत्ता एवं पोषण मूल्य बनाये रखते हुए सालोंभर उत्पादन तकनीक को देखकर सभी प्रभावित हुए। अनेकों स्थानीय, देशी एवं विदेशी फूलों की प्रजाति का ब्रीडिंग कल्चर एवं इनके जर्मप्लाज्म प्रबंधन से नयी बातें सिखने को मिली। उद्यान की आधुनिक जल निकास प्रणाली पर पहल एवं ड्रैगन फ्रूट के अनेकों प्रजाति की तकनीक जानने को मिला। यूएएस के सेंट्रलाइज्ड म्यूजियम में पौराणिक खेती, खेती का तकनीकी से आधुनिकरण एवं खेती के उपयोगी टूल्स को देखा। उद्यान विभाग के सेंट्रलाइज्ड नर्सरी में एक ही जगह सब्जी, फल, फूल, औषधिय, सगंधित एवं मसाला फसलों की नर्सरी तकनीक को सीखा। फल नर्सरी में अनेकों विदेशी फसलों की ग्राफ्टिंग तकनीक, फलों के वेजीटेटिव एवं रिप्रोडक्टिव तकनीक एवं फायदों तथा एवाकोड़ा के अनेक से अवगत हुए। बायोटेक्नोलॉजी लैब में टिश्यू कल्चर तकनीक से उद्यान फसल के उत्पादन प्रौद्योगिकी जानने को मिला।

### डोरंडा कॉलेज: स्नातक में नामांकन के लिए पहली चयन सूची जारी

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में स्नातक शैक्षणिक सत्र 2022-23 में नामांकन के लिए आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स संकाय को मिलाकर सभी 23 विषयों की पहली चयन सूची बुधवार को जारी कर दी गई। पहली सूची के आधार पर नामांकन 8 से 24 सितंबर तक लिया जाएगा। नए सत्र से रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी कॉलेजों में नई शिक्षा नीति लागू हो रही है। जिसमें अब ऑनर्स की जगह मेजर विषय चुनना है। कॉलेज में स्नातक की कुल 3000 सीटें हैं। नामांकन के लिए कॉलेज को 4217 आवेदन प्राप्त हुए। चयन सूची कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इतिहास, राजनीति विज्ञान, कॉमर्स, हिन्दी, अंग्रेजी और भूगोल ऐसे विषय हैं जिनमें नामांकन के लिए सबसे अधिक आवेदन कॉलेज को मिले हैं। बांग्ला के लिए एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

गोमिया विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर सौंपी प्रतिनिधियों की बायोग्राफिक

## भाग लेकर लौटे लंबोदर महतो ने स्पीकर को दी राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 65वें सम्मेलन में चर्चा में आई बातों तथा विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों का बायोग्राफिक सौंपा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में उन्हें विभिन्न देशों की संसदीय परंपराओं को जानने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ। विधानसभा अध्यक्ष को सौपे गये बायोग्राफी में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक में भाग लेनेवाले सभी प्रतिनिधियों के जीवन एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी दी गयी है। इस क्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने उनसे राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सात दिवसीय सम्मेलन पर चर्चा की। स्पीकर ने डॉ महतो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे उनके संसदीय जीवन में आनेवाले कई महत्वपूर्ण पड़ावों पर लाभ मिलेगा। मालूम हो कि डॉ. लंबोदर महतो ने कनाडा के हैलीफैक्स में गत 20 अगस्त से 26 अगस्त तक आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने सम्मेलन को अपने अबतक के करीब चार साल के राजनीतिक व संसदीय जीवन के लिए अति उपयोगी बताया है। गौरतलब है कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में 54 देशों के 17 हजार सदस्य हैं।

## न्यूज गैलरी

### कोम्बाकेरा में युवा संगठन ने किया फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन



**बांसजोर।** प्रखण्ड अंतर्गत कोमबाकेरा पंचायत गांव बोंगेरा में फुटबॉल टूर्नामेंट युवा संगठन कोमबाकेरा द्वारा किया गया। जिसमें फाइनल मैच मुख्य अतिथि के तौर पर परबा कॉंग्रेस पंचायत अध्यक्ष सुशील जडिया, गबिरियल समद, रहीम खान मसीह दास तोपनो उपस्थित थे । युवाओं को खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक मौका मिले। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी राज्य सरकार के साथ मिलकर प्रयासरत है। जिले के विकास में न सिर्फ हॉकी बल्कि फुटबॉल खेल भी रीढ़ की हड्डी बन सकता है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के युवक-युवतियों के हुनर को भी तराशने विधायक विक्सल कोंगाडी और राज्य सरकार कर रही है आप सबको बता दें कि सिमडेगा के कई खिलाडियों ने अपने हुनर का लोहा मनवाते हुए देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। यहां के कई खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में देश के लिए कप्तानी भी की है हम सभी को गर्व है कि राज्य में बनी महागठबंधन की सरकार विभिन्न खेलों में हुनरमंद बच्चों को तलाशने का काम किया। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत के मुखिया प्रशांत लुगुन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### एएनएम स्टेट टॉपर ग्लेडी समद को किया गया सम्मानित



**बानो।** मदर टेरेसा ए.एन.एम ट्रेंनिंग स्कूल बानो में सत्र 2019-21 की छात्रा ग्लेडी समद को स्टेट टॉपर होने पर चिकित्सा पदाधिकारी कमलेश उरांव, संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा तथा संस्थान की प्राचार्य संगीता कुमारी के द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र के देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने स्टेट टॉपर छात्रा की सराहना करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही और छात्राओं को इनसे सीख लेने की बात कही। मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने संबोधन में छात्राओं को मेहनत कर आगे बढ़ने को कहा साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं को ग्लेडी समद से सीख लेने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि ग्लेडी समद ने सिमडेगा जिले का नाम एक बार पुनः झारखंड राज्य में नर्सिंग के क्षेत्र में परचम लहराते हुए ऊंचा उठाया है। संस्थान की प्राचार्य संगीता कुमारी ने भी स्टेट टॉपर छात्र ग्लेडी समद को मंगलमयी शुभकामनाएं दी। मौके पर कोर्डिनेटर रविकांत मिश्रा, प्रभा सुरीन कुमुदिनी कुमारी नूतन लीलावती साहू मटिल तिर्की, एवं अन्य उपस्थित थे।

### सार्वजनिक मनसा पूजा में बतौर मुख्य अतिथि जानकी यादव हुए शामिल



**बरकट्ठा।** प्रखण्ड के गंगपाचो अंतर्गत पैसरा ग्राम में सार्वजनिक मनसा पूजा के कलशयात्रा में बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित हुए। जिसमें पैसरा शिव मंदिर से बरसोती नदी तक 251 कन्याओं ने कलश यात्रा निकाला।इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष हजारीबाग किशुन यादव, उपप्रमुख सुरजी देवी, 20सूत्री अध्यक्ष बरकट्ठा प्रदीप मंडल, मुखिया गंगपाचो चिंता देवी, उप मुखिया प्रतिनिधि पंकज कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो, पंसंस प्रतिनिधि बचनदेव दास, वार्ड सदस्य सूरज कुमार, सुरेश प्रसाद, लालू रजक, पन्नू चौधरी, लेखराज प्रसाद समेत सैकड़ो की संख्या में कलशयात्री शामिल हुए।

### एसडीपीओ को चहल्लुम मेला समिति ने किया आमंत्रित

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को टंडवा थाना क्षेत्र के चहल्लुम मेला सत्यभवना लाठी खेल प्रतियोगिता कमिटी कामता के सदस्यों ने एसडीपीओ शम्भू कुमार सिंह से मुलाकात कर मेला सह खेल प्रतियोगिता में आने के लिए आमंत्रित। चाहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष सहबाज अंसारी, सचिव रौशन अंसारी, उप सचिव गुलाम सरवार, सदस्य मोबिन अंसारी व इम्तियाज अंसारी ने मुलाकात ने श्री सिंह से मुलाकाल कर 20 सितम्बर को कामता में आयोजित मेला व प्रतियोगिता में आने का आग्रह किया।

### वज्रपात के चपेट में आने से दो मवेशियों की हुई मौत

**कुंदा (चतरा)।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुम्भा गांव में बुधवार को बारिश के साथ हुए बज्रपात के चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। इस घटना में कुसुम्भ निवासी सम्भु यादव के एक बैल व बिनोद यादव के एक बैल की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों किसान अत्यंत गरीब हैं और अचानक मवेशी की मौत हो जाने से समस्या उत्पन हो गई है। बैल के असमय मौत से खेती बारी में परेशानी उठानी पड़ेगी। दोनों गरीब किसानों ने अंचल प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

### देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर जिले के सारठ थाना क्षेत्र में देशी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए युवक की पहचान शिबू राउत के तौर पर हुई है। सारठ एसडीपीओ धीरेंद्र बंका ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सारठ थाना क्षेत्र के पथरड्डा ओपी क्षेत्र के ओझाडीह गांव के रहने वाले शिबू राउत को अवैध आर्म्स के साथ पकड़ा गया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है।

---

यक्ष्मा, आईसीटीसी, एआरटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक में बोले पदाधिकारी

# यक्ष्मा के मरीजों का शत-प्रतिशत जांच करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बुधवार को डॉ. रमन कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, कोडरमा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सभागार, कोडरमा में यक्ष्मा, आईसीटीसी, एआरटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत किया गया। उक्त बैठक में उपाधीक्षक सदर अस्पताल कोडरमा डा. मनोज कुमार, जिले के यक्ष्मा कर्मी एस.टी.एल.एस प्रकाश कुमार रवि, डीएनओ दिपेश कुमार एवं आईसीटीसी कॉउन्सलर सुमीता कुमारी के साथ-साथ प्रखण्ड स्तर से यक्ष्मा, आईसीटीसी, एआरटी से संबंधित कार्य कर रहे कर्मियों ने भाग लिया। डॉ रमन कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने क्षेत्र में यक्ष्मा से किए जा रहे कार्यो की विस्तृत जानकारी ली। उनके द्वारा प्रयोगशाला प्रावैद्यिक को निर्देशित किया गया कि यक्ष्मा से संबंधित लक्षण



वाले मरीजों का शत-प्रतिशत बलगम जांच के साथ-साथ ब्लड शुगर जॉच, एचआईवी जॉच एवं तम्बाकू की स्क्रीनिंग किया जाए। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के पी.आर.आई सदस्यों से संपर्क कर यक्ष्मा बिमारी से संबंधित जानकारी दी जाए। डा. मनोज कुमार उपाधीक्षक सदर अस्पताल ने बताया कि सदर अस्पताल कोडरमा में आये मरीजों में अगर यक्ष्मा के लक्षण “दो हफ्तो से अधिक की खॉसी”, “वजन कम होना”, “धीमा बुखार”, “बलगम में खुन आना” से संबंधित समस्या आने पर चिकित्सको द्वारा उनको बलगम जॉच हेतु भेजा जा रहा है। उक्त मासिक बैठक में संजय वर्मा, इन्द्रदेव यादव, संजीव राजहंस, मिथलेश प्रसाद, मो. जफीम, श्रीकान्त निराला, पॉल एक्का, शैलेन्द्र कुमार, मिथिलेश कुमार, सतीश कुमार, संजय कुमार, प्रतिभा नारायण, वन्दना सिंह, अन्जिला, बबीता कुमारी, कृष्णकान्त मणि, स्नेहलता कुमारी, सुशील कुमार आदि ने भाग लिया।

### सफल टेट सहायक अध्यापक संघ का गठन

**सतगावां।** प्रखण्ड के बरियारडीह स्थित हटिया मैदान में बुधवार को सफल टेट सहायक अध्यापक संघ का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता कोर कमिटी सदस्य विपिन कुमार यादव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संजय मनोज यादव को प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया जबकि मनोज यादव को सचिव का पदभार दिया गया। रितेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया जबकि संयोजक संजय कुमार शशि का चयन किया गया। वहीं संघ संचालक के रूप में गौतम पासवान का चयन किया गया। बैठक में विपिन कुमार ने कहा की टेट सफल सहायक अध्यापक सारी अहताएँ रखतें है बाबजूद सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है। सहायक अध्यापक कम मानदेय पर कार्य करते हैं और ऐसी स्थिति में तीन महीनों से मानदेय नही मिलने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर नीतीश कुमार, रामचन्द्र सिंह, संतोष कुमार, मिथलेश कुमार, धनेश्वर यादव आदि मौजूद थे।

# गरीबों के कच्चे घर हो रहे ध्वस्त पीएम आवास की राह देख रहे परिजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मरकच्चो।** लगातार बारिश से अब गरीबों के कच्चे घर ध्वस्त होने लगे हैं। बारिश व तेज हवा ने ग्राम पंचायत कादोडीह में एक गरीब के मिट्टी से बने घर ढह गया। हालाकि दीवाल के बाहर की ओर गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ परन्तु घर के अंदर रखे राशन व अन्य साम्रगी पानी में भीगकर खराब हो गए। अब परिवार के पास रहने को ठिकाना नहीं है। कई वर्षो से समरी देवी कच्चे मकान में रह रहे थे। तेज हुई बारिश में कच्चा मकान का मिट्टी अचानक गिरने लगा और मकान के अंदर पानी भर गया। परिवार में स्वयं एवं वृद्ध पति होने की वजह से कमाई का कोई जरिया नहीं हैं। किसी तरह से मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है। परिवार की माली हालत भी ठीक नहीं है। आज भी परिवार गरीबी हालत में जीवन जीने को मजबूर हैं। ऐसे में घर का निर्माण करा पाना मुश्किल है।



पंचायत के मुखिया, सरपंच, सचिवों से सहायता की गुहार लगाई है। जिससे कुछ हद परेशानियों से निजात मिल सके।

**पीएम आवास की राह देख रहा परिवार:** एक तरफ तो सरकार पीएम आवास को लेकर लाखों करोड़ों का बजट खर्च कर रही है। लेकिन ग्रामीण अंचलों के वास्तवीक हकदारों को आज तक आवास नहीं मिले हैं। गांव-गांव में ऐसे सैकडों परिवार हैं जो झोपडी में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे में सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

# बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो शाखा में धूमधाम से मना 117वां स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मरकच्चो।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के ब्लॉक चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया मरकच्चो शाखा में 117वां स्थापना दिवस बुधवार को मनाया गया।इस मौके पर बैंक परिसर में शाखा प्रबंधक संतोष कुमार आनंद एवं उपस्थित बैंक पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा केक काटा गया। मौके पर बैंक आने वाले ग्राहकों के बीच मिठाईयां, केक व टॉफी का वितरण किया गया। इस मौके पर बैंक परिसर में हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन भी किया गया था। लोगों का हेल्थ चेक अप आरोग्य के डॉ श्रेयस श्रुति व केयर हेल्प के आलोक सिंह के द्वारा किया गया। शाखा प्रबंधक संतोष कुमार आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस पर बैंक ने 141 सुकन्या खाता, 125 जनधन खाता, 117 सामान्य बचत खाता खोला। वही लोन के लिए पर्सनल लोन 15 लाख स्वयं सहायता



समूह को 40 लाख गोल्ड लोन ढाई लाख मुद्रा लोन 2 लाख, के सी सी लोन 2 लाख किया गया। वही उन्होंने बैंक ग्राहकों को जानकारी देते हुए बताया कि 20 22 रुपए प्रतिदिन की दर से पति पत्नी और दो बच्चे का 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कराया जा सकता है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्जक, रविशंकर तिवारी मंटू, मुखिया सुनील कुमार, क्रेडिट ऑफीसर विक्रांत कुमार, उप शाखा प्रबंधक मिथिलेश कुमार आदि मौजूद थे।

कोलेबिरा थाना में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

# मनुष्य के जीवन के दो सेवा कार्यकाल होती है: भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना के चौकीदार सुदर्शन मुंडा सेवानिवृत्त होने के बाद थाना परिसर में सेवानिवृत्त के विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का अयोजन कोलेबिरा के थाना परिषर में किया गया जहां थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने किया इस विदाई समारोह में प्रखंड के अंचलाधिकारी हरीश कुमार उपस्थित रहे साथ ही साथ थाना के सभी चौकीदार और जवान इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाएं। सर्वप्रथम थाना प्रभारी रामेश्वर भगत ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के जीवन के दो सेवा कार्यकाल होती है एक सरकारी और दूसरा आदमी पारिवारिक सेवा। आज हमारे बीच के एक ग्राम सहायक पुलिस हम



लोगों के बीच से सेवानिवृत्त हुए और अपने शेष बचे जीवन की बहुत शुभकामना दिया। सेवानिवृत्त चौकीदार सुदर्शन मुंडा को रंजीत कुमार महतो, बिनोद कुमार उर्फ डबलू रथिंद्र कुमार गुप्ता और चौकीदार मार्शल केरकेट्टा ने बुके देकर पूरे सम्मान के साथ सेवानिवृत्त होने के बाद के शेष बचे जीवन की मंगल कामना करते हुए विदाई दिया। साथ ही थाने के एसआई नसीम अख्तर ने छाता देकर सम्मानित किया। वस्त्र देकर संतोष ठाकुर ने देकर सम्मानित किया अपने संबोधन में कोलेबिरा के अंचल अधिकारी हरीश कुमार ने कहा कि अपने विभाग से सेवानिवृत्त होकर कोई भी एक सदस्य जाता है तो जाने का दुख सभी को होता है परंतु साथ ही साथ इस बात की खुशी भी होती है वह अपने पूरे कार्यकाल को अच्छी तरह बिताया और अपने शेष जीवन को अपने परिवार के साथ बिताएगा। इस सोच के लिए मैं कोलेबिरा के थाना प्रभारी रामेश्वर भगत जी का सराहना करना चाहूंगा कि उन्होंने अपने विचार को इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदर्शित किया और अपने आप को एक अभिभावक के रूप में जो कर्तव्य था। उसका निर्वाहन इस रूप में किया हर संस्था के अधिकारी को इस प्रकार की सोच बनानी चाहिए कि कोई भी छोटा या बड़ा कर्मचारी हो उसका सम्मान हम इसी प्रकार से करें । साथ ही सेवा निवृत ग्राम सहायक पुलिस के हाथों प्रांगण में एक नए किचन शेड का फीता काट कर उद्घाटन कराया गया।

# जाम मुक्त सिमडेगा बनाने के लिए नगर परिषद ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में लगातार इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आ रहे हैं। लगातार शहर में बढ़ती भीड़ और ट्रैफिक व्यवस्था सड़क किनारे अनावश्यक रूप से लगाए गए दुकानदारों की वजह से हो रही है जिसे ध्यान में रखते हुए बुधवार को नगर परिषद की ओर से जाम मुक्त सिमडेगा बनाने के लिए बलपूर्वक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सिमडेगा के झूलन सिंह चौक से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की जो सड़क किनारे लगाए गए दुकानों के सामानों को जप्त करते हुए जुमार्ना लगाने के साथ-साथ आगे बढ़ते हुए सिमडेगा सदर अस्पताल सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में सभी जगहों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस मौके पर नगर परिषद



सिमडेगा के सिटी मैनेजर प्रफुल्ल बोदरा उपस्थित रहे जहां पर उन्होंने बताया कि शहर में कई जगहों पर नो पार्किंग बोर्ड लगा दी गई है ताकि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनी रहे और बार-बार सड़क दुर्घटना घट रही है जिसे देखते हुए सड़क सुरक्षा के मद्देनजर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है ताकि सड़क किनारे कोई भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण ना कर सके।उन्होंने कहा सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं होगी तो सड़क पर आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार का दिक्कत नहीं होगी और इससे दुर्घटना की संभावनाएं खत्म हो जाएंगे। मौके पर थाना के पुलिस जवान एवं नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे इस दौरान 4000 जुमार्ना वसूला गया था।

# बाल शोषण व भ्रूण हत्या को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड स्थित पुरनाडीह पंचायत भवन में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल शोषण, भ्रूण हत्या एवं लिंग परीक्षण की रोकथाम हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई कोडरमा द्वारा जे.एस.एल.पी.एस की सक्रिय महिला सदस्यों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बच्चों के संरक्षण अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल शोषण, बाल उत्पीड़न, लिंग जांच एवं बाल व्यापार के दुष्प्रभाव तथा स्पॉन्सरशिप योजना के संबंध में बताया गया। उन्होंने सभी सक्रिय महिला सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि गांव स्तर पर बाल शोषण, श्रम की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें।

### 9 सितंबर को गुआ शहीदों को दी जायेगी श्रद्धांजलि, तैयारियां पूरी

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार जगन्नाथपुर अनुमंडल पदाधिकारी शंकर एक्का एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-किरीबुरु अजीत कुमार कुजूर के द्वारा संयुक्त रूप से गुआ शहीद स्मारक स्थल का जायजा लिया गया। ज्ञात रहे कि प्रत्येक वर्ष 8 सितंबर को गुआ शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि गुआ शहीद दिवस के अवसर पर स्मारक स्थल आने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, इसको लेकर स्मारक स्थल का जायजा लेते हुए बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण के निमित्त पदाधिकारियों को दिशा निर्देशित किया गया है।

धूमधाम से मना बैंक ऑफ इंडिया का 117 वां स्थापना दिवस

# ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आसान ब्याज दर पर गोल्डन लोन की सुविधा बहाल हो रही: शाखा प्रबंधक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के सभी बैंक ऑफ इंडिया के शाखाओं में बीओआई का 117 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सभी बीओआई शाखाओं को बैलून और फूलों से सजाया गया था। जो भी उपभोक्ता शाखा में प्रवेश कर रहे थे उन्हें मीठा खिला कर स्थापना दिवस की बधाई देते हुए उनका स्वागत किया गया। इधर लोहरदगा मुख्य शाखा मे स्थापना दिवस के मौके पर ग्राहकों के बीच विविध ऋण का वितरण किया गया। जिसमे मुख्यतः मुद्रा ऋण, कृषि ऋण, खुदरा ऋण, एम एस एम ई ऋण का निष्पादन हुआ एवम सुकन्या समृधि, अटल पेंशन योजना, सुरक्षा



बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, जन-धन योजना मे खाते खोले गए। मौके पर मुख्य शाखा प्रबंधक मनीष मोहित ने कहा कि बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना उनका पहला उद्देश्य है और ग्राहकों को इसकी सुविधा मिले यही मेरी सोच रहती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आसान व्याज दर पर गोल्डन लोन की सुविधा बहाल हो रही है। समाज के हर तबके के लोगों तक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैंक ऑफ इंडिया प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं द्वारा स्थापित स्वयं सहायता समूह हो या शहरी स्तर पर काम करने वाले लघु एवं सूक्ष्म निकाय बैंक ऑफ इंडिया पूरी निष्ठा के साथ आर्थिक सहायता प्रदान करती है। हम नए भारत के निर्माण के लिए कार्य करते हैं। शाखा प्रबंधक ने अतिथियों से बैंक से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर बैंक के नियमित ग्राहक राम कुमार महतो, निलेश कुमार गुप्ता, जय प्रकाश शर्मा व अन्य भी उपस्थित थे। मौके पर वरीय शाखा प्रबंधक मनीष मोहित, अग्रणी जिला प्रबंधक रविंद्र प्रसाद, एस के वी के इंचार्ज रविंद्र कुमार, शशि शंकर, रवि रंजन, रश्मि डुंगडुंग, एस सुमित्रा एवम अन्य स्टाफ मौजूद थे ।

# लचर विद्युत व्यवस्था से टंडवा प्रखंड की जनता परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र में बाधित बिजली की व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में खाशा आक्रोश देखा जा रहा है। जबकी भाजपा के सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास का गृह प्रखंड भी है टंडवा। पठन-पाठन, पेयजलापूर्ति के साथ मोबाइल चार्ज तक करने में भारी परेशानियों का सामना क्षेत्र के लोगों को करना पड़ रहा है। लोग विद्युत कर्मियों के साथ जनप्रतिनिधियों पर भी अपना जमकर भड़ास निकाल रहे हैं। लोगों की मानें तो बिजली विभाग बाजबरन बिल वसूलने और कार्रवाई करने पर जितना जोर लगाती है उतना अगर बिजली वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगाती तो फजीहत किसी को नहीं झेलनी पड़ती। वहीं बड़बोले नेताओं की चुप्पी के कारण लोगों का आक्रोश अब सातवें आसमान पर देखा जा रहा है। दूसरी ओर विभाग के उदासीन रवैया से किसुनपुर में 11 हजार का ब्रांच लाइन तार कई दिनों से काफी निचे झूल रहा है। जिसकी मरम्मती नहीं होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

## न्यूज गैलरी

### झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर, सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़।** झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने संघ के महासचिव रमेश कुमार महतो के नेतृत्व में राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से मुलाकात किया और उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो उपस्थित हुए। संजय महतो ने कहा कि प्लस टू स्कूलों में पद सृजन के लिए बहुत जल्द विभाग बैठक करने की तैयारी कर रही है। जिसमें से प्लस टू स्कूलों में राजनीतिक शास्त्र, मानव शास्त्र, दर्शन शास्त्र, आईटी, कंप्यूटर, समाजशास्त्र, उर्दू, जनजातीय व क्षेत्रीय भाषा विषय के पद सृजित करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है कि पद सृजन में शारीरिक शिक्षा विषय को शामिल नही किया जा रहा है। श्री महतो ने कहा कि शारीरिक शिक्षा से मानव शरीर का सर्वांगीण विकास एवं शारीरिक व मानसिक विकास होता है। वहीं, संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड में किसी भी स्तर के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय को राज्य सरकार ऐड नही कर रही है। बीते दिनों में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, प्लस टू, मिडिल स्कूल किसी स्तर के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय का वेकैंसी नही आ रहा है। कहा कि बिहार सरकार में 1988 के बाद झारखंड सरकार सिर्फ 2016 में हाई स्कूल में वेकैंसी आया। बहुत से बीपीएड धारी लोगों की उम्र सीमा समाप्त हो रही है। रमेश कुमार महतो ने बताया कि मुलाकात के क्रम में राज्य के शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया है कि पद सृजित करने के दौरान शारीरिक शिक्षा विषय का भी पद सृजित किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से शरत चंद्र महतो,रिंकी कुमारी,लीलावती महतो, सुरेश कुमार, लालू प्रसाद, विनती बडिंग, जुली केरकेट्टा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अज्ञात चोरों ने की दो दुकानों में सेंधमारी, 30 हजार से ज्यादा की चोरी

**कोडरमा।** थाना अंतर्गत जलवाबाद में बीती रात दो दुकानों से लगभग तीस हजार के सामानों की चोरी कर ली गई है। जिसमें एक मोबाइल दुकान और एक अभ्रक दुकान से चोरी की गई है। मोबाइल दुकान के संचालक मोहम्मद शहजाद उर्फ मोती ने बताया कि हर दिन की तरह मंगलवार की देर रात दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। जब सुबह वे दुकान खोलने के लिए आए तो देखा है कि ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। नगद और सामान लेकर लगभग 20 हजार की चोरी कर ली गई है। वहीं इस अभ्रक करोबारी हाफीजी से पूछे जाने पर उसने बताया कि रात में अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। सुबह आकर खुला देखा कि ताला टूटा हुआ है और 10 हजार से अधिक के सामान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि संभवतः चोरों ने एक रॉड के सहारे घटना को अंजाम दिया और घटना के बाद रॉड यहीं छोड़कर भाग गए।

### विधायक ने कैंसर पीड़ित के परिजन को दिया एक-एक लाख का चेक

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद सह सदस्य सरकारी आश्वासन समिति एवं निवेदन समिति ने बुधवार को एक-एक लाख का चेक कैंसर पीड़ित के परिजनों को सौंपा। बड़कागांव प्रखंड के महूदी अंसारी मोहल्ला निवासी कैंसर पीड़ित मोहम्मद इशरत हुसैन एवं पदमा निवासी मुकेश कुमार के पुत्रों के इलाज के लिए दी गई है। चेक दोनों पीड़ितों के परिजनों को हजारीबाग स्थित आवास में सौंपा गया। वहीं विधायक ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। ज्ञात हो कि उनका इलाज सीएमसी वेल्लोर में कराया जाना है। उक्त दोनों कैंसर पीड़ित के परिजन आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उनके परिजनों ने विगत दिनों बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर समुचित इलाज में सहयोग की मांग की थी। परिजनों ने उन्हें बताया कि सीएमसी वेल्लोर ने इलाज में काफी रुपए खर्च होने की संभावना है जिसकी व्यवस्था करने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। समय रहते इलाज कराना अतिआवश्यक हो गया है। इसी आलोक में अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से सहयोग करने का आग्रह किया था।

### गैस भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा, चालक और उप चालक घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी में गैस भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक, उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चालक की पहचान उदय कुमार भारती (उम्र 40, पिता भारत भारती ग्राम बलिया), खेहरु साह (उम्र 30, पिता भोला राम साह ग्राम बंगाल) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हल्दिया से गैस भर के नेपाल की तरफ जाने के दौरान कोडरमा थाना क्षेत्र के घाटी में अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक व उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में ग्रामीण की मदद से 108 का सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### उपायुक्त ने किया पुराना बस स्टैंड के समीप सब्जी मंडी परिसर का मुआयना, कहा

# व्यवस्थित बाजार के रूप में परिणत करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय ने बुधवार को शहर की विधि व्यवस्था एवं विभिन्न स्थानों का निरीक्षण को लेकर शहर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होनें पुराना बस स्टैंड के समीप लगने वाले दैनिक सब्जी मंडी व आसपास रोड के किनारे भीड़ भाड़ की स्थिति उत्पन्न होने के कारण उपायुक्त ने सड़कों पर अतिक्रमण कर सब्जी व फल बेचने वाले दुकानों को एक स्थान पर बैठने की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। सब्जी मार्केट पहुंचने के बाद उपायुक्त ने वहां की स्थिति को देखा। उन्होनें सब्जी मंडी का मुआयना कर संपूर्ण मंडी परिसर में पेवर्स ब्लॉक बिछाने सहित चहारदीवारी का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मंडी परिसर के अंदर अवस्थित जर्जर हो चुके ऑफिसर क्लब को हटाकर उस जगह कोल्ड स्टोरेज का निर्माण जिला परिषद् के द्वारा कराने का निर्देश मौके पर मौजूद उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित को दिया। उन्होनें सब्जी मंडी को विकसित करने और पूरे मंडी का समतलीकरण कर सब्जी लगाने के लिए शेड का निर्माण,हाई मास्क लाइट, सुरक्षा के दृष्टिकोण गेट लगाने सहित साफ सफाई की ठोस व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

उन्होनें कहा की स्थानीय दुकानदारों को एक व्यवस्थित जगह मिल जाने से सड़को पर जाम की स्थिति नही बनेगी। मौके पर स्थानीय दुकानदारों से उपायुक्त ने बातचीत कर मंडी के सौंदर्यकरण की बात बताई और कहा की सड़क के किनारे सब्जी,फल, रेडी लगाने से यातायात तो प्रभावित होती ही है साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है इसलिए मंडी का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा की स्थानीय सब्जी के दुकानदारों की सुविधा के लिए परिसर में ही एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया जाएगा। बरसात के दिनों में पानी से होने वाले कचड़े से बचाव के लिए दुकानों के लिए शेड का निर्माण व जमीन का समतलीकरण कर पेवर्श ब्लॉक बिछाए जायेंगे। साथ ही रात में समुचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए हाई मास्क लाइट लगाए जायेंगे। स्थानीय दुकानदारों ने उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को अपने समक्ष पाकर उत्साहित नजर आए साथ ही सब्जी मंडी के कायाकल्प के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उपरोक्त सभी कार्य जिला परिषद के द्वारा किए जाएंगे। मौके पर उपायुक्त, उपविकास, सदर सीओ, जिला परिषद के अभियंता व अन्य मौजूद थे।

### पामा फार्मास्यूटिकल्स, देवीमंडप, रातु रोड, रांची, हजारीबाग में ब्लैकलिस्टेड

**जिला** खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) से जिला के स्वास्थ्य विभागों में आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतू निर्गत आदेश में निहित शर्तों के अनुरूप समय पर सामग्रियों की आपूर्ति नहीं करने के कारण पामा फार्मास्यूटिकल रांची को जिला में अगले आदेश तक सभी निविदाओं में भाग लेने पर प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में नैन्सी सहाय उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट, हजारीबाग ने आदेश जारी किया है।

## मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय के बीच की जमीन को किया अतिक्रमण मुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**


**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा के मार्गदर्शन पर अंचलाधिकारी चंदवारा राम रतन कुमार वर्णवाल के नेतृत्व में चंदवारा अंचल के उरवां मौजा स्थित जामुखांडी प्राथमिक विद्यालय एवं आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के बीच स्थित जमीन अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने चंदवारा थाना पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त किया। इस दौरान अंचलाधिकारी को जामुखांडी के ग्रामीणों का विरोध का भी सामना करना पड़ा। लेकिन पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण को मुक्त करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के जमीन पर किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया जाएगा तो उसे हटाने की कार्रवाई शीघ्र की जायेगी। अतिक्रमण मुक्त कराये गये जमीन पर खेल मैदान व किचन गार्डन का निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही उपायुक्त कोडरमा के निर्देश पर सरकारी गैर मजरुआ जमीन पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगा।

## शिक्षक को जिला में मिला सम्मान, प्रखंड के लिए गौरव : बीडीओ वेदवंती कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कटकमसांडी।** शिक्षक को जिला स्तर पर सम्मान मिलना प्रखंड के लिए गौरव की बात है। क्योंकि यह सम्मान शिक्षकों को अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील बनाता है। यह बात कटकमसांडी बीआरसी कार्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह में बतौर अतिथि बीडीओ वेदवंती कुमारी ने कही कि सदर अनुमंडल स्तर पर कटकमसांडी प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक विजय मसीह को उत्कृष्ट शिक्षक के रूप मे चयन होना स्कूल ही नहीं बल्कि प्रखंड के लिए खुशी की बात है। सीओ अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षक विजय मसीह से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2023 में अनुमंडल ही नहीं बल्कि जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान लेने के लिए शिक्षक अभी से ही जुट जाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते बीईईओ नागदेव गोप ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षक को बधाई दी। बताया जाता है कि प्लस टू उच्च विद्यालय कटकमसांडी के शिक्षक विजय मसीह को पांच सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिक्षक के सम्मान को लेकर बुधवार को कटकमसांडी प्लस टू उच्च विधालय के प्रधानाध्यापिका शिखा खाखा के निर्देश पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षक इमरान अयूब हुसैनी ने विषय प्रवेश कराते हुए विजय मसीह की शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सर्वांगीण विकास की जानकारी दी। प्रधानाध्यापिका डॉ शिखा खाखा ने विजय मसीह को बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा कि यह सम्मान सिर्फ शिक्षक को ही नहीं बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का है। उन्होंने कहा कि हम सभी शिक्षकों का प्रयास रहेगा कि आने वाले दिनों में विद्यालय के शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ बनाया जाएगा। इस मौके पर प्लस टू के शिक्षक अजय कुमार बैठा, महेंद्र प्रसाद और उत्तम सिंह ने मोमेंटो देकर और माला पहनाकर शिक्षक का स्वागत किया। सम्मानित शिक्षक विजय मसीह ने कहा कि विद्यालय के प्राचार्या डॉ शिखा खाखा और समस्त शिक्षकों के सहयोग से ही यह सम्मान मुझे मिला है तथा भविष्य में और भी उत्कृष्ट कार्य करने की प्रतिज्ञा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विकास कुमार सिंह,अशोक कुमार, सनोज कुमार, सरोज मालाकार, जाहिदा बानो, सादा सदफ, भारती नायक, श्वेता बाला, सुजाता तिग्गा, प्रमिला, लिपिक अरविंद कुमार, कंचन कुमार ,अनिरुद्ध प्रसाद ओझा, छात्र राहुल कुमार, विवेक सिंह आदि मौजूद थे।

## अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिग सहित चार गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मरकच्चो।** नवलशाही पुलिस ने अवैध हथियार व एक जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसे लेकर नवलशाही पुलिस एसआई रंजीत कुमार की ओर से थाने में मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें सूरज कुमार उम्र 21 वर्ष पिता सुरेश प्रसाद ग्राम पूरनाडीह, सहित दो अन्य नाबालिग के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि थाना क्षेत्र के पुरनाडीह स्थित पंचायत भवन में हुई चोरी मामले में पुलिस छापेमारी कर रही थी। थाना कांड संख्या 87/22 दर्ज किया गया था। उसी की जांच में छापेमारी के दौरान सूचना मिली थी कि एक अभियुक्त विवेक कुमार पिता पप्पु मेहता फुलवरिया पुरनाडीह क्षेत्र में घुम रहा है। सूचना पाकर उसके घर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुरनाडीह पंचायत भवन मे चोरी किए गए सामानों के सबंध मे पूछताछ की। उसके मोबाइल को चेक करने पर हाथ में कट्टा लिए फोटो को देख पूछताछ की। पूछ ताछ के क्रम में बताया कि पूरनाडीह के सूरज कुमार ने हथियार रखने के लिए दिया था। जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार करते हुए सूरज कुमार के घर पहुंच कर उसे भी गिरफ्तार किया। सूरज ने बताया कि उसने एक अन्य आरोपी ज्योतिष राणा पिता विश्वनाथ राणा ग्राम पूरनाडीह के साथ उक्त हथियार को पचगावां स्थित क्रेसर जाने वाली सड़क किनारे खजूर पेड़ के निचे रखा है। पुलिस ने आरोपी विवेक कुमार पिता पप्पू मेहता एवं रोहित साव पिता जागेश्वर साव दोनो ग्राम फुलवरिया को पकड़ते हुए मौके पर पहुंचकर हथियार व कारतूस को बरामद कर लिया है। छापेमारी में एसआई अशोक कुमार एवं एस आई रंजीत कुमार के अलावे पुलिस बल मौजूद थे।

## मांदर, ढोल, ढाक, नगाड़ा की थाप गूंजता रहा केरेडारी क्षेत्र, धूमधाम से मना करमा पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम से करमा का त्योहार मनाया गया। प्रखंड में लगभग 500 अखाड़ों में करम की डाली को गाड़ कर कुंवारी कन्याओं ने नया पाहन के द्वारा पूछा गया कि केकर करम अपन करम, भैया धर्म के साथ करमा डाली को पूजा अर्चना की। वही भाई को सुख संवृद्धि और लंबी आयु की कामना की। अखाड़ों को अच्छे तरह से सजाया गया था। वही ढोल, नगाड़े, मांदर थाप के साथ अखाड़ों में अपने अपने जोड़ी के साथ टोली बनाकर लोग झूमते रहे। वहीं कई अखाड़ों में डीजे की धुन पर भी युवक-युवतियां, महिलाएं-पुरुष थिरकते नजर आए। करमा पर्व की शुरूआत 31 अगस्त शुरू की गई थी। मंगलवार को सुबह खेतों में करम की डाली को गाड़कर प्रकृति से अच्छी बारिश एवं पैदावार की विनती की गई। बहनों ने दिन भर उपवास कर अखुरी, बटुरी, खिरा खोझा में याहे खेल खेलबै नाएहर में नाचते गाते प्रखंड के केरेडारी, गर्रीरिकला, बेलतु, बुंडू, मनातू, कोले, पताल, जमीरा, बेला, कराली, सलगा, पगार, जोरदग, सायल, चट्टी बरियातू, जोको, पचड़ा, खपिया, हेन्देगीर, कोजिया आदि गावों के विभिन्न जलाशयों में करम के डाली को बुधवार को दोपहर में विसर्जन किया गया। वहीं प्रखंड प्रशासन प्रत्येक गांव में भ्रमण कर रहा था। खबर लिखे जाने तक कोई अप्रिये घटना की सूचना नहीं है।

## 8वें दिन उत्तम त्याग धर्म की विधि पूर्वक की गयी पूजा, उत्तम आकिंचन धर्म की पूजा आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के मेन रोड स्तिथ श्री दिगंबर जैन मंदिर एवम रांची रोड स्तिथ श्री पार्श्वनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के आठवें उत्तम त्याग धर्म की पूजा विधि पूर्वक संपन्न हुई। मौके पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में जलाभिषेक का सौभाग्य राकेश पांडया, अशोक काला, अमित काला, अरूणा जैन एवं डॉ शरद जैन को प्राप्त हुआ। वहीं, रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जलाभिषेक का सौभाग्य योगेश सेठी को प्राप्त हुआ। श्री दिगंबर जैन मंदिर में शांतिधारा का सौभाग्य जीवन मल पाटनी, जम्बू पाटनी, अमित पाटनी, सुशील गंगवाल, संगीता गंगवाल को मिला। जबकि रांची रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में महिपाल एवं अशोक कुमार सेठी को शांतिधारा का सौभाग्य मिला। उत्तम त्याग धर्म मौके पर आचार्य ने श्रद्धालुओं को बताया कि आत्मशुद्धि के उद्देश्य से विकार भाव छोड़ना तथा स्व-पर उपकार की दृष्टि से धन आदि का दान करना त्याग धर्म है। कहा कि भोग में लाई गई वस्तु को छोड़ देना भी त्याग धर्म है। आध्यात्मिक दृष्टि से राग द्वेष, क्रोध, मान आदि विकार भावों का आत्मा से छूट जाना ही त्याग है। उससे नीची श्रेणी का त्याग धन आदि से ममत्व छोड़कर अन्य जीवों की सहायता के लिये दान करना है। बताया कि दान के मूल 4 भेद हैं 1 पात्रदान, 2 दयादान, 3 अन्वयदान, 5 समदान। पात्रदानःमुनि, आर्यिका, ऐलक, क्षुल्लक, आदि धर्मपात्रों को दान देना पात्रदान है। पात्र 3 प्रकार के हैं उत्तम, मध्यम और जघन्य। महाव्रतधारी मुनि उत्तम पात्र है। अणुव्रती श्रावक माध्यम पात्र हैं। व्रतरहित सम्यग्दृष्टि जघन्य पात्र हैं। इन्हें दिया जाने वाला दान 4 तरह का है 1 आहारदान, 2 ज्ञानदान, 3 औषधदान और 4 अभयदान। मुनि, आर्यिका आदि पात्रों को यथा विधि भक्ति, विनयख आदर के साथ शुद्ध भोजन करना आहारदान है। मुनि आदि को ज्ञानाभ्यास के लिए शास्त्र अध्यापक का समान जुटा देना ज्ञानदान है। मुनि आदि व्रती त्यागियों के रोगग्रस्त हो जाने पर उनको निर्दोष औषधि देना, उनकी चिकित्सा (इलाज) का प्रबंध करना, उनकी सेवा सुश्रुषा करना औषधदान है। वन पर्वत आदि निर्जन स्थानों में मुनि आदि व्रती त्यागियों के ठहरने के लिये गुफा मठ आदि बनवा देना जिससे वहां निर्भय रूप से ध्यान आदि कर सकें वह अभयदान है।

### लिफाफे में आया इंटरनेशनल मेडल, खुशी से झूमा आर्टिस्ट टिंकू

**हजारीबाग।** युवा आर्टिस्ट टिंकू को दुबई से लिफाफे में इंटरनेशनल मेडल भेजा गया। चेहरा खुशियों से खिल उठा। आर्ट्सक्राफ्ट संस्था की ओर से इंटरनेशनल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे भगवान श्री गणेश पर आधारित चित्रकलाएं बनायी गई थी। भारत समेत आधे दर्जन देशों के चित्रकार भगवान गणेश की पेंटिंग बनायी थी। इस दौरान एक विशेष आर्ट कैंम्प का भी आयोजन किया गया। गुजरात के मशहूर कलाकार कनु पटेल की अगुवाई में यह कैंप लगाया गया था। इसमें देशभर के कुल 15 जाने-माने कलाकारों ने इस ऑनलाइन कार्यशाला में हिस्सा लिया था। इसका आयोजन रोवा इंटरनेशनल सप्लाई एंड सर्विसेज के सीईओ अजीत राव के सहयोग से किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल के वोटों के औसत के आधार पर विजेता की घोषणा की गई।

## धन, हाथ का मैल है उसे जीवन का सर्वस्व नहीं मानना चाहिए : माताजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राग द्वेष से अपने को छुड़ाने का नाम त्याग है। त्यागना प्राणी का नैसर्गिक नियम है। यदि हमारे आगमन के द्वार खुला रहे और निकासी ना हो तो काफी कठिनाई होगी हमें तकलीफ होगी। जिस कुआं से पानी निकाला बंद कर दिया जाता है, रुका हुआ पानी सूख जाता है, सड़ जाता है। जो पेड़ अपने फलों को लुटाते हैं उनमें बार-बार फल आते हैं और जो अपने फल को छुपाते हैं वे समूल नष्ट हो जाते हैं। यह सारे प्रकृति के उदाहरण हमें त्याग करने की प्रेरणा देते हैं। संग्रह ही जीवन को दुखदाई बना देता है, जबकि त्याग जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाता है। धन और धर्म का अपना अपना महत्व है। धन, हाथ का मैल है उसे जीवन का सर्वस्व नहीं मानना चाहिए। धर्म हमारे लिए सिर की टोपी है और धन पैर का जूता। टोपी सम्मान और मयार्दा का प्रतीक है जिसकी सार-संभाल हम प्राणपन से करते हैं पर जूता तो जूता ही है उसकी कीमत पैर में पहनने और उतारने से ज्यादा नहीं। जिसने त्याग किया है, संसार में उसी का सम्मान हुआ। जिसने संग्रह किया है उसका संसार में पतन हुआ, यही कारण है कि जल का दान करने वाला मेघ हमेशा ऊपर रहता है और संग्रह करने वाला समुद्र सदा नीचे रहता है। इस जग में त्याग करते करते ही मनुष्य आत्मा से परमात्मा बन जाता है।

आज दसलक्षण महा पर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग का दिन है। आज भी दोनों मंदिर में अभिषेक शांतिधारा पूजन किया गया। परम पूज्य आर्यिका 105 प्रतिभा मति माताजी एवं आर्यिका 105 सुयोग मति माताजी के सानिध्य बड़ा बाजार जैन मंदिर में 1008 श्री महावीर भगवान की पूजा की गई तथा विधान में उत्तम त्याग धर्म की पूजा की गई। शांति धारा का सौभाग्य दसलक्षण व्रत धारी राजकुमार पाटनी तथा प्रदीप अजमेरा को मिला।

आज के पुण्य अर्जक रेनू रारा ग्रुप को मिला। माता जी को जिनवाणी देने का अवसर राजकुमार पाटनी एवं संजय तुषार टोंग्या को मिला। आज उत्तम त्याग के दिन समाज के सभी सदस्यों ने अपनी शक्ति के अनुसार नियम लेकर तथा दान देकर त्याग धर्म को अंगीकार किया। माताजी ने त्याग धर्म पर प्रवचन दिया। आचार्य श्री का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन का अवसर दस लक्षण व्रत धारी राजकुमार पाटनी, श्रेयांश छाबड़ा तथा रत्नत्रय व्रत धारी राजेश सेठी को प्राप्त हुआ। दोपहर में माता जी द्वारा तत्वार्थ सूत्र पर प्रवचन दिया गया।

संध्या में प्रतिक्रमण योग कराया गया। दोनों मंदिर में भव्य आरती की गई। दस लक्षण व्रत धारियों के अनुमोदना के लिए वाडम बाजार जैन मंदिर में विनती गाई गई। वर्षा योग कमेटी के मुख्य संयोजक निर्मल जैन गंगवाल ने बताया कि कल आठ तारीख को दस लक्षण धारियों के निवास स्थानों पर विनती की जाएगी। रात्रि में जैन युवा परिषद द्वारा मिले सुर मेरा तुम्हारा नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समाज के अध्यक्ष धीरेंद्र सेठी, महामंत्री पवन अजमेरा समेत समस्त समाज उत्साह पूर्वक हर कार्यक्रम में भाग ले रहा है।

## टास्क फोर्स व एमडीए कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाने को लेकर प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़कागांव।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव में बुधवार को प्रखंड टास्क फोर्स एवं एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने तथा सफल बनाने के लिए चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण सुपरवाइजर को दिया गया। मुख्य अतिथि टीबी विशेषज्ञ डॉ आरके जयसवाल थे। डॉ जयसवाल ने बताया कि देश में प्रत्येक साल टीबी से मरने वाले लोगों की संख्या चार लाख है। यह एक नोटिफाइड बीमारी है, जिसका इलाज कोई भी निजी अस्पताल बिना जानकारी दिए नहीं कर सकती है। विश्व स्तर पर टीबी उन्मूलन के लिए 2030, भारत में राष्ट्रीय स्तर पर 2025 एवं झारखंड सरकार ने 2024 लक्ष्य रखा है। दो सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार या दोनों है तो यह टीबी का लक्षण हो सकता है। बाल और नाखून को छोड़कर शरीर के किसी भी अंग में टीबी हो सकता है। बिना प्रिक्रिप्शन के कोई भी निजी दवाखाना कफ सिरप (खांसी का सिरप) नहीं बेच सकता है। अगर किसी व्यक्ति में टीबी का लक्षण है तो उसे तुरंत सरकारी अस्पताल में बलगम की जांच करानी चाहिए। टीबी होने पर सरकार के द्वारा निशुल्क इलाज किया जाता है। साथ ही इलाज के दौरान प्रत्येक माह मरीज को 500 रुपए सरकार के द्वारा दी जाती है। वहीं चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद ने फाइलेरिया की जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है। ग्रामीणों को अपने आसपास साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए एवं गंदा पानियों को जमा होने नहीं देना चाहिए जिससे कि मच्छर उत्पन्न न हो सके। इस बार हर पंचायत में सहिया आंगनबाड़ी के सहयोग से दो वर्ष से ऊपर वाले लोगों को फाइलेरिया की दवाई सामने बैठा कर खिलाएंगी ताकि फाइलेरिया को जड़ से उन्मूलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस बार टीबी एवं फाइलेरिया की पहचान करने का अभियान संयुक्त रूप से किया जाएगा। बड़कागांव प्रखंड में छह फलेरिया एवं 111 टीबी के मरीज सक्रिय हैं जिनका इलाज बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चल रहा है। मौके पर टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ आरके जायसवाल, चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएन प्रसाद, आशीष वर्मा, बीईईओ जवाहर प्रसाद, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंसस रितेश कुमार ठाकुर, निर्मल राम, मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह, करम राम, कविता देवी, इस्मत आरा,भास्कर राज, रिंकू रवि के अलावा दर्जनों एएनएम, सीएचओ एवं चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा संपन्न



**कुडू-लोहरदगा।** लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा 2021 झ 22 कुडू के डोरो टोली स्थित ग्रामीण हैचरी में संपन्न हुई। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखंड महिला स्वालंबी सहकारिता समिति रांची के प्रबंधक अखिलेश कुमार वर्मा, तकनीकी प्रमुख देवव्रत शर्मा, उत्पादन प्रबंधक डॉ मुकद्दस अली एवं अन्य अतिथियों द्वारा द्विप प्रज्वलित कर किया गया। समिति की अध्यक्ष जसमती भगत और उपाध्यक्ष अनिता देवी ने आम सभा में वर्ष 2021 झ 22 का वार्षिक प्रतिवेदन पेश करते हुए बताया कि सहकारी समिति ने वर्ष 21-22 में 8 करोड़, 95 लाख और 27 हजार का व्यवसाय करते हुए सदस्यों के बीच 43 लाख 79 हजार का मुनाफा बांटा है। बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा 50 नए सदस्यों को जोड़कर मुर्गी पालन की योजना है। मौके पर समिति के नए कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया गया एवं पुराने कार्यकारिणी सदस्यों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम में वाईपी सुमित तिर्की, गौतम नवरानी, समिति के प्रबंधक डॉ डुला तालुकदार, मुख्य हिसाब रक्षक बरखा रानी, मार्केटिंग प्रभारी प्रमोद राम, लोहित महतो, सहीस्ता परवीन, अलख महतो, बसंत कुमार के अलावा समिति के सदस्य और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### घर से बिना बताये निकला युवक लापता, सेन्हा थाना में मामला दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत झालजमीरा पंचायत के पीपर टोली से 24 वर्षीय पुत्र राजू भगत के लापता होने की सूचना सेन्हा थाना को देते हुए पिता महादेव भगत ने सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि राजू भगत के पिता महादेव भगत ने थाना को आवेदन देते हुए अवगत कराया है कि 23 अगस्त को समय लगभग 4 बजे राजू भगत घर में बिना बताए कहीं चला गया और देर रात तक घर नही लौटा जिसे परिजनों ने अपने रिश्तेदार में पूछ ताछ कर खोज किया साथ ही उसके दोस्तों से भी पूछा गया लेकिन किसी प्रकार की सूचना नही मिलने पर थाना को अवगत कराते हुए पुत्र को खोजने में मदद का गुहार लगाया है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को इसकी सूचना मिलता है या कहीं दिखे तो नजदीकी थाना को सूचना कर प्रशासन का सहयोग करें। बताया जाता है की राजू भगत का रंग सांवला, ऊँचाई 5 फिट 6 इंच है। वह सफेद चेक शर्ट ब्लू पैंट और पैर में हवाई चप्पल पहना हुआ है। जो हिन्दी और नागपुरी दो भाषा बोलता है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना से युवक की घटनास्थल पर हुई मौत



**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के पतिअम्बा खास में पुल दोइन नामक जगह के पास एक युवक की बाइक दुर्घटना से घटनास्थल पर मौत हो गई। युवक की पहचान पतिअम्बा सराई टोली निवासी अजीत बड़ाईक, पिता स्व जगन बडाईक, उम्र लगभग 32 वर्ष के रूप में हुई है। जो किसी काम से अपने घर सरईटोली से ओडी14जी 8530 ग्लैमर मोटरसाइकिल से जलडेगा गया था वापस लौटने के क्रम में घुमावदार सड़क पर संतुलन खो देने से मोटरसाइकिल के साथ युवक एक गहरे खेत में जा घुसा। सड़क से नीचे खेत में मुंह के बल गिरने से युवक के नाक और मुंह में पानी घुस गया। इधर ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।घटना की जानकारी मिलने पर जलडेगा थाना प्रभारी फिलिप मिंज दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया।

### नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता से हटाई गयी सिमडेगा जिले की चयनित टीम

**सिमडेगा।** हॉकी की नर्सरी सिमडेगा के हॉकी टीम नेहरु कप में नहीं खेल पाएगी। चयनित टीम के खिलाडियों की उम्र निर्धारित उम्र से अधिक पाए जाने पर खेल विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए है। बताया गया कि नेहरु कप के लिए राज्य की ओर से जिले की टीम को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला था। अंडर 15 बालक वर्ग में एसएस प्लस टू उवि और अंडर 17 बालक वर्ग में संत मेरीज प्लस टू स्कूल की टीम का चयन हुआ था। दोनो ही टीम के कई खिलाड़ियों पर ओवर एज होने का आरोप लगाया गया। जिसके बाद जवाहरलाल नेहरु हॉकी टूर्नामेंट सोसायटी नई दिल्ली ने जांच के आदेश दिए। जांच में डीएसओ प्रवीण कुमार ने शिकायत को सही पाते हुए रिपोर्ट राज्य के खेल निदेशक को दिया। डीएसओ के रिपोर्ट पर निदेशक ने चयनित टीम की जगह उपविजेता टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजने का निर्देश दिया है।

### माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत बल भेजने का आग्रह किया

**लोहरदगा।** कौमी तंजीम लोहरदगा का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर उनसे माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के स्वीकृत बल भेजने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने डीएसई को बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों से सभी विषयों के शिक्षकों के विषयवार स्वीकृत बल मांगा गया है। दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि लोहरदगा जिले में काफी संख्या में हाई स्कूल एवमं प्लस टू में उर्दू पढ़ने वाले छात्रों की संख्या है लेकिन वर्तमान में जैसा कि पता चला है मात्र दो विद्यालय कैरो,व कुडू से यूनिट भेजा गया है वो भी छात्र अनुसार कम गया है। बड़ी दुर्भाय की बात है कभी नदिया हिन्दू हाई स्कूल में उर्दू, फारसी पड़ने वाले छात्रों की अच्छी तादाद हुआ करता था लेकिन अब चूंकि शिक्षक नहीं रहने के कारण मजबूरी वश उर्दू पढने वाले बच्चे दूसरे विषय लेते हैं। अंतत: उनका परफार्मेंस में गिरावट देखा जाता है ,इसी प्रकार किसको एस एस हाई स्कूल,अरु हाई स्कूल सेन्हा, बिटपि हाई एवमं प्लस टू स्कूल से भी कोई स्वीकृत बल नहीं जाना दुर्भाग्य कि बात है। मौके पर कौमी तंजीम के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, मुमताज अहमद, दानिश इकबाल, गुलाम जिलानी, हाजी मंसूर, मोबिन अंसारी, साजिद अंसारी आदि मौजूद थे।

## जिला में धूमधाम के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व करमा

# बहनों ने करम डाल की पूजा कर मांगी भाइयों की लंबी उम्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** प्रकृति पर्व करमा जिले भर में बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। भादो कर एकादशी करमा गड़ाए रे, चलू करम खेले हाथी पारंपरिक गीतों के साथ बहनों ने मनाया। इस पर्व को लेकर बहनों ने उपवास रखकर अपने भाइयों की कुशलता के लिए भगवान से प्रार्थना की। इधर करमा के मौके पर शहर के सरना स्थल में भव्य मंडप बनाकर करम डाल स्थापित की गई। जहां देर शाम में महिलओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। पाहन के द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इस मौके पर विधि-विधान पूर्वक पूजन कर महिलाओं ने सामूहिक गीत-नृत्य का आयोजन किया। मौके पर केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद भगत ने कहा कि करमा पर्व आदिवासी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व है। इस मौके पर हम सभी प्रकृति की पूजा-अर्चना कर पर्यावरण की सुरक्षा व पूजा का भी संदेश देते हैं। यही हमारी परंपरा है और संस्कृति भी। इसके उन्नयन के लिए हम सबों





को सदा प्रयत्नशील रहना है। उन्होंने कहा कि करमा प्रकृति से जुड़ा पर्व है। इस मौके पर हम सब प्रकृति की पूजा-अर्चन कर इसकी रक्षा का संकल्प लेते हैं।मौके पर नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रही मुख्य आकर्षण केंद्र

इधर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में भी धूमधाम से प्रकृति पर्व करमा मनाया गया। जो शहर में मुख्य आकर्षण केंद्र के रूप में रहा जहां पर आकर्षक तरीके से पूरे स्कूल परिसर को सजाया गया था इस मौके पर सात अलग-अलग जगहों पर कर्मा डाली लगाकर बहनों ने विधि विधान के साथ पूजा किया इस मौके पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करमा पर्व के मौके पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित की गई थी जहां पर लोग दूर-दूर से वहां के कार्यक्रम को देखने के लिए पहुंचे थे मौके पर नगर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू लेहरु सिंह सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे मौके पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करमदेव की पूजा-अर्चना की।

### बानो के केवेटांग में मना करमा महोत्सव

केवेटांग में मूर्ति निर्माण समिति के करमा समिति के तत्वावधान में करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। दौरान गांव के महान द्वारा विधि विधान के साथ करमा की डाली आंगन में स्थापित किया जिसके बाद बहनों ने अपने भाई की लंबी आयु की कामना को लेकर कर्मा की पूजा की मौके पर आए हुए आगंतुक अतिथियों ने कहा कि करमा झारखंड का महान पर्व है। करमा महोत्सव में बहनों ने उपवास कर करम की डाली की पूजा अर्चना की तथा भाई के दीघार्यु की कामना की।करमा महोत्सव में सैकड़ों बहनों ने पूजा अर्चना की। करमा महोत्सव में विभिन्न गांव के लोगों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें करम नाच , डमकच आदि शामिल हैं। इधर प्रखंडों में भी करमा पूजा का उल्लास छाया रहा। घरों में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की गई। जिले के कोलेबिरा, जलडेगा, बांसजोर, ठेठईटांगर, बोलबा, कुरडेग और केरसई में भी करमा का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इधर गोतरा नयाटोली स्थित जगदीश बड़ाईक के घर में करमा पूजा पिछले 75 वर्षों से धूमधाम से मनायी जा रही है। मंगलवार की रात रात विधि-विधान के साथ करम डाली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद ढोल, मांदर और नागपुरी गीतों की धुन में लोग रात भर थिरकते रहे। जगदीश के बेटे नीरज बड़ाईक ने बताया कि आज से लगभग 75 वर्ष पूर्व उनके पूर्वजों ने करमा पूजा करना शुरू किया था। इसके बाद से हर साल धूमधाम के साथ करमा पूजा की जाती है। वहीं बुधवार की सुबह विधि विधान के साथ करमा डाली को ले जाकर नदी नजदीकी जलाशय में विसर्जित की गई।

## किस्को व पेशरार क्षेत्र में भाइचारे के साथ संपन्न हुआ करमा पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/पेशरार/लोहरदगा।** जिले के किस्को और अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र में आदिवासी समुदाय का प्रकृतिक पर्व कर्मा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र में प्रकृति का पर्व कर्मा को लेकर बहने अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना हेतु पुजा अर्चना कर ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने करम डाली को अपने गांव के अखाड़े में पूरे विधि विधान के साथ गाजे बाजे से स्वागत कर पाहन एवं पुजार की अगुवाई में लाया गया एवं अखाड़ा पर स्थापित किया गया। आदिवासी तत्पश्चात समुदाय के लोगों ने पूरे उल्लास के साथ पुजा अर्चना कर करम डाली का विसर्जन अपने-अपने गांवों के नदी तालाब में धूम धाम के साथ किया। बता दें कि आदिवासी समुदाय का प्रकृति पर्व किस्को और उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के सभी 14 पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी गांव टोला मुहल्ला में काफी हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि कर्मा पर्व को लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों में काफी उमंग देखने को मिला लोग एक दूसरे को कर्मा पर्व की शुभकामना देते हुए दिखाई दिये। इधर कर्मा पर्व को आपसी भाईचारा के साथ संपन्न कराने हेतु जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती बड़ी संख्या में किया गया था। मालूम हो कि प्रकृतिक पर्व कर्मा किस्को प्रखंड क्षेत्र के सेमरडीह, परहेपाट, नीनी, तिसिया नवा टोली, डूमर टोली, दुरहुल, हुटाप, नाथपुर, सरना टोली, देवदरिया, खरचा, पाखर, हिसरी, चरहु, अरेया, महुगांव, मेरले, चोरगाईं सहित अन्य सभी गांवों में धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी तरह अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र के ग्राम रोरद, सीरम, तुईमू, जवाखाड़, केकरांग, कौवाडांड़, ओनेगडा, चैनपुर, मदनपुर, लावापानी, बोंडोबार, माची, रूबेद, बारियातु, कोटसा, कुरसे, बुलबुल, केरार, परतू, चंदलगी, मन्हा, होन्हें, चंदगो, पुंदाग सहित अन्य सभी गांव टोला मुहल्ला में आदिवासियों का प्रकृतिक पर्व कर्मा आपसी भाईचारा के साथ मनाया गया।

### भाई बहन के प्रेम का प्रतीक करमा त्योहार धूमधाम से मना

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को शान्तिपूर्ण ढंग से मनाया गया करमा त्योहार। भाई बहन का अटूट बंधन करमा पर्व पर बहन ने भाई की लंबी उम्र के लिये बिन कुछ खाये पियें उपासना करती यह त्योहार भाई बहन का प्रेम का प्रतीक है। पहान पूजर द्वारा विधिवत करमा डाली को अखड़ा में स्थापित कर पूजा पाठ किया गया। इस दौरान सैकड़ो बहनों ने भाई की लंबी उम्र की मन्नत मांगी और प्रकृति देवता से अच्छी फसल व अच्छी वर्षा होने की कामना किया। इस मौके पर सैकड़ो लोगो ने मांदर व नगाड़े से साथ त्योहार की खुशी में नृत्य किया। इसके पश्चात करमा देवता को अखड़ा से उखाड़कर पहान पुजार के नेतृत्व में नाचते गाते हुए विर्सजन किया गया। मौके पर पहान बुधराम उरांव, बुदू उरांव, मुखिया इंद्रदेव उरांव, पूर्व जीप सदस्य सामिल उरांव, विजय उरांव, गणेश उरांव, बिरसा उरांव, राजकुमार उरांव, माडू उरांव, करमा उरांव, सोमरा उरांव, फेकू उरांव, शनि उरांव, राजू उरांव, पूर्व मुखिया रंथू उरांव, आदि शामिल थे।



## डीसी ने ग्रामीण विकास व जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर रॉनीटा की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी की जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जेएसएलपीएस अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। समूह की महिलाओं को सशक्त एवं आजीविका के माध्यम को बेहतर बनाने की दिशा में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने जिले में प्राकृतिक संसाधानो की उपलब्धता एवं उसके अनुरूप उपकरण अधिष्ठापन की जानकारी ली। आजीविका को बेहतर बनाने की दिशा में गति दी गई। उपायुक्त ने वन विभाग अन्तर्गत अधिष्ठापित छः मशीनों के संचालन की दिशा में डीपीएम जेएसएलपीएस को वन प्रमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए लाह, चिरौंजी जैसे अन्य उपकरणों को क्रियाशील एवं स्वंय सहायता



समूह को संचालन की जिम्मेवारी देने की बात कही। जिले मे स्थानीय स्तर पर आजीविका के बेहतर सुविधाएं उपलब्ध है। आजीविका से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। उन्होने मशीन संचालन के कार्यों का प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मार्केट लिकेंज सहित पैकिंग की भी समीक्षा की गई। वन धन विकास केन्द्र की स्थापन करने हेतु भवन सहित कार्यों का अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में आई.टी.डी.ए. निदेशक सलन भुईंया, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार गुप्ता, डीपीएम जेएसएलपीएस मनीषा सांचा व अन्य उपस्थित थें।

### किस्को क्षेत्र में पोषण सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## अपने स्वास्थ्य के प्रति किशोरावस्था के लोग रहें गंभीर : रंजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में किशोरावस्था के लोगों के बीच में जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान मे प्रखंड के विद्यालयों,आंगनबाड़ी केंद्र, गावं में पोषण माह के तहत पोषण जागरूकता संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं गावं के किशोर समूह द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें सभी किशोर आयरन गोली खाएंगे एनिमिया दूर भगाएंगे, सही पोषण देश रोशन, पोषण अभियान जन जन का कल्याण इत्यादि नारों के साथ गांव का



भ्रमण कर पोषण कि महता पर गावं वालों को जागरूक किया गया। इधर कार्यक्रम में पोषण से सम्बन्धित रंगोली प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं पोषण स्टॉल के माध्यम प्रोटीन, विटामिन, आयरन से संबधित खाद्य पदार्थो को समिल्लित किया गया और इन विषयों पर किशोर किशोरियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया की हमें हमेशा काबोर्हाइड्रेट, विटामिन, प्रोटीन युक्त भोजन का उपयोग करना चाहिए और स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाना चाहिए। पोषण के दौरान किशोरो को यूवा मैत्री केंद्र का भी भ्रमण कराया गया। इस दौरान शिक्षक, काउन्सलर, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया एवं पीरामल फाउंडेशन के समन्वयकों द्वारा फ्लिप बुक के माध्यम से फूड पिरामिड की जानकारी दी गई साथ ही किशोरावस्था मे सही खान पान और पोषक तत्वों की कमी से होने वाली बीमारी और उससे बचाव के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो उजाला चतुवेर्दी, शिवानी चौहान, अजय राठौर, इकराम, सी थ्री के रंजन कुमार युवा मैत्री केंद्र की काउन्सलर सीता कुमारी, सेविका सहिया अभिभावक एवं किशोर समुह आदि मौजूद थे।

## करम परब भाई बहनों के साथ कर्म, धर्म और प्रकृति से सामंजस्य का त्योहार : सुखदेव भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** नवयुवक सरना समिति मैना बगीचा लोहरदगा द्वारा करमा पूजा परम्परागत ढंग से भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें पूर्व विधायक सुखदेव भगत, उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल,वार्ड पार्षद गण विशेष रूप से उपस्थित थे। पाहन सोमा उरांव एवं सुभाष उरांव द्वारा विधिवत करम डाल लगा कर पूजा अर्चना की गई। व्रत धारी बहनों के द्वारा प्रार्थना एवं पूजा की गई जिनकी संख्या बहुत अधिक थी।



पूजा स्थल को भव्य तरीके से सजाया गया था। उपायुक्त ने सबों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सदभाव बढ़ाने एवं जीवन के मूल्यों को संजोए रखने में करमा त्योहार को काफी सहायक बतलाया। पुलिस अधीक्षक ने पर्यावरण संरक्षण में इस त्योहार से सीख मिलती है। अनुपमा भगत ने कहा की भाई बहनों का प्यार और प्रगाढ़ होता है। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा करम परब भाई बहनों के साथ कर्म, धर्म और प्रकृति से सामंजस्य का त्योहार है। कार्यक्रम में शाश्वत सिद्धार्थ, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, कमलेश कुमार, प्रतीक मोनी, आयोजन समिति के कार्तिक कुजूर, मनोज सोन, बिगू उरांव, विनोद उरांव,सूनील, संदीप, गुड्डु, दुर्गा, पंकज एवं, आलोक साहू, मोहन दुबे, कुणाल अभिषेक, अनिल कुमार लाल धनंजय नाथ शाहदेव शाहिद अहमद संजीव मुखर्जी संदीप पोद्दार, डॉक्टर एलीन राजू सोनू सोमनाथ दत्त, सुधीर टोप्पो समेत अन्य मौजूद थे।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पूज्या जया किशोरी ने ब्रह्मा व नारद की वातार्लाप का प्रसंग सुनाया, कहा

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र ही मनुष्यों के पाप के प्रायश्चित का श्रेष्ठ उपाय

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में साहू परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पूज्या जया किशोरी जी के कार्यक्रम स्थल व्यास मंच में आगमन होते हीं भक्तों के जयकारे से वातावरण गूंज उठा, भक्तों ने ताली बजाकर स्वागत किया माहौल भक्तिमय हो गया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने पूज्या जयाकिशोरी जी को अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनन्द किया। सीताराम सीताराम, सीताराम कहिये, सीताराम सीताराम, सीताराम कहिये। जाहि विधि राखे राम, ताहि विधि रहिये। भजन से श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ की गई। पूज्या जया किशोरी जी ने बतलाया कि ईश्वर को याद करते हीं नहीं है, भगवान को फुर्सत मिलने पर याद करते



हैं, समय मिला तो याद किये नहीं मिला तो नहीं किये लेकिन आप जब संकट में रहते हैं तब चाहे आधी रात हीं क्यों न हो याद करते हैं। हमारे दुःख का कारण हमारी उम्मीद हीं है, महत्वाकांक्षा का अधिक पालना दुखों का कारण है, संतुष्टि का भाव हीं ईश्वर के निकट लाता है। उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत कथा श्रवण हीं प्रायश्चित का श्रेष्ठ उपाय बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। भगवान की शरण में रहने वाले भक्तों के पाप श्री भगवान के नामोच्चारण से ऐसे नष्ट हो जाते हैं जैसे सूर्य उदय होने पर कोहरा नष्ट हो जाता है। जिन्होंने अपने भगवद गुण अनुरागी मन मधुकर को भगवान श्री कृष्ण के चरणारविन्द मकरन्द का एक बार पान करा दिया। उन्होंने सारे प्रायश्चित कर लिए वे स्वप्न में भी यमराज और उनके पाशधारी दूतों को नहीं देखते, जैसे कोई परम शक्तिशाली अमृत को उसका गुण न जान कर अनजाने में पी ले, तो भी अमृत उसे अमर बना ही देता है। वैसे ही अनजाने में उच्चारण करने पर भी भगवान का नाम अपना फल देकर ही रहता है। कथा में ब्रह्मा और नारद की वातार्लाप का प्रसंग सुनाया गया। जिसमें नारद जी ने ब्रह्मा से पूछा कि हरि को प्राप्त करनेवाला कौन सा मन्त्र है? तब ब्रह्मा जी ने बतलाया कि हरे राम, हरे रामा, रामा रामा हरे हरे। हरे कृष्ण, हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा हरे हरे। मंत्र का उच्चारण करने से हरि की प्राप्ति होगी। तब नारद ने कहा कि यह तो आसान है सभी मंत्रोच्चार कर सकते हैं, तब ब्रह्मा ने बतलाया कि सभी हरि को प्राप्त कर सकते हैं। प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी हैं और उस विश्वास को पूरा करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए और हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।

## बोलबा बरटोली में पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीटकर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा थाना क्षेत्र समसेरा बरटोली गांव में पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीट कर जान से मार डाला। ग्रामीणों के अनुसार समसेरा बरटोली गांव मे योगेन्द्र राय ने किसी बात को लेकर अपनी पत्नी पुनि देवी को झगड़ा किया। इसके बाद डंडे से मार-पीट करने लगा। कुछ देर के बाद योगेन्द्र राय ने करमा नाचने चला गया। पत्नी पुनि देवी ने भी अगल-बगल घूम फिर किया। रात के लगभग एक बजे योगेन्द्र राय ने घर वापस आकर अपनी पत्नी से भोजन मांगने लगा। जब उसकी पत्नी नही उठी तो नजदीक जाकर उठाने लगा। योगेन्द्र राय ने देखा कि उसकी पत्नी मर चुकी है तो शव को रात के लगभग 1 बजे पास के ही जंगल पुटु भादरा में छुपाने ले गया। सुबह में अनजान बनकर



अपनी पत्नी को खोजबीन करने लगा। गांव वालों ने उन्हें पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया तो सारा राज उगल दिया। घटना की सूचना बोलबा पुलिस को दिया गया। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में के लिया। साथ आरोपी योगेन्द्र राय को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि शव की गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा। जबकि आरोपी योगेन्द्र राय को भी जेल भेजने की तैयारी किया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### नियोजन नीति पर सुनवाई पूरी,फैसला सुरक्षित

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी रूल्स संशोधन के विरुद्ध झारखंड हाईकोर्ट में दायर याचिका पर बुधवार को भी सुनवाई हुई। कोर्ट में पांच घंटे तक बहस की गयी। सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब इस महत्वपूर्ण मामले में अदालत का क्या रुख होगा। यह झारखंड में सरकारी नियुक्तियों में शामिल होने की उम्मीद रखने वाले हजारों युवाओं को प्रभावित करेगा। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार ने पक्ष रखा। प्रार्थियों की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अपराजिता भारद्वाज, अधिवक्ता कुमार हर्ष और कुमारी सुगंधा ने अदालत में बहस की। वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने बहस की। गौरतलब है कि प्रार्थी रमेश हांसदा एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें राज्य सरकार द्वारा आयोग के नियमावली में किये गए संशोधन को गलत बताया गया है। साथ ही इसे निरस्त करने की मांग अदालत से की गई है। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार ने नियमावली में संशोधन किया है। जिसके तहत राज्य के संस्थान से ही दसवीं और 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्र ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। यह नियम सिर्फ सामान्य श्रेणी के छात्रों पर ही लागू होगी। जबकि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के मामले में यह आदेश लागू नहीं होगा। वहीं भाषा के पेपर से हिंदी और अंग्रेजी को भी हटा दिया गया है। जबकि उर्दू, बांग्ला और उड़िया भाषा को शामिल किया गया है। इन शर्तों के कारण आयोग के द्वारा नियुक्तियों के लिए जारी विज्ञापन में कई अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए इस नियमावली को रद्द किया जाना चाहिए।

### डीईओ ने शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा

**मेदिनीनगर।** स्थानीय मिशन स्कूल में झारखंड शिक्षा परियोजना,रांची के योजनांतर्गत पलामू डीईओ अनिल कुमार चौधरी की अगुआई में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। दीप प्रज्वलित कर स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन करते हुए डीईओ ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। यह एक दिन के अभ्यास का मामला नहीं है। उन्होंने उपस्थित छात्राओं,शिक्षकों, कर्मियों व पदाधिकारियों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलवाई तथा सामूहिक रूप से हस्त प्रक्षालन कराया। उन्होंने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में पन्द्रह दिनों तक स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का आयोजन करना है तथा स्वच्छता को बढ़ावा देना है। इसमें बच्चों के साथ अभिभावकों को भी भागीदार बनाना है। कस्तूरबा चैनपुर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी,बीईईओ .बलराम पाठक, सहायक अभियंता दिलीप सिंह,कनीय अभियंता सुधीर दुबे,एडीपीओ. उदय सिंह,सहायक राजीव चौबे, विकास दूबे,सादाब हुसैन, सुनील यादव,प्रशील रमन,संजय कुमार, प्रियेश कुमार, सहायक राजीव रंजन पाण्डेय व बिरजेनिया खेस मुख्य रूप से सक्रिय थे।

### अमृत महोत्सव को समर्पित होंगें तोरण द्वार

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय सह नगर निगम क्षेत्र में बनाये जाने वाले सभी तोरणद्वार इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित होंगे। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने सभी तोरण द्वार तिरंगे के तीनों रंग से बनाने का निर्णय लिया है । जिसकी तैयारी तेज हो गई है। बिजली लाइट सज्जा में भी यथा संभव केसरिया, सफेद व हरा रंग का ही प्रयोग करने का निर्णय लिया गया है। महालया के दिन विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। साथ ही महासमिति, महाअष्टमी और महानवमी को प्रोफेशनल कलाकारों की टीम के माध्यम से इच्छुक पंडाल और जिला स्कूल के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम डांडिया, गरबा आदि कराने का निर्णय लिया गया है। दो साल बाद मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के 70 पंडालों सहित जिले के सभी पांच नगर निकाय क्षेत्र और 265 पंचायतों में बड़े उल्लास से महोत्सव की तैयारी तेज हो गई है। भव्य पंडाल, पारंपरिक तरीके से पूर्ण आस्था के साथ पूजा, विशेष साज–सज्जा की तैयारी में कमेटियां जुट गई है। पलामू जिले में दुर्गोत्सव का नेतृत्व करने वाली श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति का इस वर्ष पुनर्गठन विधायक आलोक कुमार चौरसिया के मुख्य संरक्षण में किया गया है। महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में कमेटी का विस्तार किया गया।

### करमा डाली विसर्जन के साथ पर्व सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक करमा पूजा बुधवार को संपन्न हो गया। मंगलवार देर रात तक करम डाली की पूजा की गई। उपवास रखनेवाली महिलाओं और युवतियों ने अगले दिन पारन कर पूरे विधि–विधान से करम डाली का विसर्जन किया। स्थानीय शहर के कोयल नदी , पंपू कल, बड़ा तालाब, में डाली का विसर्जन किया गया। विसर्जन करने बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां तालाब पहुंचीं। करम डाल विसर्जन के क्रम में महिलाएं व युवतियों पारंपरिक करम गीत और नृत्य करती हुई करम डाली के साथ नदी व जलाशयों तक पहुंचीं। करम डाल विसर्जन को लेकर कई स्थानों पर जुलूस भी निकाले गये। हालांकि जुलूस में भीड़ कम थी। इससे पहले कई जगह पाहन द्वारा करम डाल को उठाया। उपवास कर रही बालिकाओं ने करम डाली की पूजा अर्चना की। करमा पर्व भादो एकादशी के दिन मनाया जाता है। इसमें करमा की डाली की पूजा होती है।

### नाली जाम होने से सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

**मेदिनीनगर।** नगरनिगम वार्ड नंबर 19 के पूर्व वार्ड पार्षद रह चुकी शिव देवी के घर से लेकर 100 मीटर तक का नाली पूरा जाम पड़ा हुआ है। नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है,जिससे आम लोग उसी गंदा पानी में चलने को मजबूर है। वार्ड नम्बर 19 में नगरनिगम के द्वारा सफाई केवल खानापूर्ति के लिए की जाती है। यहां के स्थानीय लोग बताते हैं कि नाली का पानी जहां से निकलता है। उसी पुल में कचरा भरकर जाम कर दिया गया है। कचड़ा से नाली जाम होने के कारण नाली सड़क पर बह रहा है। स्थानीय लोगो का कहना है कि नगर निगम के द्वारा इस वार्ड में कचरा फेंकने के लिए किसी प्रकार का डस्टबिन मुहैया नहीं कराई गई है । यही कारण है कि लोग पुल में कचरा फेंकते हैं। जिससे नाली जाम हो रहा है,यहां के स्थानीय लोगों की भी कमी है कि वे लोग नाली के ऊपर घरों में जाने के लिए सीढ़ी बना लिए हैं। जिसके वजह से नाली की अच्छी तरह से साफ सफाई नहीं हो पाती है।

### विहंगम योग संस्थान की जिलास्तरीय बैठक 9 सितंबर को

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला स्तरीय बैठक 9 सितंबर को आहूत की गयी है। यह जानकारी संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने दी है। संयोजक श्री सिंह ने बताया कि पलामू में स्वामी जी एवं संत प्रवर जी के आगमन की तैयारी को लेकर 9 सितंबर को चैनपुर प्रखंड के कंकारी में पिंकी देवी के आवास के समीप बैठक आहूत की गयी है।

---

### प्रस्तावित अल्पसंख्यक स्कूल खोलने के प्रस्ताव का विरोध, बोले पूर्व विधायक

# जिले में जमीन कारोबार का चल रहा हैं गोरखधंधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के फरठिया पंचायत के उरांव टोला में प्रस्तावित अल्पसंख्यक स्कूल खोलने के प्रस्ताव के विरोध में गांव के ग्रामीण पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के नेतृत्व में डीसी से मिले। पूर्व विधायक ने डीसी से मिलकर कहा कि गांव के गरीब, दलित और आदिवासी परिवार पिछले 50 साल से उक्त जमीन पर रहकर जीवन बसर कर रहे है। उन्होंने डीसी से स्कूल निर्माण किसी दूसरे गैरमजरूआ भूमि पर कराने की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा कि जिले में जमीन कारोबार का गोरखधंधा चल रहा है। बगैर नाम लिए उन्होंने स्थानीय विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह गरीब, दलित और आदिवासियों को उजाड़ने पर तूले हुए है। उन्होंने कहा कि वह अल्पसंख्यक स्कूल बनने के विरोधी नहीं है लेकिन गरीबों को उजाड़कर यह कतई संभव नही होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि का जिस भूमि पर घर है। वह जमीन मूसहर परिवार का है। उन्होंने बताया कि जिले के तत्कालीन डीसी एसके सत्पथी ने कल्याणपुर में 22 मूसहर परिवारों को बसाया था। लेकिन बाद में उक्त जमीन से मूसहर परिवार को उजाड़ दिया गया। उसके बाद उक्त जमीन पर दबंग परिवार के लोग कब्जा कर लिए। अब उसी जमीन पर स्थानीय जनप्रतिनिधि का घर बन चुका है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग किया है कि वहां से उजाड़े गए 22 मूसहर परिवार को खोज कर उन्हें पुर्नवासित कराने की जरूरत है। उन्होंने जिला प्रशासन से अल्पसंख्यक स्कूल को दूसरे जमीन पर बनवाने और 22 मूसहर परिवार को पुनः पुर्नवासिक करने की मांग की है। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे हुए थे।

### होमगार्ड के जवानों ने प्रति जताया आभार

**गढ़वा।** बुधवार को होमगार्ड के जवानों ने पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी और डीसी के प्रति आभार जताया। विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर डीसी से मिलने समाहरणालय पहुंचे पूर्व विधायक को होमगार्ड के जवानों ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं डीसी से मिलकर आभार भी जताया। पूर्व विधायक ने कहा कि वह करीब 20 दिन पहले होमगार्ड की समस्याओं को लेकर डीसी से मिला था। जिसमें होमगार्ड के नए बहाली पर रोक लगाकर जिले में कार्यरत सभी होमगार्ड को शत–प्रतिशत डियुटी पर लगाने की मांग की गई थी। वहीं अन्य जिलों की तरह गढ़वा में भी सभी अंचलों में छह–छह होमगार्ड की प्रतिनियुक्त की मांग की गई है। पूर्व विधायक ने कहा कि नए बहाली रद् कर दी गई है। डीसी होमगार्ड की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है। इसके लिए उन्होंने आभार जताया।

## पुनः बंद हुआ उपप्रमुख कार्यालय, कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय में संचालित उपप्रमुख का एकल कार्यालय बीडीओ गणेश महतो ने पुनः बंद कर दिया। कार्यालय बंद होने के पश्चात कई दिनों से चली आ रही गतिरोध पर विराम लग गया है। बीडीओ गणेश महतो ने बताया की वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर उपप्रमुख के कार्यालय को बंद किया गया है। जानकारी के अनुसार पूर्व से प्रखंड कार्यालय में उपप्रमुख का एकल कार्यालय संचालित हो रहा था। जून माह में उपप्रमुख कार्यालय का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्य नारायण यादव ने जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान तथा उपप्रमुख देवदार प्रसाद आर्य की उपस्थिति में किया था। कुछ दिन पश्चात प्रमुख आभा रानी ने प्रखंड कार्यालय में उपप्रमुख का एकल कार्यालय संचालित होने का शिकायत जिला पंचायती राज पदाधिकारी से किया था। जिला पंचायती राज पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की पंचायती राज अधिनियम 2001 के तहत अलग से उपप्रमुख का कार्यालय संचालित करने का प्रावधान नहीं है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने उपप्रमुख का कार्यालय को बंद करने का आदेश बीडीओ गणेश महतो को दिया। एक सप्ताह पूर्व प्रमुख आभा रानी तथा बीडीओ गणेश महतो ने उपप्रमुख के कार्यालय को बंद किया था। दूसरे दिन उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य तथा उनके समर्थकों के मांग पर बीडीओ गणेश महतो ने उपप्रमुख के कार्यालय को पुनः खोल दिया था। प्रमुख आभा रानी ने इस मामले को श्रीवंशीधर एसडीओ आलोक कुमार, उपायुक्त रमेश घोलप तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी के पास ले गई। उपायुक्त ने उपप्रमुख के कार्यालय को तत्काल बंद करने का निर्देश बीडीओ को दिया। बीडीओ गणेश महतो ने उपायुक्त के आदेश पर उपप्रमुख के कार्यालय को बंद किया।

## दुर्घटना मुआवजा व नीति निर्धारण को लेकर आज से कोयला ढुलाई होगी बंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमरिया (चतरा)।** 8 सितंबर से टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध एवं आम्रपाली कोल परियोजना से कोयले की ढुलाई आजसू बंद कराएगी। उपरोक्त जानकारी पार्टी के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार चंद्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोयले की ढुलाई तब तक बंद रहेगी जब तक दुर्घटना मुआवजा राशि एवं नीति तय नहीं की जाती। आगे बताया कि मगध एवं आम्रपालीकोल परियोजना से निकलने वाले कोयले की ढुलाई आम जनों के लिए बने सड़क से की जा रही है। परिणाम स्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में काफी अधिक बढ़ोतरी हो गई है। लेकिन दुर्घटना में मृत परिवार को सीसीएल और प्रशासन के द्वारा कोई सहायता नहीं दी जाती है। 2011 से 2022 तक घटित अधिकतर दुर्घटनाओं में सीसीएल और प्रशासन अपनी जिम्मेवारी लेने की बजाय टालमटोल की नीति अपनाती रही है। ऐसी स्थिति में ठोस पहल मगध आम्रपाली दुर्घटना मुआवजा नीति 2022 के रूप में बनाकर की जा सकती है। उन्होंने बताया कि टंडवा प्रखंड के बसरिया मोड, सिमरिया प्रखंड के डाडी चौक एवं सिमरिया प्रखंड के जबड़ा चौक में कोल वाहनों को रोका जाएगा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष चंद्र देव साहू, केंद्रीय सदस्य नेम धारी महतो, कृष्णा साहू जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार साहू, मुखिया संघ के अध्यक्ष विनोद महतो आदि मौजूद थे।

### बालूमाथ के राजद प्रखंड अध्यक्ष बने प्रीतलाल यादव, कहा

## कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान व पार्टी के लिए सदैव समर्पित रहूंगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** राजद प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव बालूमाथ मुख्यालय स्थित चेक नाका के पास सुरेश राम के आवास परिसर में चुनाव प्रभारी व्यास यादव और मुरली प्रसाद के उपस्थिति में संपन्न हुई । इस दौरान प्रखंड के सैकड़ों राजद सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित हुए। मौके पर चुनाव प्रभारी श्री व्यास यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रखंड अध्यक्ष और पंचायत अध्यक्ष एवं डेलिगेशन सदस्य का चयन होना है। जिसका श्री यादव ने चुनाव प्रक्रिया का रूल नियम विधि को उपस्थित राजद कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक बतलाते हुए चुनाव कराया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव का पार्टी के लिए समर्पित भाव, कार्यकर्ताओं के प्रति व्यवहार को देखते हुए सर्वसम्मति से प्रीतलाल यादव को ही निर्विरोध चयन किया गया । वहीं उपस्थित चुनाव प्रभारी ने चयनित प्रखंड अध्यक्ष के नाम पर हस्ताक्षर कर जिला कमेटी को अग्रेषित कर दिए । मौके पर चुनाव प्रभारी ने सर्वसम्मति से वीरेंद्र यादव एवं मो. जसीमुद्दीन को डेलिगेशन सदस्य के रूप में चयन किया । इस दौरान निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव ने बैठक को संबोधन करते हुए मंचासीन पदाधिकारियों एवं बैठक में उपस्थित सभी पंचायत के पंचायत कमेटी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता का धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक का संबोधन किया। कहा कि पार्टी के कार्यकताओं ने जिस आशा और उम्मीद से हमें दूसरा बार प्रखंड अध्यक्ष चुना है। मैं उस आशा और उम्मीद पर खरा उतरने का पूर्ण कोशिश करूंगा। मौके पर उपस्थित मंचासीन पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष एवं डेलिगेट सदस्य व सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित प्रखंड एवं पंचायत के विभिन्न राजद कार्यकताओं ने प्रखंड अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर बधाई दी। मौके पर चुनाव प्रभारी व्यास यादव, मुरली प्रसाद, जिला महासचिव श्याम सुंदर यादव, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष तुलसी राम, वीरेंद्र यादव ,सुरेश राम, बाबूलाल राम ,मो.जसीमुद्दीन ,दशरथ यादव, रामकुमार साहू, मो. जहूर, अंसारी मो. आफताब, शमशेर आलम, कुंदन मुंडा ,राजन कुमार यादव चमन साहू ,सुरेंद्र राम ,सतीश कुमार यादव, महादेव यादव, गोवर्धन यादव ,विवेक कुमार पासवान, मुकेश कुमार पासवान सहित कई गणमान्य राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ज्योति औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से 143 छात्रों का हुआ कैंपस सलेक्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ज्योति निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांदू मुहल्ला डालटनगंज में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात से मारुति लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर आईटीआई पास आउट सैकड़ों छात्रों ने कंपनी के साक्षात्कार प्रभारी के समक्ष साक्षात्कार में उपस्थित हुए। कंपनी द्वारा 143 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। साथ ही चयन प्रभारी ने संस्थान की तारीफ करते हुए कहा कि इन अभ्यार्थियों के सफलता के पीछे संस्थान के नई आधुनिक तकनीकी व्यवस्था के साथ-साथ अनुदेशकों द्वारा दिये गए निर्देश का महत्वपूर्ण योगदान है। यहां की आधुनिक शिक्षण प्रणाली एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था, प्रोजेक्टर, वाई-फाई कैंपस, डिजिटल एजुकेशन के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिससे प्रशिक्षणार्थी को अत्याधुनिक तकनीकी व्यवस्था के बारे में काफी जानकारी दी गई है। संस्थान के सचिव ज्योति पांडे ने बताया कि हम और हमारी संस्थान युवाओं के भविष्य, उज्ज्वल बनाने को लेकर हमेशा प्रयासरत है। सभी युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्रदान कराने के लिए हमारी संस्थान प्रतिबद्ध है। इसके लिए कई सारे उपयोगी कदम उठाए गए हैं और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए और भी प्रयास किए जायेंगे। देश के विकास को गति प्रदान करने के लिए रोजगार का सृजन होना अत्यंत जरूरी है। रोजगार मिलने पर युवाओं का जीवन स्तर ऊपर उठता है। जिसे उठाना ही हमारा महत्वपूर्ण लक्ष्य है। श्री पांडे ने चयनित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश के भविष्य है। आप अपने क्षेत्र तथा इस संस्थान का नाम इस प्रकार रौशन करिये कि पूरे देश में आपका और आपके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की जाये। लोग आप से जुड़कर या आपसे मिलकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस करें। संस्थान के प्राचार्य, संजीव पांडे ने बताया की विगत कई वर्षों से इस संस्थान द्वारा युवाओं के रोजगार मुहैया कराने को लेकर अनेक बार कैंपस प्लेसमेंट आयोजन किया जा चुका है। सैकड़ों युवाओं ने यहां से रोजगार पाकर अपना भविष्य संवारने का कार्य किया है। मौके पर संस्थान के प्लेसमेंट प्रभारी विवेक कुमार अग्रवाल, अनुदेशक मनोरथ चौधरी, यशवंत पांडे, उमेश कुमार शर्मा, प्रिंस सिंह, सूरज कुमार शर्मा, श्रद्धा सुमन आदि सभी अनुदेशकगण उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय परिसंघ ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महादलित संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के अध्यक्ष सोनू कुमार ने पलामू उपायुक्त को पत्र लिखकर पांडू प्रखंड में महादलित ऊपर हुए अत्याचार पर न्याय की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि पलामू जिले के पांडु प्रखंड अंतर्गत कजरू कला पंचायत के मुरुमातु पहाड़ी के पास लगभग चार दशकों से रह रहे महादलित परिवार मुसहर को एक विशेष समुदाय के दबंगों ने मार-पीट कर जबरन गांव से भगाया और वहां के सभी विशेष जाति मिलकर सभी दलित परिवार के लोगों का सामान गाड़ी में भरकर जंगल में ले जाकर मारपीट किया। धमकी भी दिया की अभी मारपीट कर के छोड़ दिया गया है। यदि तुम लोग थाना पुलिस की तो तुम लोगों को जिन्दा जला देंगे, अब तुम लोगों का स्थान जंगल ही है। उन्होंने उपायुक्त से मांग किया है कि विशेष समुदाय के दबंगों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए भगाये गए महादलित परिवारों को उसी स्थान पर अगर गैरमजरुआ जमीन है तो शीघ्र भूदान कर आवास बनाकर कुटीर उद्योग से सम्बंधित स्वरोजगार मुहैया कराया जाये । जिससे आने वाले समय में दलितों पर ऐसी कोई दबंगई के साथ क्रूर अत्याचार न कर सके।

### एकीकृत संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्यारह सितंबर को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्य कमेटी की बैठक 11 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में 11बजे से रखी गई। जिसमें राज्य कमेटी जिला कमेटी के सदस्यों को बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही साथ एकीकृत मोर्चा से अलग हुए सभी सदस्यों को भी बैठक में बुलाया गया है। जिसमें भाग लेकर अपनी बातों को रखें, ताकि सरकार के समक्ष एकजुटता के साथ मॉग रखी जा सके। प्रत्येक जिला का आपस मे सामंजस्य बैठाकर बहुमत के आधार पर अपनी मांग को सरकार के समक्ष रखने की रणनीति तैयार किया जायेगा।

## हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने नगर इकाई का किया विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने नगर कमिटी का विस्तार किया। जिसमें आवाम मोर्चा के नगर इकाई में 3 युवाओं ने सदस्यता लिया। बता दें की अबु फजल मोहमद रेयान की अध्यक्षता में नगर कमिटी का विस्तार हुआ। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष के रूप में मो० सहनवाज अहमद, नगर महासचिव शाहनवाज अहमद, वही नगर कार्यकारिणी सदस्य मो० सादिक आलम ने सदस्यता ली। मौके पर प्रदेश सचिव आशुतोष तिवारी, जिला अध्यक्ष चंदन कुमार जिला महाचिव जलाल अंसारी भी मौजूद रहे। मौके पर नगर इकाई ने कहा ही हमलोग मिलकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाएंगे। नगर निगम में फैल रही अराजकता को उजागर करेंगे। आम लोगो की समस्याओं से निपटारा हेतु हर संभव प्रयास करेंगे।

# शहर के कई होटलों में बेखौफ चल रहा है जिस्मफरोशी का धंधा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के कई होटलों में बेखौफ चल रहा है जिस्मफरोशी का धंधा। होटल संचालक इस अवैध कारोबार के सूत्रधार हैं। होटल संचालकों को न तो पुलिस की कार्रवाई का खौफ है और न ही सामाजिक हनन की चिंता। जानकारो के मुताबिक मेदिनीनगर शहर में दर्जनों की संख्या में छोटे बड़े होटल संचालित हो रहे हैं। होटल में यह धंधा बदस्तूर दिन के उजाले में भी चल रहा है। लोगों का कहना है कि पहले भी पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी कर जिस्मफरोसी के अवैध धंधे का पदार्फाश किया जाता रहा है। जिसमें कई होटल संचालक इस धन्धे में पकड़े भी गए हैं। लोगों का कहना है कि समय -समय पर पुलिस को इन होटलो में छापेमारी करनी चाहिए। ताकि जिस्मफरोशी का धंधा करने वाले होटल संचालकों में खौफ बना रहे। होटल व्यवसाय से जुड़े जानकार बताते हैं कि शहर में कई ऐसे नामी गिरामी होटल हैं जो रात के अंधेरे की बात छोड़ दीजिए यहां दिन के उजाले में ही जिस्मफरोशी का धंधा चलाते हैं। इसके अलावा देर रात में पेशेवर महिलाएं व युवतियों के आने-जाने का सिलसिला शुरू होता है। पूरी रात यह धंधा चलता रहता है और अहले सुबह ही पेशेवर महिलाएं व युवतियां अपने घरों के लिए रवाना हो जाती हैं। इसमें शामिल लोगों को उनका हिस्सा पूरी ईमानदारी से मिल जाता है। इस काम मे होटल संचालक और पेशेवर महिला भी शामिल हैं जो पैसे के लालच में शान शौकत के लिए गरीब घर की लड़कियों को इस धंधे में धकेलती हैं। होटल व्यवसाय से जुड़े जानकर बताते हैं कि ग्राहकों के डिमांड के अनुरूप लड़कियां बाहर के शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से मंगाई जाती हैं। ग्राहकों की सबसे ज्यादा डिमांड कम उम्र की पढ़ने वाली लड़कियों का होता है। कम उम्र की लड़कियां बुलाई जाती हैं, जो पूरे दिन इन होटलों में रहती है। हर लड़की का एक रेट फिक्स होता है।

**धन्धे में स्थानीय पेशेवर महिलाएं व लड़कियों को ज्यादा मिलती है तहजीब:** होटलों में जिस्म की खरीद फरोख के धंधे में स्थानीय पेशेवर महिलाओं व लड़कियों को होटल व्यवसायियों द्वारा ज्यादा तहजीब दी जाती है। एक वजह यह भी है कि ग्राहक के डिमांड पर कम समय के अंदर यह महिलाएं व लड़कियां होटल में उपलब्ध हो जाती हैं। जिसका ज्यादा मुनाफा होटल मालिक को मिलता है। इसके साथ ही तहजीब का एक कारण यह भी है कि इनके भेजने का कोई इंतजाम होटल प्रबंधन द्वारा नहीं किया जाता है । क्योंकि इन्हें शहर के सड़कों से आने जाने वाले वाहन, पुलिस स्टेशन सहित सभी जानकारियां होती है। जिससे यह अपनी सुरक्षा का इंतजाम स्वयं करती है। इतना ही नहीं इनके द्वारा होटल में आर्थिक तंगी से जूझ रही ग्रामीण लड़कियों व महिलाओं को उम्मीद की किरण दिखाकर सप्लाई किया जाता है।

## राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना जर्जर सड़क



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के तारीडीह पंचायत अंतर्गत तारीडीह ग्राम के टोला चुनवालेड, बैराही, ब्रह्कुरवा जाने वाली मुख्य सड़क काफी जर्जर है। जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां लगभग 120 घरों की आबादी को प्रखण्ड मुख्यालय बाजार या छतरपुर- नौडीहा बाजार मुख्य सड़क पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे के हो जाने से बरसात के दिंनो में वर्षा का पानी जमजाने से सड़क कीचड़ों में तब्दील हो गई है। जिससे चार पहिया, साइकिल व बाइक सवार छोड़ लोगों की पैदल चलने में भी काफी कठिनाइयो का सामना करना पड. रहा है। लोगों को गांव से बाहर जाने के लिए इसी सड़क से आना जाना पड़ता है। बार-बार सब्जी का बोझ,आनाज का बोझ कीचड़ों के कारण गिर जाते है। इसके अलावा पैदल चलने वालों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। इस रास्ते से कोई भी चार पहिया वाहन नहीं चल पाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों को दी गयी । लेकिन किसी ने इस ओर घ्यान नहीं दिया। वही ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से भी सड़क दुरुस्त करवाने की मांग की।

सम्पादक की कलम से...

## ईडी की दबिश..

ईडी की कार्रवाई से संताल परगना में टेंडर मैनेज करने और अवैध खनन के जरिये अर्जित संपत्ति के मनी लाउंड्रिंग के मामले में पंकज मिश्रा पर जल्द ही चार्जशीट दायर करने की योजना है। ईडी की टीम बकायदा तीन हजार से अधिक पन्नों की चार्जशीट तैयार कर रही है। इसके लिये ईडी की टीम जुटी हुई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने 19 जुलाई को पूछताछ के लिए बुलाया था। उसी दिन उनकी गिरफ्तारी ईडी ने कर ली थी। इसके बाद 14 दिनों के रिमांड पर उनके एजेंसी ने पूछताछ की थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी को गिरफ्तारी के 60 दिनों के भीतर चार्जशीट करनी है, चार्जशीट नहीं हो पाने की स्थिति में पंकज मिश्रा को लाभ मिल सकता है, ऐसे में पूरे तथ्यों के साथ ईडी चार्जशीट कर रही है। ईडी ने 100 करोड़ रुपये की काली कमायी अवैध खनन के जरिये पायी है। साहिबगंज, पाकुड़ समेत अन्य जिलों में अवैध खनन का मास्टरमाइंड भी एजेंसी ने पंकज मिश्रा को ही पाया है। ईडी ने अब तक की जांच में साहिबगंज के दर्जनों माइंस कारोबारियों से पूछताछ की है। ईडी ने पंकज मिश्रा के पार्टनर बच्चू यादव को भी इस मामले में जेल भेजा है। वहीं, भगवान भगत, हीरा भगत समेत दर्जनों कारोबारियों से अब तक की जांच में पूछताछ की है। ऐसे में ईडी की दबिश से झारखंड की राजनीति में भूचाल आया है। दूसरी तरफ विशेष सत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री ने अपनी ताकत का एकसास भी कराया है। बावजूद आज भी सबकी निगाह राज्यपाल की ओर टिकी हुई है। ऐसे में संवैधानिक दायरे में कभी भी कुछ हो सकता है,इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। वैसे ईडी की कार्रवाई से जो राजनीति हो रही है वह कहीं से जायज नहीं है। अगर कोई गलत नहीं है तो घड़बड़ाने की कोई बात नहीं लगती है। बावजूद जिस तरह ईडी के भूत से बैचैनी है ,उससे यही लगता है कि दाल में काला ही नहीं,पूरी दाल ही काली है। वैसे अब आने वाले दिनों में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम भी ईडी की रडार पर हैं। ईडी ने बरहरवा थाने में टेंडर मैनेज करने से जुड़ा जो केस दर्ज किया था, उस केस में भी आलम आरोपी हैं। ईडी की ईसीआईआर में भी आलम का नाम दर्ज है। हालांकि, इस मामले में ईडी ने अब तक उनका बयान दर्ज नहीं कराया है। एजेंसी से जुड़े अधिकारियों की मानें तो जांच का दायर जैसे जैसे आगे बढ़ेगा इसमें कई लोगों की भूमिका सामने आ सकती है। सबको मालूम है कि पंकज मिश्रा के ही करीबी दाहू यादव को ईडी ने जुलाई माह में बुलाया था। शुरुआती पूछताछ में आने के बाद दाहू यादव ने अपनी मां की बीमारी का बहाना बनाया। इसके बाद ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। ईडी ने कई बार दाहू के ठिकानों पर छापेमारी की, उसके परिवार के लोगों को भी नोटिस भेजा। लेकिन दाहू का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के मामले में दाहू यादव की संपत्ति की जानकारी जुटा उसे जब्त की जायेगी। इस दिशा में ईडी ने प्रयास शुरू कर दिया है। अब देखना है कि आने वाले दिनों में ईडी का क्या असर झारखंड की राजनीति पर पड़ता है?

## आज का इतिहास

**1932 :** इराक ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।
**1978 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहले और दुनिया में दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
**1984 :** भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गई।
**1992 :** गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
**1994 :** भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
**1995 :** चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति बनी।
**1996 :** पाकिस्तानी बल्लेबाज शाहिद अफरीदी ने एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 37 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रचा।
**2003 :** पाकिस्तान ने हत्फ-मिसाइल का परीक्षण किया।
**2011 :** विश्व के चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने अमेरिका के डोनल्ड यंग को हराकर एटीपी थाईलैंड ओपन का एकल खिताब जीत लिया है।
**2011 :** पेंटर बाबू के नाम से चर्चित पाकिस्तानी चित्रकार वसील ने दुनिया को शांति और प्रेम का संदेश देने के लिए अपने खून से महात्मा गांधी का चित्र बनाया।
**2013 :** इतालवी द्वीप लात्पेदुसा के पास एक नाव के डूब जाने से करीब 134 लोगों की मौत हो गई।
**1492 :** ब्रिटेन के किंग हेनरी सप्तम ने फ्रांस पर आक्रमण किया।
**1869 :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ।
**1998 :** बिहार के प्रमुख गाँधीवादी रचनात्मक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी प्रजापति मिश्र का जन्म हुआ।
**1904 :** भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लालबहादूर शास्त्री का जन्म हुआ।
**1924 :** राष्ट्रसंघ को शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से लाया गया जेनेवा प्रस्ताव महासभा द्वारा स्वीकृत हुआ किंतु बाद में उसकी पुष्टि नहीं हुई।

# विकसित देश बनाने की चुनौतियां

> दुनिया के ढहते शेयर बाजारों के बीच 30 अगस्त, 2022 को सेंसेक्स 59357 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का उत्पाद निर्यात करीब 419 अरब डालर और सेवा निर्यात करीब 249 अरब डालर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत की पहचान एक उद्यमी समाज के रूप में बन रही है। इस समय भारत नवउद्यमों और यूनिकार्न्स का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ठिकाना बन गया है। यूनिकार्न एक अरब डॉलर मूल्यांकन वाले उपक्रम होते हैं। देश कृषि क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है।

भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के लिए पच्चीस वर्षों तक लगातार करीब सात से आठ फीसद की दर से बढ़ना होगा। इसके अलावा कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। नई पीढ़ी को नये कौशल से सुसज्जित करके बड़ी संख्या में नई नौकरियों का सृजन करना होगा। इन दिनों भारत को विकसित देश बनने की संभावनाओं पर मंथन चल रहा है। यह अत्यधिक महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य है। एक विकसित राष्ट्र की पहचान आमतौर पर अपेक्षाकृत ऊंची आर्थिक विकास दर, बेहतर जीवन स्तर व उच्च प्रति व्यक्ति आय से होती है। इसके अलावा उसे मानव विकास सूचकांक के मानकों पर अच्छा प्रस्तुतीकरण करने की भी जरूरत होती है। इसमें शिक्षा, साक्षरता और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत चीजें शामिल हैं। इन सभी मानकों पर भारत अभी बहुत पीछे है और विकसित देश बनने का लक्ष्य पाना अत्यधिक चुनौतीपूर्ण है। जब हम इस प्रश्न पर विचार करते हैं कि भारत 2047 में विकसित देश कैसे बनेगा, तो दो बातों का विश्लेषण करना होगा। एक, आजादी से अब तक भारत का आर्थिक-सामाजिक आधार कैसा है और दो, हम विकसित देश बनने के लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को कैसे प्राप्त कर पायेंगे? निश्चित रूप से विगत पचहत्तर वर्षों में असाधारण चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने के बाद दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की जो तस्वीर दिखाई दी है, उसके आधार पर देश के विकसित देश बनने की पूरी क्षमता है। गौरतलब है कि इस समय भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच वित्त वर्ष 2021-22 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। 2021-22 में 83.57 अरब डालर का एफडीआई प्राप्त हुआ है। कंप्यूटर साफ्टवेयर और हार्डवेयर क्षेत्र में सबसे अधिक एफडीआई प्राप्त हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत स्तर पर दिखाई दे रहा है, जो कि दुनिया में चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। दुनिया के ढहते शेयर बाजारों के बीच 30 अगस्त, 2022 को सेंसेक्स 59357 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया। पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का उत्पाद निर्यात करीब 419 अरब डालर और सेवा निर्यात करीब 249 अरब डालर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत की पहचान एक उद्यमी समाज के रूप में बन रही है। इस समय भारत नवउद्यमों और यूनिकार्न्स का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ठिकाना बन गया है। यूनिकार्न एक अरब डॉलर मूल्यांकन वाले उपक्रम होते हैं। देश कृषि क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है। वर्ष 2021-22 के चौथे अग्रिम अनुमान के मुताबिक देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन 31.57 करोड़ टन होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 49.8 लाख टन अधिक है। देश की अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल होती गई है। इस समय भारत डिजिटल तकनीक के कारण कृत्रिम मेधा, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। दुनिया के चालीस फीसद आनलाइन पेमेंट भारत में हो रहे हैं। इतना ही नहीं, डिजिटल इंडिया मुहिम देश को डिजिटलीकृत और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। इससे ई-कामर्स और अन्य व्यवसाय बढ़ रहे हैं। साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था के तहत रोजगार के नए मौके निर्मित हो रहे हैं। कोविड महामारी और वर्तमान वैश्विक संघर्षों के बीच देश की नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर देश स्टार्टअप व साफ्टवेयर से लेकर स्पेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामर्थ्यवान देश के रूप में उभर रहा है। मार्गन स्टैनली की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज बढ़ती एशियाई अर्थव्यवस्था होगी। जब हम इस प्रश्न पर विचार करते हैं कि हमें विकसित देश बनने के लिए कितने और कैसे प्रयास करने होंगे, तो हमारे सामने दुनिया के अड़तीस विकसित देशों का आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) दिखाई देता है। विकसित देशों का यह संगठन हमें संकेत देता है कि करीब बारह हजार से पंद्रह हजार डालर प्रति व्यक्ति जीडीपी के आधार पर अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में जगह मिल जाती है। भारत की प्रति व्यक्ति आय पच्चीस सौ डालर से भी कम है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 2047 तक भारत की जनसंख्या एक सौ चौंसठ करोड़ तक पहुंच सकती है।

**■ जयंतीलाल भंडारी**

## हारा वही जो लड़ा नहीं

पिछले वीकेंड बाहर जाना हुआ। ट्रेन में एक नॉवल उठा ली, ट्वेल्थ फेल। कैच लाइन थी - हारा वही जो लड़ा नहीं। एक सच्ची कहानी पर अनुराग पाठक की दोस्त मनोज शर्मा पर लिखी नॉवल जो ऐसे संघर्ष से होकर गुजरती है, जिसमें कई बार थक हारकर बिखर जाने का मन करता है। रुक जाने का मन करता है, लेकिन फिर जेहन में कोई बिजली कौंधती है जिसमें धुंधली होती मंजिल पहले से ज्यादा उजली दिखने लगती है। संघर्षों से सबका वास्ता पड़ता है। अपने संघर्षों से तो हम सीखते ही हैं, दूसरों के संघर्ष भी तब अक्सर अपने हो जाते हैं, जब उनमें हम अपने संघर्ष का कोई टुकड़ा खोज लेते हैं। इन टुकड़ों से ही जुड़कर जिंदगी आकार लेती है। कहानी शुरू होती है मुरैना की तहसील जौरा से, जहां पढ़ाई में कतई ऐवरेज लड़का मनोज 12वीं में इसलिए फेल हो जाता है, क्योंकि एक एसडीएम उस साल एग्जाम में नकल नहीं होने देता। इसके बाद कई उलझनों से घिरने के बाद किस्मत उसे आईपीएस बनने के ख्वाब तक ले जाती है। वह ऐसे सफर पर चल पड़ता है जो कदम-कदम पर उसे तोड़ता है। पर वह रुकता नहीं। पन्ने पलटते-पलटते मेरी ट्रेन भी स्टेशन दर स्टेशन पीछे छोड़ती हुई मेरी मंजिल पर रुक जाती है। कहानी अधूरी रह जाती है। मैं संघर्षों की भूलभुलैया में खो जाता हूं। न जाने कब-कब के और किस-किस के संघर्ष गड्डमड्ड होकर मुझसे पूछने लगते हैं कि कौन सा संघर्ष सबसे बड़ा था। रात को थका मांदा सो गया। सुबह कुछ ऐसे लोगों से मिला जिनसे बरसों से नहीं मिला था। उनमें एक चाची भी थी, जिनके साथ कोरोना के दिनों हुए हादसों की आधी-अधूरी कहानी ही मेरे पास थी। चाची ने खुद वह कहानी उस दिन पूरी कर दी। जवान बेटे की दोनों किडनियां खराब हो गई थीं। डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था पर मां हार मानने को तैयार नहीं थी। उतने पैसे नहीं थे, पर जैसे-तैसे लुधियाना में एक डॉक्टर किडनी ट्रांसप्लांट को तैयार हो गया। मां अपनी किडनी दे रही थी। बहुतों ने मदद की। कई लाख रुपये इक्ट्ठे हुए। ऑपरेशन सफल था, पर कुछ ही दिन में बेटे को कोरोना ने जकड़ लिया। अब और रुपये चाहिए थे। मां ने कहा, कुछ भी हो बेटे को बचाऊंगी। किस्मत साथ दे रही थी। बेटा ठीक हो गया, लेकिन इधर पति को कोरोना हो गया। उनके 15 दिन अस्पताल में बीते और किडनी देकर बिना आराम किये एक पत्नी पति को बचाने में जुट गई। पति नहीं बच सका। अब बेटा और मां मिलकर वे रुपये लौटाने में जुटे हैं जो तब मदद में मिले थे। अगले दिन लौटते हुए एक और संघर्ष जेहन से चिपक चुका था। किताब दिल्ली पहुंचने से पहले पूरी हो गई थी। मनोज लास्ट अटैम्प्ट में आईपीएस बन गया था। मैं किताब की कैच लाइन को घूर रहा था - हारा वही जो लड़ा नहीं। **ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं**

**■ ललित वर्मा**

## अवैध टावर बन गये इतिहास

वह क्षण जो इंतजार के साये में गुजारा जाता है,पल-पल लंबा होता जाता है, कठिन हो जाता है और प्रश्नात्मक भी हो जाता है। निगाहें टकटकी लगाये प्रतीक्षा करती हैं, अंजाम क्या होगा, प्रभाव क्या होगा? भ्रष्टाचार की इमारत नोएडा के ट्विन टावर का इस तरह से गिरना चाहे सबकी खुशी को प्रकट करता हो पर क्या ये इमारत देश के किसी भी काम में नहीं लायी जा सकती थी? आरोपियों से इसका हक छीनकर क्या इसे प्रयोग में नहीं लाया जा सकता था? देश की संपत्ति को गैर जिम्मेदार हाथों से लेकर कुछ भी आकार दिया जा सकता था। काफी समय से चर्चा का विषय रही नोएडा की इमारतों का ऐसा होना कानून की निगाह में अच्छा होगा पर पर्यावरण और वहां के निवासियों के स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है। थोड़े से पटाखे वातावरण को हानि पहुंचाते हैं तो धूल व धुंए का गुबार कितना भयंकर होगा, अकल्पनीय है। महीने, दिन, मिनट और सेकंडों की दूरी तय करते आखिरकार वो समय आ ही गया जब टावर गिरने थे। सैकड़ों धडकनें रुकने को विवश हो गई। लोगों की उत्सुकता व व्याकुलता दोनों ही चरमसीमा पर थी। एक अंजाना भय, आशंका व घबराहट लोगों के दिलों में थी कि कहीं कुछ गलत ना हो जाय। हालांकि सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है पर अटकलें तो लगाई ही जाती हैं। देखने वालों को उत्सुकता थी कि इमारत कैसे गिरेगी पर मुझे मेरे देश की मूल्यवान चीज ध्वस्त होती नजर आई जिसे गिरते देखना सहज ना था। जिसने भी जिनके सहयोग से इस इमारत को बनाया, जिसे बनने में सालों का वक्त लगा, समय रहते ही जिसके विषय में चिंतन नहीं किया गया। वह भ्रष्टाचारी वास्तव में माफी के योग्य नहीं हैं। लोगों के सपने नष्ट हुए हैं। उन्होनें शारीरिक व मानसिक परेशानियों को झेला है, उनका समाधान होना चाहिए था। यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश था और आदेश सर्वमान्य होते हैं पर क्या ये टावर देश के किसी भी प्रयोग में नहीं लाए जा सकते थे? इन टावरों को नष्ट ना कर, कुछ मंजिन कम कर कोई भी कॉम्पलेक्स बनाकर या किसी इमारत की तरह कोई खूबसूरत आकार देकर लोगों के आकर्षण का केंद्र बनाया जा सकता था। कोई छात्रावास, कोई भी विकल्प पर यूं समाप्त कर देना क्या धन की बबार्दी नहीं है? घर बनाने में जो समय और पैसा लगता है उसके नष्ट होने से दुःख पहुंचता है। हिन्दुस्तान का आलस्य कि समय रहते नहीं जागे और इतना बड़ा निर्माण हो गया। लोगों को धोखा दिया, उनके अरमानों से खेला गया, उनके धन का दुरुपयोग किया गया, जिस ग्रीन बैल्ट को स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित मानकर लोगों के हित के लिए रिक्त छोड़ा गया था उस पर निर्माण की अनुमति किसने दी? वो कौन से अधिकारी थे जो आज इतनी बड़ी घटना के लिए जिम्मेदार हैं? टावर के गिरा देने से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो गया। ये तो एक कार्रवाई हुई जिसने असंख्य मुसीबतों को जन्म दिया। उन लोगों को तो रात में चैन भी नहीं पड़ा होगा जिनके घर आसपास हैं, जिनके घर के बच्चे-बुजुर्ग अब वायु प्रदूषण की मार झेलेंगे, जहां कई महीनों तक आना जाना अवरुद्ध हो जायेगा। जहां की हरियाली काफी समय बाद भी अपने वास्तविक रुप को नहीं लौट सकेगी। ऐसा निर्माण जो गैरकानूनी था उसकी इतनी बड़ी इमारतें कैसे बनती चली गई? एक सामान्य नागरिक के तो छोटे से घर की भी जांच पड़ताल हो जाती है। यहां तो निर्माण होता ही चला गया। कितने ही लोगों की खून पसीने की कमाई और सपने चकनाचूर हो गये। असली अपराधी कौन हैं जिन्होनें ये खेल-खेला? आज कुछ सेकंडों में ही देश के सबसे ऊंचे टावर इतिहास बनकर रह गये। इतनी ऊंची इमारत का गिरना लोगों ने अपनी आंखों से देखा। किसी चुम्बकीय शक्ति की भांति लोगों की निगाहें दूरदर्शन पर भी चिपकी रहीं। एक नया अनुभव लोगों की जिंदगी का कि ऐसा भी हो सकता है। किसी ताकतवर को ऐसी सजा भी मिल सकती है। सच तो ये है कि न्याय की तो आज हर क्षेत्र में जरुरत है लेकिन टावरों के ध्वस्त होने से यदि हमारे वायुमंडल को आघात पहुंचेगा तो ये हमारे साथ न्याय नहीं होगा। हमारे सांस के रोगियों को यदि तकलीफ होगी तो ये अन्याय होगा। शिशुओं की किलकारियों पर असर होगा तो भी न्याय नहीं होगा। समाज को तकलीफ देने वाले भ्रष्टाचारियों में जो प्रत्यक्ष रुप से देश को घायल कर रहे हैं या जो अप्रत्यक्ष रुप से लोगों के जीवन से खेल रहें हैं उन्हें अपने घिनौने कार्य बंद करने चाहिए. घर एक बहुत बड़ा सपना होता है चाहे वो छोटा हो या बड़ा उस सपने को फलीभूत होते देखना हर किसी का अधिकार होना चाहिए। इस प्रकार सपनों की बलि चढ़ जाना स्तब्ध कर देता है। आज टावर नष्ट होने से सपने भी नष्ट हुए हैं और भ्रष्टाचारियों के लिए खुशी भी है। साथ ही देश की सम्पत्ति का नष्ट होना भी बड़ा तकलीफदेह है। ऐसा लगा जैसे टावर नहीं कुछ और भी ध्वस्त हुआ है। एक सन्नाटा पसरा, एक धमाका हुआ और सब खत्म। सैकड़ों सवालों को जन्म देते हुए एक किस्सा खत्म हुआ। हमें भ्रष्टाचार का अंत तो स्वीकार्य है पर उन भ्रष्टाचारियों का पदार्फाश कैसे होगा जो छुपे हुए हैं इस मलबे के ढ़ेर में नहीं, इसके धुंये में भी नहीं बल्कि समाज में आलीशान कोठियों में, घरों में जो हर वक्त हमारे साथ रहते हैं, उठते-बैठतें हैं पर हमें नजर नहीं आते।

**■ रेखा गर्ग**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

#### अथ प्रथमोऽध्यायः

विवाह होते समय अग्निके साक्ष्यमें [प्रतिज्ञा-रूपमें] यह वचन कहना पड़ता है-'[हे पतिदेव!] अब मैं सदाके लिये पूर्णरूपसे आपके अधीन हो चुकी हूं।' इसके अतिरिक्त ससुरालमें सास तथा देवर आदि लोगोंकी दासी बनकर रहना तथा सदा पतिके अनुकूल रहना अत्यन्त दुःखदायक बताया गया है।।18-19।।

कहीं यदि पतिने अन्य स्त्रीके साथ विवाह कर लिया तब तो सौतसे मिलनेवाला महान् दुःख उपस्थित हो जाता है। उस समय पतिके प्रति ईर्ष्याभाव उत्पन्न हो जाता है, कलह भी होने लगता है। हे माता! संसारमें सुख कहां है? और विशेष करके स्वभावसे ही परतन्त्र नारियोंके लिये इस स्वप्नधर्मा संसारमें सुख है ही नहीं।।20-21।।

हे माता! मैंने सुना है कि प्रचीनकालमें राजा उत्तानपादनके एक 'उत्तम' नाम पुत्र थे, जो समस्त धर्मोंके ज्ञाता एवं ध्रुवके कनिष्ठ भ्राता थे। उन्होंने अपनी धर्मनिष्ठ, पतिव्रता, पतिके प्रति भक्तिभाव रखनेवाली, प्रिय तथा सुन्दर पत्नीके प्रति भक्तिभाव रखनेवाली, प्रिय तथा सुन्दर पत्नीको बिना किसी अपराधके ही वनमें छोड़ दिया था।।22-23।।

पतिके रहते हुए भी इस प्रकारके अनेक दुःख स्त्रीको सहने पड़ते हैं। दैवयोगसे उसकी मृत्यु हो जानेपर स्त्रीको [विधवा बनकर] दुःख उठाना पड़ता है; क्योंकि वैधव्य परम दुःखमय होता है तथा नानाविध शोक एवं संताप उत्पन्न करता रहता है। पतिके परदेश चले जानेपर कामदेवकी अग्निमें जलती हुई स्त्रीको धरमें अत्यधिक दुःख सहना पड़ता है, तो फिर उसे पतिसंगजनित क्या सुख प्राप्त हुआ? अतएव मेरा तो यही मत है कि स्त्रियोंको विवाह कभी नहीं करना चाहिये।।24-26।।

[पुत्रीके] ऐसा कहनेपर उसकी माताने अपने पतिसे कहा-कौमारव्रत धारण करनेकी इच्छावाली वह राजकुमारी पतिकी कामना नहीं करती है। संसारसे विरक्त रहकर वह सदा व्रत और जपमें तत्पर रहना चाहती है। [पतिसंगजनित] अनेक दोषोंको जाननेवाली वह कन्या विवाह नहीं करना चाहती।।27-28।।

अपनी भार्याकी बात सुनकर राजा चन्द्रसेन भी चुप रह गये। अपनी पुत्रीको विवाहकी इच्छासे रहित भाववाली जानकर राजाने भी उसका विवाह नहीं किया। वह मन्दोदरी भी माता-पिताके द्वारा भलीभांति रक्षित होती हुई घरपर ही रहने लगी। कुछ समय पश्चात् नारियोंमें कामोत्तेजना उत्पन्न करनेवाले यौवन- सम्बन्धी लक्षण उसमें विकसित होने लगे। उस समय उसकी सखियोंने विवाहके लिये उसे बार-बार प्रेरित किया, फिर भी ज्ञान-तत्वकी बातें कहकर वह मन्दोदरी पति बनानेके लिये तैयार न हुई।।29-31।।

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### बड़े सब्जी बाजार की आवश्यकता

यह शहर काफी पुराना है। यहां पहले सब्जी बाजार और पुराना खस्सी मार्केट लगभग एक ही जगह पर थे। बाद में खंस्सी मार्केट वहां कई वर्षो तक लगता रहा फिर बाद में वह भी वहां से खत्म हो गया है। हमीदगंज में भी एक खस्सी मार्केट हुआ करता था वह भी अब वहां पर नहीं रहा। अब वह नाम की ही खंस्सी मार्केट है। शहर की बढ़ती हुई आबादी व इसके क्षेत्रफल के कारण अभी सब्जी बाजार सत्तार सेठ चौक से लेकर मनी टेलर तक पहुंच गया है। पहले यह क्षेत्र मुहल्लों में आया करता था। वहीं मांस का मार्केट एक जगह नहीं होकर कई चौक-चौराहों पर दिखाई देने लगा है। शहर के कई स्थानों पर लोग सुविधा के अनुसार सब्जी बाजार लगाने लगे हैं। उनमें से गांधी मैदान के समीप, सुदना गायत्री मंदिर रोड में पीपल के पास, जेलहाता चौक सोहसा बस मालिक के आवास के सामने, बैरिया चौक, सिंचाई विभाग, रेड़मा पुराना रांची रोड आदि जगहों पर सब्जी बाजार लगता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से निगम व प्रशासन से आग्रह करता हूं कि शहरी क्षेत्र के लिए बढ़ती हुई आबादी के कारण एक सब्जी बाजार की आवश्यकता है। साथ ही मांस -मछली के लिए एक मार्केट की आवश्यकता पुराने खस्सी मार्केट की तरह की जरूरत है। कई बार सब्जी बाजार के कन्नीराम चौक पर सुबह 11-12 बजे थोक सब्जियों के टैम्पू व जीप से आने के कारण यहां पर जाम की स्थिति हो जाती है। इसलिए थोक सब्जी व्यापारियों के लिए खुदरा सब्जी बाजार से अलग व्यवस्था की जाये।

**■ प्रवीन कुमार मेदिनीनगर।**

## मुखौटों में छुपे राष्ट्रद्रोहियों को करना होगा चिन्हित

विश्व की अर्थ व्यवस्था में भारत ने 5वीं पायदान पर पहुंचकर ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ते हुए आर्थिक वृध्दि का नया कीर्तिमान गढ़ा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृध्दि दर 13.5 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष में सबसे अधिक है। यह दुनिया की सबसे तेज वृद्धि दर घोषित की गई। एक दशक पहले भारत 11वें स्थान पर था जबकि ब्रिटेन 5वें पर। वर्तमान में भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी ही रह गये हैं। आज से 75 वर्ष पहले जब देश आजाद हुआ था तब ब्रिटेन ने सोचा भी नहीं होगा कि उसका गुलाम रहा भारत कभी आर्थिक विकास में उससे आगे निकल जायेगा। विशेषज्ञों की मानें तो वर्तमान वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की दर से देश की अर्थ व्यवस्था बढ़ने की सम्भावना है। अमेरिकी डॉलर पर आधारित अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के आंकडों में भारतीय अर्थ व्यवस्था का आकार 854.7 बिलियन डालर तथा ब्रिटेन की अर्थ व्यवस्था 816 बिलियन डॉलर पर बताया गया है। इस उपलब्धि के लिए मेड इन इण्डिया, डिजिटल इण्डिया, स्किल इण्डिया जैसे कारकों के सफल क्रियान्वयन को उत्तरदायी माना जा रहा है। इस विकास से बौखलाये कंगाल होते पाकिस्तान ने अपनी पूरी ताकत भारत के विरुध्द षडयंत्र करने में झौंकना शुरू कर दी है जिसमें उसे चीन के अलावा अनेक इस्लामिक राष्ट्रों का भी सहयोग मिल रहा है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारतीय सुरक्षा बल के जवानों को लक्ष्य बनाने हेतु हनीट्रैप ब्रिगेड बनाई है जिसमें फिलहाल 50 खूबसूरत लड़कियों को नियुक्त किया गया है। इस हनीट्रैप ब्रिगेड को 10 माड्यूल में बांटकर दिखावटी प्यार, प्रेम का इजहार और लक्ष्य को भावनात्मक जडाव के लिए प्रेरित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सोशल मीडिया के लोकप्रिय प्लेटफार्म का खुलकर उपयोग हो रहा है। प्रशिक्षण में फर्जी पहचान के साथ सोशल मीडिया की आई बनाने, रिक्वेस्ट भेजने, भावनात्मक बातें करने, वीडियो कालिंग पर शारीरिक प्रदर्शन करने, उत्तेजित करने, शादी का झांसा देने, लक्ष्य के साथ होने वाले सभी संवादों को रिकार्ड करने और बाद में भारत के सुरक्षा संबंधी गोपनीय दस्तावेज, जानकारियां और आंकडे आदि हासिल करने की तकनीक सिखाई जा रही है। भावनात्मक रूप से जुड़ चुके लक्ष्य से यदि सामान्य रूप से जानकारियां प्राप्त नहीं होती हैं तो फिर उसे पूर्व के रिकार्ड किये गये संवादों को वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल करने की तकनीकी बारीकियां भी सिखाई जा रहीं हैं। हाल ही में पाकिस्तान की इस हनीट्रैप ब्रिगेड ने उत्तराखण्ड के हरिव्दार निवासी प्रदीप कुमार को अपनी शिकार बनाया। प्रदीप कुमार की उम्र मात्र 24 वर्ष है जो कि जोधपुर स्थित सेना की खुफिया मिसाइल रेजिमेन्ट यूनिट में गनर के पद पर पदस्थ था। हनीट्रैप ब्रिगेड की सदस्य ने रिया शर्मा के नाम से नवम्बर 2021 में प्रदीप को अपने जाल में फंसाया। रिया ने स्वयं को इण्डियन एयरफोर्स के बेंगलुरु सेन्टर में एएमसी विभाग की लेफ्टिनेंट बताया। लगातार प्यार भरी चैट की। वाट्सएप पर काल किया। अपनी प्रमाणिकता प्रस्तुत करने हेतु उसने कई बार इण्डियन एयरफोर्स की एएमसी वर्दी में भी बात की। वीडियो कालिंग के दौरान वह अक्सर अपने कपडे उतारने लगती, अश्लील बातें करती, उत्तेजनात्मक संवाद से वातावरण को कामुक बनाती ताकि शारीरिक आकर्षण से प्रदीप पर शिकंजा कसा जा सके। वह अपने प्रयास में सफल भी हो गई। रिया का जादू चल गया। विगत 14-15 जनवरी 2022 को जैसलमेर के लाठी गांव में हुए वार्षिक युध्दाभ्यास की एडवांस पार्टी के साथ प्रदीप गया था जहां से 20-21 फरवरी 2022 वह वापिस लौटा। उस दौरान के युध्दाभ्यास के फोटोग्राफ ही नहीं बल्कि रेजीमेन्ट यूनिट में ड्यूटी की तैनाती, मिसाइल यूनिट के बैटरी रूम, लाकर रूप के दस्तावेज, कम्प्यूटर के अनेक स्क्रीन शाट के माध्यम से मिसाइलों से जुड़ी गोपनीय जानकारियां, लोकेशन, क्षमता, कार्य करने का ढंग आदि का विस्तार रिया ने हासिल कर लिया। प्रदीप ने रिया से प्रत्यक्ष मिलने के लिए बेचैनी दिखाई तो उसने दिल्ली बुलाया। जब प्रदीप दिल्ली पहुंचा तो वहां रिया नहीं मिली।

**■ डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नंबर :** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562-241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, **फोन नंबर :** 0651-2283384, **फैक्स नंबर :** 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### प्रतापगढ़ में चार अवैध देसी बम के साथ एक गिरफ्तार



**प्रतापगढ़ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में जनपद प्रतापगढ़ के थाना दिलीपपुर में पुलिस ने एक बदमाश को चार अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि थाना दिलीपपुर पुलिस टीम मंगलवार देर रात चौखड़ा पुल के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तौफीक उर्फ पप्पू यादव को चार देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। तौफीक के खिलाफ संबंधित थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### ट्रक ने मोटरसाइकिल पर सवार तीन को कुचला, एक की मौत

**बेगूसराय (एजेंसी)।** बेगूसराय जिले की सड़कों पर तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है। बुधवार को भी एनएच-31 फोरलेन पर हुए सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो रिश्तेदार घायल हो गए। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के समीप की है। मृतक महिला खगड़िया जिले के चौथम थाना क्षेत्र स्थित अगहनी गांव निवासी रुदल महतो की पत्नी शोभा देवी है। हादसे में मृतका शोभा देवी की मौसी श्रीवती देवी एवं मौसेरा भाई भरत कुमार घायल हो गया, जिन्हें स्थानीय लोगों के प्रयास से इलाज के लिए ले जाया गया है। बताया जा रहा है कि साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के नया टोला में रहने वाली शोभा देवी के रिश्तेदार की कल मौत हो गई थी। जिसके अंतिम दर्शन करने के लिए वह अपने मौसी और मौसेरा भाई के साथ मोटरसाइकिल से आई थी। बुधवार को तीनों मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे, इसी दौरान सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने तीनों को कुचल दिया। जिसमें एक की घटनास्थल पर मौत हो गई, हादसे के बाद रिश्तेदारों में कोहराम मच गया है।

### पेट्रोलिंग गाड़ी व स्विफ्ट डिजायर में आमने-सामने की भीषण टक्कर, ड्राइवर घायल

**बगहा (एजेंसी)।** बगहा-वाल्मीकिनगर स्टेट हाईवे पर स्थित बसही मोड़ पर नौरंगीया थाना की पेट्रोलिंग कर रही गाड़ी से मंगलवार की देर रात आठ बजे के आसपास बगहा से जा रही एक स्विफ्ट डिजायर कार से टकरा गयी। ग्रामीणों के अनुसार नौरंगिया थाना की गाड़ी एएसआई अकसूद आलम के नेतृत्व में कुछ जवानों के साथ गश्ती पर निकली थी। नौरंगिया चौक से लगभग 800 मीटर दूर नौरंगिया के बसही मोड़ के समीप थाना की गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी थी। तब तक बगहा से वाल्मीकि नगर की तरफ जा रही एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी थाना के गाडी से जा टकरायी। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 06 सीडब्ल्यू 3953 है। ग्रामीणों ने बताया कि थाना के ड्राइवर को चोट लगी है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाल्मीकि नगर ले जाया गया है। खबर लिखे जाने तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं थी।

### सुकमा में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में एक महिला नक्सली सहित तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कोन्टा में कल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी गौरव मण्डल, एसडीओपी गिरिजा शंकर साव, रोहित शुक्ला व सीआरपीएफ 151 वाहिनी के सहायक कमाण्डेंट सुजीत कुमार सुमन के समक्ष एक महिला नक्सली समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

### मोतिहारी में सड़क हादसा, एक किशोर की हुई मौत, दो की स्थिति गंभीर

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना थाना क्षेत्र के एनएच-27 के समीप विश्रामपुर दुबौलिया बांध पर हुई है। जहां तेज पिकअप गाड़ी की चपेट में आने से दुबौलिया गांव के रामेश्वर पासवान के 13 वर्षीय पुत्र राजा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई इसी गांव के विजय पासवान के 12 वर्षीय पुत्र मंजेश व हरि पासवान का 10 वर्षीय पुत्र अनु गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक तीनो दुबौली बांध पर टहल रहे थे। इसी बीच गोपालगंज की ओर से आ रही पिकअप ने पीछे से तीनों को रौंद दिया।जिसमे एक की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने पिकअप को पकड़ लिया है। वहीं चालक फरार होने में सफल रहा। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आवश्यक कार्यवाही में जुटी है।

### 25 को नीतीश की हरियाणा रैली में शामिल होंगी ममता

**कोलकाता (एजेंसी)।** भाजपा से अलग होने के बाद विपक्षी एकजुटता की कवायद में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अब ममता बनर्जी का साथ मिला है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने पुष्टि की है कि आगामी 25 सितंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल चौटाला की जयंती पर हरियाणा के फतेहाबाद में नीतीश कुमार की ओर से आहूत विपक्षी एकजुटता रैली में ममता बनर्जी भी शामिल होंगी। उन्होंने खुद फोन कर नीतीश कुमार को इस बारे में आश्वस्त किया है। रैली में नीतीश के अलावा नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, प्रकाश सिंह बादल, सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद सहित अन्य गैर भाजपा दलों के नेता शामिल होंगे। भाजपा का साथ छोड़ने के बाद नीतीश कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में सभी विपक्षी पार्टियां मिलकर भाजपा को सबक सिखाएंगी। ममता ने भी उनका समर्थन किया था। हालांकि ममता बनर्जी के इस संभावित सफर को लेकर भाजपा ने कटाक्ष किया है। बुधवार को प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा है कि विपक्ष महागठबंधन नहीं बल्कि महा ठग बंधन बनाता है। सबकी अपनी अपनी महत्वाकांक्षा है। हर कोई प्रधानमंत्री बनना चाहता है। ममता बनर्जी का सपना इसमें सबसे बड़ा है। वह लंबे समय से कोशिश कर रही हैं लेकिन इस जन्म में उन्हें सफलता नहीं मिलेगी।

# नालों के पानी को सिंचाई के उपयोग में लायेगी योगी सरकार

- प्रदेश के 848 नालों की मॉनिटरिंग की जायेगी
- हर नाले की मॉनीटरिंग करेगी पांच सदस्यीय कमेटी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार नालों के पानी को सिंचाई योग्य बनाने की अभिनव योजना बना रही है। राज्य सरकार इस योजना को जल्द जमीन पर उतारने की तैयारी कर रही है। नमामि गंगे के इंजीनियरों को खाका तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। नदियों में गिरने वाले नालों के पानी को शोधित (ट्रीट) कर सिंचाई के उपयोग में लाया जा सके, ऐसी तैयारी की जा रही है। इससे नदियों को भी प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा। नालों के पानी को नदियों में गिरने से पहले संयंत्रों के माध्यम से ट्रीट कर जल स्वच्छ कर पानी को सिंचाई में इस्तेमाल किया जायेगा।

**848 नालों की हो सकेगी मॉनिटरिंग :** योजना के तहत नदियों में गिरने वाले नालों को रोक कर उनके दूषित पानी को ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए शोधित किया जाएगा। इससे न केवल सिंचन क्षेत्र का विस्तार होगा, बल्कि नदियों को प्रदूषित होने से भी बचाया जा सकेगा। इसके जरिए कम लागत में सिंचाई की व्यवस्था भी होगी। प्रयोग के तौर पर इस योजना का खाका तैयार किया जा रहा है। इस नालों के आसपास की कृषि भूमि को जल मिलेगा, जिससे सिंचाई में प्रयुक्त जल का भी संरक्षण हो सकेगा। प्रदेश में बहने वाले 848 नालों की मॉनिटरिंग की जाएगी। हर नाले की निगरानी के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनेगी। नालों के आसपास रहने और समाज से जुड़े लोगों को कमेटी का सदस्य बनाया जाएगा। सरकार की सोच है कि आसपास के लोगों की नजर रहेगी तो इसकी मॉनीटरिंग भी ठीक से होगी।

**सभी एसटीपी संचालन की होगी जांच :** नमामि गंगे विभाग प्रदेश के सभी एसटीपी( सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) संचालन की जांच भी करेगा। जल संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में नए प्रयोग किए जाएंगे। सीसीटीवी (क्लोज सर्किट टीवी) से गंगा की निगरानी की योजना को जमीन पर उतारने और हर एसटीपी की कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी की योजना भी इस माह से तैयार होगी। उत्तर प्रदेश में नमामि गंगे की संचालित परियोजनाओं से नदियों की स्वच्छता में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बताया कि गंगा समेत प्रदेश की छोटी-बड़ी सभी नदियों को अविरल और निर्मल करने के लिए योगी सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है। नालों के पानी को नदियों में गिरने से रोक कर उसका उपयोग सिंचाई में करने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। नदियों को स्वच्छ बनाने के साथ ही किसानों के लिए भी ये उपयोगी होगी। गंगा से जुड़े सभी एसटीपी के संचालन की भी ऑनलाइन निगरानी भी की जाएगी।

### सूखे की स्थिति का सर्वेक्षण शुरू, किसानों से लगान वसूली स्थगित



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में सूखे की स्थिति से जूझ रहे किसानों को राहत देने के लिए महत्वपूर्ण फैसला करते हुए राज्यव्यापी स्तर पर सूखे के स्थिति का सर्वेक्षण करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में 75 टीमें सर्वेक्षण का काम करेंगी। सभी जिलाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सर्वेक्षण रिपोर्ट भी देने का निर्देश दिया गया है। इस काम को वरीयता के आधार पर करने की ताकीद करते हुए आदेश में कहा गया है कि इस काम में लापरवाही बरतने या देरी होने पर संबद्ध जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जायेगी। गौरतलब है कि मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश के 62 जिलों में औसत से कम बारिश हुई है। इसका सीधा असर किसानों पर पड़ा है। इसके मद्देनजर सूखा प्रभावित जिलों में सरकार ने लगान की वसूली को स्थगित रखने का भी आदेश दिया है। इसके अलावा बिजली विभाग को किसानों के ट्यूबवेल का बिल भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन नहीं काटने और ट्यूबवेल के बिलों की वसूली को भी स्थगित रखने को कहा गया है। सरकार ने कृषि विभाग को दलहन, तिलहन और सब्जी के बीज किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए सिंचाई विभाग को सिंचाई के लिए नहरों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और बिजली विभाग को ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बढ़ाने के भी निर्देश दिए गये हैं, ताकि प्रभावित किसानों को राहत मिल सके।

# टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल को आसनसोल कोर्ट में पेश किया गया



**आसनसोल (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अनुव्रत मंडल को उनकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर आगे की न्यायिक प्रक्रिया के लिए बुधवार को यहां एक विशेष अदालत में ले जाया गया। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीरभूम जिला अध्यक्ष मंडल को 11 अगस्त को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से बंगलादेश में मवेशियों की कथित तस्करी के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। वह पिछले दो सप्ताह से आसनसोल सुधार गृह में बंद है। अदालत के सूत्रों ने कहा कि श्री मंडल के वकीलों ने उनकी ह्यखराबह्ण स्वास्थ्य स्थिति का हवाला देते हुए जमानत याचिका दायर की है। सीबीआई के वकीलों ने हालांकि, विवादास्पद नेता को जमानत देने का विरोध करते हुए एक प्रति-याचिका दायर की और तर्क दिया कि वह 'बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली' और पशु तस्करी मामले में एक प्रमुख संदिग्ध हैं। दोनों पक्षों के बीच तर्क-वितर्क जारी था। सीबीआई ने सप्ताह के दौरान मंडल के एकाउंटेंट मनीष कोठारी से श्री मंडल की बेटी सुकन्या के बैंक खाते के विवरण के बारे में भी पूछताछ की। सूरी और बोलपुर में कई सरकारी बैंकों के अधिकारियों को सोमवार को सीबीआई मुख्यालय निजाम पैलेस में तलब किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल नेता के करीबी सहयोगियों के बैंक खाते के विवरण की जांच की गई, क्योंकि श्री मंडल के एकाउंटेंट से पूछताछ के बाद कई संपत्तियां मिलीं। कोलकाता की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टीएमसी के बीजपुर विधायक सुबोध अधिकारी, जिन्हें सीबीआई ने बुधवार को अपने कार्यालय में तलब किया था, ने लगातार दूसरे दिन समन को नजरअंदाज कर दिया। सीबीआई ने कथित पोंजी घोटाले में हलीशहर नगर पालिका के अध्यक्ष राजू साहनी की गिरफ्तारी के बमुश्किल दो दिन बाद रविवार को उत्तर 24 परगना जिले में कई स्थानों पर अधिकारी के घरों की तलाशी ली थी। अधिकारी के वकीलों ने सीबीआई से अनुरोध किया था कि उनके मुवक्किल को पेश होने के लिए दो सप्ताह का समय चाहिए। सीबीआई ने हालांकि बुधवार को अधिकारी को तलब किया, लेकिन वह नहीं आए।

# बिहार में सड़क पर उतरेंगे ईंट भट्ठा के मजदूर और मालिक, निकालेंगे जुलूस-देंगे धरना




**बेगूसराय (एजेंसी)।** अपने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे ईंट चिमनी भट्ठा के संचालक अब मजदूर को साथ लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। अखिल भारतीय एवं बिहार ईंट निमार्ता संघ के आह्वान पर आठ सितम्बर को समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पहले जिले भर के ईंट भट्ठा संचालक एवं वहां काम करने वाले मजदूर ट्रैफिक चौक से समाहरणालय तक जुलूस भी निकाल लेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार एवं सचिव बबलू कुमार ने बुधवार को कहा है कि बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार को परेशानी से अवगत कराने के लिए बिहार के सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन आयोजित की जा रही है। सरकार हमारी मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करे, जीएसटी में छह गुना बढ़ोतरी को दो प्रतिशत किया जाए, ग्रामीण निम्न एवं मध्यमवर्गीय ग्राहक जीएसटी देना नहीं चाहते, जो कार्यशील पूंजी से हमें देना पड़ रहा है। कोयला के मूल्य में तीन गुणा अप्रत्याशित बढ़ोतरी पर अंकुश लगाया जाए एवं कोल इंडिया लिमिटेड से बिहार राज्य माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड को सब्सिडी दर से आवंटित कोटा एक लाख 40 हजार टन से बढाकर छह लाख टन हो, जी-3 उत्तम क्वालिटी का कोल ईंट निमार्ताओं को दी जाए। गंगा एवं अन्य नदियों से गाद और नहर के उड़ाही की मिट्टी ईंट निमार्ताओं को अपने खनन खर्च पर उपलब्ध कराई जाय। सरकारी कार्यों में लाल ईंट का प्रतिबंध समाप्त किया जाए। लाल ईंट के सरकारी दर के शिथिलता को बाजार मूल्य के अनुरूप किया जाय। टैक्टर से माल ढुलाई को साढ़े सात टन के सरकारी आदेश के बाबजूद साफ्टवेयर में अनुपलब्धता को समाप्त कर साढ़े सात टन के भार परिवहन क्षमता का परमिट देने की व्यवस्था हो। बकाये माइनिंग टैक्स के जुमार्ना एवं सूद दरों को रियायत कर राशि जमा करने का आदेश दिया जाय तथा किसी कारणवश अवैध हो चुके भट्टे को मुख्य धारा में शामिल होने का वैधता मिले। इन लोगों ने कहा कि बिहार में बैकार मजदूरों के रोजी-रोटी के एकमात्र साधन के इस व्यवसाय को सहयोग करना सरकार का समाज हितकारी कदम होगा।

# चिराग पितृपक्ष के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में होंगे शामिल



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में खुद को मजबूत करने के लिए सभी तरह के हथकंडे अपना रहा है। पितृपक्ष के बाद चिराग पासवान को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने की तैयारी है। छह प्रतिशत वोट बैंक के साथ दलित बिरादरी के बड़े चेहरों में शुमार चिराग बिहार में भाजपा की नैया को पार लगाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भाजपा और लोजपा से मिली जानकारी के अनुसार जदयू के नुकसान की काफी हद तक भरपाई रामविलास पासवान की पार्टी और उनके बेटे चिराग पासवान ही कर सकते थे। पुराने सहयोगी होने की वजह से चिराग को एनडीए में आने से कोई परहेज नहीं था लेकिन कुछ शर्तें थीं। भाजपा ने अधिकतर शर्तों को मान लिया है। लोजपा रामविलास पार्टी प्रवक्ताओं का कहना है कि चिराग पासवान ने जिन शर्तों को भाजपा के सामने रखा था, वे आज भी कायम हैं। 95 प्रतिशत बातों को भाजपा ने मान लिया गया है। सिर्फ पांच प्रतिशत ही बाकी है। पेंच सिर्फ एमडीए गठबंधन में शामिल और केंद्रीय मंत्री चाचा पशुपति कुमार पारस को लेकर फंसा है। इन्हें इस गठबंधन से बाहर का रास्ता दिखाना ही होगा। क्योंकि, इन्होंने न सिर्फ लोजपा को तोड़ा, बल्कि परिवार का भी बंटवारा कर दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पलटी मारी है। इससे गठबंधन का स्वरूप और बड़ा होगा। यही कारण है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह बिहार दौरे पर आने वाले हैं। लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए का प्रमुख हिस्सा रही है। भाजपा को लगता है कि रामविलास पासवान के बेटे होने की वजह से 6 प्रतिशत पासवान वोटों को चिराग ही एनडीए की झोली में डाल सकते हैं। राज्य की कुल आबादी में लगभग 16 फीसदी दलित हैं। दलितों में सर्वाधिक संख्या रविदास, मुसहर और पासवान जाति की है। पासवान जाति के वोटों पर लोजपा का दबदबा है। वैशाली, नवादा, जमुई, समस्तीपुर, खगड़िया, गया, औरंगाबाद, नालंदा, सासाराम, बक्सर, जहानाबाद समेत 14 जिलों में पासवान वोटों की संख्या ठीक-ठाक है। हाजीपुर सीट पर सबसे ज्यादा पासवान वोट हैं।

# गोरखपुर में बेकाबू कार ने तीन को रौंदा, दो की मौत

**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के गोरखनाथ क्षेत्र में बुधवार तड़के एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों की मृत्यु हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख प्रकट किया है और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचने के निर्देश दिए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोरखनाथ पुल पर यह हादसा उस समय हुआ जब महराजगंज की तरफ से आ रही कार ट्रक को ओवरटेक करने के प्रयास पर फुटपाथ पर सो रहे मजदूरों को रौंदते हुये पलट गयी। इस हादसे में तीन मजदूर कार के नीचे दब गये जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने दो को मृत्यु घोषित कर दिया जबकि तीसरे की हालत नाजुक बनी हुयी है। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में कार चालक समेत चार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सुपोषित भारत विजन को पूरा करने में योगदान दें पंचायत प्रतिनिधि : गिरिराज



**बेगूसराय (एजेंसी)।** बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने देश के सभी पंचायतों से पोषण अभियान में सार्थक भागीदारी करने की अपील किया है। गिरिराज सिंह ने बुधवार को कहा है कि पंचायतें जन भागीदारी एवं जन जागरूकता अभियान के माध्यम से पोषण माह के दौरान पोषण अभियान के तहत गांवों से कुपोषण को दूर करने का सार्थक प्रयास करें तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुपोषित भारत के विजन को पूरा करने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि महिला और बाल विकास मंत्रालय एक से 30 सितम्बर तक पांचवां राष्ट्रीय पोषण माह मना रहा है। इस वर्ष पोषण माह का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को महिला और स्वास्थ्य तथा बच्चा और शिक्षा विषय पर विशेष ध्यान देने के साथ पोषण पंचायतों के रूप में जोड़ने की है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि पांचवें राष्ट्रीय पोषण माह में प्रधानमंत्री के सुपोषित भारत के विजन को पूरा करने के लिए जन आंदोलन को जनभागीदारी में बदलने का लक्ष्य है। पंचायती राज संस्थाओं के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं कर्मचारीगण से अनुरोध करता हूं कि पोषण माह-2022 के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर यह सुनिश्चित करें कि सभी गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं, छह साल से कम उम्र के बच्चों और किशोरियों को पोषण अभियान की सभी सुविधाएं एवं बुनियादी एकीकृत बाल विकास सेवाएं अवश्य प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि देश को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय पोषण अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत जनांदोलन, समुदाय आधारित गतिविधियों एवं संबंधित विभागों के अंतर समन्वय से तय सीमा के तहत कुपोषण की दर में कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# कचरा डंपिंग यार्ड बनाने पर राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग ने मांगा रिपोर्ट

- दर्ज कराई गयी थी आपत्ति, नवादा के नरहट में अनुसूचित टोले के पास हो रहा था निर्माण



**नवादा (एजेंसी)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने अनुसूचित जाति की आबादी के पास कचड़ा डम्पिंग यार्ड बनाने के मामले में रिपोर्ट तलब किया है। आयोग के अध्यक्ष बिजय सिम्पला ने नवादा जिला के नरहट प्रखंड अन्तर्गत ग्राम शेखपुरा के पासी टोला के पास गंदे कूड़े-कचड़ों को डम्पिंग करने के लिए बनायी जा रही संरचना से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आयोग के सदस्य डा.अंजु बाला के कोर्ट को इस मामले की सुनवाई हेतु अधिकृत किया है और आयोग के बिहार राज्य के निदेशक संजय कुमार सिंह से रिपोर्ट तलब की है। उल्लेखनीय है कि नरहट प्रखंड के समाजसेवी राज कुमार चौधरी ने आयोग को प्रेषित परिवाद के माध्यम से शिकायत की थी कि ग्राम शेखपुरा के पासी टोला के पास पूरे पंचायत के गंदे कचड़ों का ढ़ेर एकत्रित करने के लिये डम्पिंग-यार्ड का निर्माण किया जा रहा है जिस से यहां निवास करने वाले गरीब परिवारों में बीमारी तथा महामारी फैलने की आशंका सदैव बनी रहेगी। इस स्थान पर अनुसूचित पासी, रविदास, रजवार तथा दुसाध जाति के साथ ही अत्यंत पिछड़ी अंसारी और फकीर जाति के लोग निवास करते हैं। अनुसूचित जाति तथा जन जाति अत्यचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत अनुसूचित जाति की आबादी के पास कचड़ों के ढ़ेर को डम्प न करने का स्पष्ट निदेश है परन्तु संबंधित एजेंसी और नरहट के कनीय अभियंता ने इस संरचना के निर्माण के लिए ले-आउट करा दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस संबंध में अनेक बार नरहट के अंचल अधिकारी से मिल कर इस पर रोक लगाने की मांग की है। स्थानीय विधायक नीतू कुमारी ने भी नवादा के उप विकास आयुक्त और रजौली के भूमि सुधार उप समाहर्ता से इस मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया था जिस पर इन अधिकारियों ने इस कार्य पर रोक लगाने का आदेश दिया था परन्तु संबंधित एजेंसी और कनीय अभियंता बाहरी असमाजिक तत्वों से स्थानीय लोगों को डरा-धमका कर बलपूर्वक कार्य करा रहे हैं चौधरी ने अपने परिवाद के माध्यम से इस संरचना के निर्माण की राशि के भुगतान पर रोक लगाते हुए इस स्थल की भूमि का चयन करने वाले हलका कर्मचारी और इस की स्वीकृति देने वाले प्रशासनिक अधिकारी के साथ ही संबंधित एजेंसी और कनीय अभियंता के विरूद्ध अनुसूचित जाति/जन जाति अत्यचार निवारण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकि दायर कराने का अनुरोध राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से किया है। चौधरी ने कहा कि वे मुख्य मंत्री के जनता दरबार में भी यह मामला ले जायेंगे और बिहार विधान मंडल के आगामी सत्र में अनुसूचित जाति के माननीय विधायकों और विधान पार्षदों के माध्यम से सदन में भी इसे उठवाएंगे।

### मलय घटक मामले पर बोले कुणाल घोष

# सीबीआई जांच राजनीति से प्रेरित है



**कोलकाता (एजेंसी)।** सीबीआई ने बुधवार सुबह पश्चिम बंगाल के कानून मंत्री मलय घटक के कुल सात ठिकानों पर छापेमारी की है। उनके अकाउंटेंट के घर की भी तलाशी ली जा रही है। बुधवार को तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल घोष ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं जांच पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। संबंधित व्यक्ति और उनके वकील उस मामले पर टिप्पणी करेंगे। तृणमूल नेताओं के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे तलाशी अभियान को लेकर कुणाल घोष ने सीबीआई की निष्पक्षता पर संदेह जताया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल नेताओं के घरों की लगातार तलाशी ली जा रही है और जिस तरह से भाजपा नेता विभिन्न लोगों के नामों का जिक्र कर रहे हैं, उससे साफ है कि यह जांच राजनीति से प्रेरित है। तृणमूल पर दबाव बनाना भाजपा की राजनीतिक साजिश है। भाजपा सीबीआई की साख को खत्म कर रही है। इसके बाद कुणाल घोष ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष पर तंज कसते हुए कहा कि क्या दिलीप घोष सीबीआई के नवनियुक्त अतिरिक्त निदेशक हैं? अन्यथा, वह पहले से ही एक जांच एजेंसी के काम के बारे में इतना कुछ कैसे जानते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि यह राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। साथ ही, कुणाल घोष ने सुकांत मजूमदार आड़े हाथ लेते हुए कहा कि वह तो अपने वार्ड में भी भाजपा को जीत नहीं दिलवा सकते। वह बेवजह ही अपने इलाके के बाहर जहर घोलने की कोशिश कर रहे हैं।

## न्यूज गैलरी

### बाबर आजम से छिनी नंबर वन की कुर्सी

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम की टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर वन बल्लेबाज की कुर्सी छिन गयी है। उनकी ये कुर्सी उन्हीं की टीम के ओपनर और साथी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने छीनी है। विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान टी-20 क्रिकेट के नंबर वन बल्लेबाज बन गये हैं। वहीं, सूर्यकुमार यादव नंबर-3 से नंबर-4 पर खिसक गए हैं। मोहम्मद रिजवान ने हॉन्ग-कॉन्ग और भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसकी बदौलत उनको आईसीसी टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। रिजवान के खाते में इस समय 815 रेटिंग प्वाइंट्स हैं, जबकि बाबर आजम के खाते में 794 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। 792 अंकों के साथ साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज एडन मार्क्रम तीसरे पायदान पर हैं, जबकि 775 अंकों के साथ सूर्यकुमार यादव चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ 72 रनों की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा 17वें से 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टॉप 10 रैंकिंग में सिर्फ भारत की तरफ से सूर्यकुमार यादव ही हैं। उनके बाद रोहित शर्मा और ईशान किशन का नाम शामिल है, लेकिन ये दोनों खिलाड़ी टॉप 20 में हैं। ओडीआई क्रिकेट में बाबर आजम नंबर एक पर कायम हैं, जबकि जो रूट टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन की कुर्सी संभाले हुए हैं।

### लगातार 13वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में गार्सिया

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** फ्रांस की कैरोलीन गार्सिया ने अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए अमेरिका की कोको गॉफ को हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। गार्सिया ने मंगलवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में गॉफ को 6-3, 6-4 के सीधे सेटों में हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की। यह किसी बड़े आयोजन में गार्सिया का पहला सेमीफाइनल है, जहां वह ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्योर का सामना करेंगी। 2017 के बाद अपना पहला बड़ा क्वार्टरफाइनल खेलते हुए गार्सिया ओपन एरा में यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी फ्रांसीसी महिला बन गयीं। इनसे पहले फ्रांस की अमेली मॉरेस्मो (2002, 2006) और मैरी पीयर्स (2005) ऐसा कर चुकी हैं। गार्सिया मंगलवार रात गॉफ के खिलाफ तीसरे मुकाबले में अपनी पहली जीत तलाश रही थीं। इससे पहले दोनों खिलाड़ी दोहा में आमने-सामने आयी थीं जहां गॉफ ने बाजी मारी थी। गार्सिया ने जीत के बाद कहा कि यह बहुत ही करीबी मैच था। हर पॉइंट, हर गेम बहुत मुश्किल था। आज मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं कि मैं मुकाबले में अपनी भावनाओं को काबू में रख पायी। गॉफ भी शानदार फॉर्म में चल रही थीं और उन्होंने क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये चीन की झांग शुआई को हराया था, लेकिन वह गार्सिया की बाधा को पार नहीं कर सकीं। दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में ट्यूनीशिया की ऑन्स जब्योर ने ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलानोविक को 6-4, 7-6 (4) से मात दी।

### बेयरस्टो की जगह एलेक्स हेल्स की इंग्लैंड टीम में वापसी

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने एलेक्स हेल्स को तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में जगह दी है। उन्हें चोटिल जॉनी बेयरस्टो की जगह विकल्प के तौर पर इंग्लैंड की टी-20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। बड़े शॉट खेलने में सक्षम सलामी बल्लेबाज हेल्स को 2019 विश्व कप से पहले टीम से बाहर किया गया था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उस समय इसे मैदान के बाहर की घटना करार दिया था जिसके कारण उन्हें निलंबित किया गया। कथित तौर पर उन्हें दो बार मादक पदार्थों के उपयोग के लिए पॉजिटिव पाया गया। उस समय इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान इयोन मॉर्गन ने हेल्स के व्यवहार की तीखी निंदा की थी।

# मुकाबला शुरू होने से पहले ही हार चुकी थी टीम इंडिया!

## गलती खिलाड़ियों की नहीं किस्मत ही खराब निकली!

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय एशिया कप के सुपर-4 में लगातार दूसरा मुकाबला हार गया। पाकिस्तान की तरह श्रीलंका के खिलाफ भी टीम को एक गेंद रहते हार मिली। दोनों बार आखिरी ओवर में सात रनों की जरूरत थी। भारत ने पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ कई गलतियां की, लेकिन सबसे बड़ी कहानी कुछ और ही है। टीम इंडिया इस मुकाबले को शुरू होने से पहले ही हार चुकी है। यह हम नहीं रिकॉर्ड बता रहे हैं।

**लक्ष्य का पीछा करना जीत की गारंटी :** क्रिकेट के खेल को काफी अप्रत्याशित माना जाता है, लेकिन जब मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जा रहा हो तो ऐसा नहीं होता है। दुबई में टॉस के साथ ही मुकाबले का नतीजा तय हो जाता है। यही वजह है कि भारतीय टीम को टी-20 वर्ल्ड कप और अब एशिया कप में ऐसी हार झेलनी पड़ी। यह लक्ष्य का पीछा करना जीत की गारंटी होती है। कोरोना के बाद से दुबई के मैदान पर 19 टी-20 मुकाबले खेल गये हैं। इसमें 13 मुकाबले पिछले साल हुए टी-20 वर्ल्ड कप के थे। इसमें 12 मैचों में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को जीत मिली है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल और फाइनल को 170+ रन बनाकर जीता था। इस एशिया कप में यहां छह मुकाबले हुए हैं और पांच में पहले खेलने वाली टीम हार गई है। यानी कुल 19 मैच और लक्ष्य का पीछा करनेवाली टीम 17 बार विजेता रही।



**सिर्फ दो बार पहले खेलने वाली टीम जीती :** दुबई में सिर्फ दो बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड और एशिया कप में भारत ने हॉन्गकॉन्ग को हराया। न्यूजीलैंड भी वह मुकाबला हार ही गया था। 172 रनों के जबाव में स्कॉटलैंड ने 156 रन ठोक दिये थे। हॉन्गकॉन्ग ने भी भारत के खिलाफ 150+ रन बना दिये थे। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भी भारत पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले खेलने उतरा और मुकाबला हार गया।

## एशिया कप में श्रीलंका से हारने पर रोहित शर्मा को लेकर भड़के पाकिस्तानी

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप के सुपर फोर मैच में रविवार को पाकिस्तान से पांच विकेट से हारने के बाद मंगलवार को श्रीलंका से भी भारत छह विकेट से हार गया। मंगलवार को भारत और श्रीलंका के बीच मैच पर पाकिस्तानियों की भी नजर थी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने मंगलवार को श्रीलंका से मैच शुरू होने से पहले ही कह दिया था कि भारत एशिया कप बाहर हो सकता है। ऐसा लग रहा है कि इंजमाम को पहले से ही पता था कि भारत श्रीलंका को नहीं हरा पायेगा। 52 साल के इंजमाम ने पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो के प्रोग्राम जश्न-ए-क्रिकेट में कहा था कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पाकिस्तान के साथ मैच में काफी दबाव में दिख रहे थे। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख़्तर ने श्रीलंका से भारत की हार के बाद कहा कि श्रीलंका बहुत अच्छी टीम है और यह पाकिस्तान के लिए भी चुनौती है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने भी पीटीवी के एक प्रोग्राम में कहा था कि श्रीलंका अगर टॉस जीतता है तो मैच भी जीत सकता है। मोहम्मद हफीज ने कहा था कि श्रीलंका ने पिछले दो मैच जिस तरह से खेले हैं, वे सराहने लायक थे और भारत पाकिस्तान से हारने के बाद दबाव में भी है।

### एशिया कप : हार के बाद बोले रोहित शर्मा -

# सीनियर के प्रदर्शन से संतुष्ट हूं जूनियर्स से जरूर सवाल होंगे

**दुबई (एजेंसी)।** सुपर-4 में लगातार दो हार के बाद भारतीय टीम एशिया कप 2022 से लगभग बाहर हो गई है। श्रीलंका के खिलाफ अहम मुकाबला छह विकेट से गंवाने के बाद रोहित शर्मा ने कहा कि हम अपनी पारी के पहले हाफ का फायदा नहीं उठा पाए। हम 10-15 रन कम हो गए। दूसरा हाफ हमारे लिए अच्छा नहीं रहा। जो लोग बीच में आउट हुए थे वे सीख सकते हैं कि कौन से शॉट खेले जा सकते हैं। गेंदबाजी की बात की जाए तो चहल और भुवी वरिष्ठ और पेशेवर हैं और कुछ समय से ऐसा कर रहे हैं। मुझे छोटों से जवाब लेने की जरूरत है। रोहित बोले- इस तरह के नुकसान से हम समझ पाएंगे कि टीम के रूप में क्या काम करना है। गेंद के साथ शुरूआत को देखते हुए इसे अंतिम ओवर तक ले जाना एक अच्छा प्रयास



था। स्पिनरों ने आक्रामक गेंदबाजी की और बीच के ओवरों में विकेट हासिल किए, लेकिन श्रीलंका ने उनका हौसला बढ़ाया। हमने सोचा कि बड़ी बाउंड्री के साथ हम स्पिनरों का अच्छा इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन योजना परवान नहीं चढ़ पाई। उनके दाएं हाथ के बल्लेबाजों ने काफी देर तक बल्लेबाजी की। रोहित बोले- मैंने हुड्डा को लाने और लंबी सीमाओं का उपयोग करने के बारे में सोचा, लेकिन मैं तीनों तेज गेंदबाजों से खुश था। दुर्भाग्य से आवेश फिटनेस टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। उसने अच्छी प्रतिक्रिया नहीं दी, क्योंकि वह काफी बीमार था। आदर्श रूप से हम जो संयोजन खेलेंगे वह चार तेज गेंदबाजों का होगा, लेकिन तीन तेज गेंदबाज कुछ ऐसे थे जिन्हें हम विश्व कप से पहले आजमाना चाहते थे। हमें एक टीम के रूप में जवाब खोजने की जरूरत है, जैसे कि हम पांच गेंदबाजों के साथ कहां हैं। रोहित बोले- अब हमें जवाब मिल गया है कि हम इस संयोजन के साथ कहां खड़े हैं। हालांकि, यह कोई बड़ी चिंता नहीं है क्योंकि हमने सिर्फ दो गेम गंवाए हैं। पिछले विश्व कप के बाद से हमने ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। हम अभी भी जवाब ढूंढ रहे हैं। यह दोनों करीबी खेल थे। अर्शदीप ने जिस तरह से डेथ ओवर में गेंदबाजी की यह अच्छा रहा लेकिन उन्हें मेहनत करनी होगी।

### एशिया कप 2022 से लगभग बाहर हो चुका है भारत

भारतीय टीम 2022 दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से एशिया कप 2022 के फाइनल की राह से चूक गई है। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम को 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी। दुबई के मैदान पर भारतीय टीम ने कप्तान रोहित शर्मा के 41 गेंदों में बनाए गए 72 रनों की बदौलत 173 रन बनाए थे। सूर्यकुमार यादव ने 34, हार्दिक और पंत ने 17-17 रन का योगदान दिया। जवाब में खेलते हुए पाथुम निसांका और कुसल मेंडिंस के अर्धशतक तो अंत में कप्तान शनाका की उपयोगी पारी से श्रीलंका ने छह विकेट से जीत हासिल कर ली। ओपनिंग पर आए रोहित शर्मा और केएल राहुल खुलकर शॉट नहीं खेल पाए। केएल राहुल को तीक्षणा ने 6 रन पर पगबाधा आऊट कर दिया। दो रन बाद ही विराट कोहली भी शून्य पर ही दिलशान मधुशंका की गेंद पर बोल्ड हो गए। रोहित शर्मा ने जिम्मेदारी से भरी पारी खेली। उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर टीम इंडिया का स्कोर 100 पार लगाया।

## अफगानिस्तान के खिलाफ कमियां दूर करने उतरेगा भारत

**दुबई (एजेंसी)।** फाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप सुपर चार में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में टी-20 विश्वकप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम सुपर चार चरण में अभी तक अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ लगातार हार के लिए संसाधनों की कमी और खराब टीम चयन को भी दोषी ठहराया जा सकता है।

वर्तमान भारतीय टीम की रणनीति में लचीलापन का अभाव दिखता है और ऐसे में कोच राहुल द्रविड़ की नीतियों पर भी उंगलियां उठना लाजमी है। ऐसा लगता है कि द्रविड़ टीम चयन के मामले में कुछ कड़े फैसले लेने के लिए आतुर हैं, क्योंकि टीम के पास किसी भी रणनीति के लिए दूसरी योजना नजर नहीं आती है। ऐसी परिस्थितियों में उसे उस अफगानिस्तान का सामना करना है जिसके पास राशिद खान, मुजीब जादरान, मोहम्मद नबी, हजरतुल्लाह जजई और रहमानुल्ला गुरबाज जैसे टी-20 के दमदार खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान एक ऐसी टीम है जो कि अपने पावर हिटर के दम पर 170 रन के लक्ष्य को भी हासिल कर सकती है और राशिद जैसे गेंदबाज की अगुवाई में विपक्षी टीम को कम स्कोर पर भी रोक सकती है। इस टीम के खिलाफ एक ही बात जाती है कि उसे लगातार बड़ी टीमों का सामना करने का मौका नहीं मिलता है। उसके पास अनुभव की कमी है, लेकिन टी-20 ऐसा प्रारूप है जिसमें एक खिलाड़ी मैच का परिदृश्य बदल सकता है।

अफगानिस्तान के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच का पासा पलट सकते हैं। जहां तक भारत का सवाल है तो मुख्य कोच द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने और अन्य विकल्पों को आजमाने में दिलचस्पी नहीं दिखायी है। यह देखना दिलचस्प होगा कि दिनेश कार्तिक को ऋषभ पंत या दीपक हुड्डा की जगह अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है या नहीं। हुड्डा को श्रीलंका के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और बाद में उन्हें गेंदबाजी भी नहीं सौंपी गयी। ऐसे में हुड्डा को टीम में शामिल करने के फैसले पर सवाल उठने लग गये।

## भारत 2025 तक अगला विश्व शतरंज चैम्पियन दे सकता है : विश्वनाथन आनंद

**कोलकाता (एजेंसी)।** दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का मानना है कि भारत में अगला



विश्व चैंपियन तैयार करने की क्षमता है, लेकिन ऐसा 2025 से पहले होना संभव नहीं है क्योंकि इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगेगा। आनंद अपनी अकादमी, वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करने में लगे हुए हैं। आनंद ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर आप औपचारिक खिताब चाहते हैं तो यह 2025 तक संभव है। कोई भी सरल रास्ता नहीं है जो हमें तैयार होने के लिए पर्याप्त समय दे। इससे कई चीजें जुड़ी होती हैं। मैगनस कार्लसन ने अपने खिताब का बचाव करने से इंकार कर दिया है और ऐसे में 2023 की विश्व चैंपियनशिप कैंडिडेट प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ियों के बीच खेली जाएगी। इस तरह से आर प्रज्ञानानंद और डी गुकेश जैसे खिलाड़ियों के पास विश्व चैंपियनशिप के अगले चक्र में ही मौका होगा। आनंद ने कहा,ह्यह्यजहां तक विश्व चैंपियनशिप के अगले चक्र की बात है तो यह देखना होगा कि अगले दो से चार साल में यह कैसा स्वरूप लेती है। विश्व चैंपियनशिप सोने पे सुहागा होगा। हमें मजबूत बनकर और अच्छी प्रगति करके इसको लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आप पर्याप्त मजबूत हैं तो फिर आप हर चीज के लिए तैयार रहते हैं। यही मेरा दृष्टिकोण है। विश्व शतरंज में इन दिनों तेजी से बदलाव हो रहे हैं इसलिए चीजें कैसे आगे बढ़ेंगी इसकी भविष्यवाणी करना मुश्किल है। भारत ने शतरंज ओलंपियाड में नौ पदक जीते जिसमें महिला टीम का पहला कांस्य पदक भी शामिल है। इससे आनंद की उम्मीदें बढ़ी हैं और उनका मानना है कि यह महज संयोग नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे निश्चित रूप से लगता है कि हमने इसमें योगदान दिया है।

## एमबापे और हालैंड चैंपियन्स लीग में चमके

**पेरिस (एजेंसी)।** कायलन एमबापे और इर्लिंग हालैंड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के शुरूआत में गोल करने की अपनी क्षमता का खुलकर प्रदर्शन किया जबकि पिछले सत्र में शानदार खेल दिखाने वाले करीम बेंजेमा चोटिल होने के कारण पूरे मैच में नहीं खेल पाए। एमबापे और हालैंड ने दो-दो गोल दागे जिससे उनके क्लब क्रमशः पेरिस सेंट जर्मेन और मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग में जीत से शुरूआत की। इन दोनों टीम को खिताब का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। रियाल मैड्रिड के खिताब के बचाव की संभावना काफी हद तक पूरी तरह से फिट बेंजेमा पर निर्भर है, लेकिन सेल्टिक के खिलाफ 30वें मिनट में फ्रांस के फॉरवर्ड को घुटने की चोट के कारण बाहर होना पड़ा। विनीसियस जूनियर, लुका मोड्रिक और ईडन हैजर्ड के दूसरे हाफ के गोल की मदद से रियाल ने इस मैच में 3-0 से जीत हासिल की।

## बुमराह की पत्नी संजना गणेशन ने उड़ाया ट्रोलर्स का मजाक

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पत्नी और मशहूर खेल एंकर संजना गणेशन इन दिनों सोशल मीडिया पर जोरदार रिप्लाई करने के कारण चर्चा में आ गई है। बीते दिनों ही संजना ने पति बुमराह के साथ एक पुरानी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। एक ट्रोलर जोकि एशिया कप में भारत की दयनीय हालत से यकीनन निराश था, ने बुमराह और संजना की फोटो पर अनावश्यक कमेंट कर दिया जिससे संजना गुस्सा हो गयी। उक्त फोटो में यह कपल एक समुद्र के बीच एक नाव पर बैठे दिख रहे हैं। संजना ने इस फोटो के साथ कैप्शन दी थी- जसप्रीत और मेरी एक प्यारी सी थ्रोबैक (पुरानी) तस्वीर। जसप्रीत और मेरे स्नीकर्स इस तस्वीर के असली सितारे हैं। इस पर सैफ खान नामक ट्विटर अकाऊंट से कमेंट आया- वहां इंडिया की म.. ब... हुई पड़ी है और यह घमू रहे हैं। इस पर महज तीन मिनट के अंदर ही संजना का रिप्लाई आ गया। उन्होंने लिखा- थ्रोबैक फोटो है, दिखता नहीं क्या चोमू आदमी (यह एक थ्रोबैक फोटो है, क्या आप यह देख नहीं सकते मूर्ख)।




# भारत ने पाकिस्तान को 3-0 से रौंद कर किया शानदार आगाज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गत चैम्पियन भारत ने काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में सैफ (दक्षिण एशिया फुटबॉल महासंघ) महिला चैम्पियनशिप में बुधवार को पाकिस्तान को 3-0 से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरूआत की। इस जीत के साथ ही चैम्पियनशिप में भारत के अजेय क्रम का सिलसिला 27वें मैच में भी जारी रहा। प्रतिद्वंद्वी कप्तान मारिया जमील खान के आत्मघाती गोल के बाद डेंगमेई ग्रेस के शानदार गोल से भारत ने मध्यांतर से पहले ही 2-0 की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली थी। आखिरी क्षणों में सौम्या गगुलोथ के गोल से भारत ने जीत के अंतर को 3-0 कर दिया। भारतीय टीम ने मैच में शुरूआत से ही दबदबा बना लिया था लेकिन टीम के गोल का खाता किस्मत के सहारे खुला। पाकिस्तान की कप्तान मारिया जमील खान ने 15वें मिनट में आत्मघाती गोल कर अपनी टीम पर दबाव और बढ़ा दिया। अंजू ने कई खिलाड़ियों के बीच से गेंद पर नियंत्रण बनाकर डेंगमेई ग्रेस को दी। ग्रेस के आस-पास पाकिस्तान



का कोई खिलाड़ी नहीं था और उन्होंने गोलकीपर को छकाते हुए भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। मैच के आखिरी क्षणों में रंजना के क्रॉस को सौम्या ने गोल में बदलकर भारतीय टीम के लिए यादगार जीत सुनिश्चित कर दी। भारतीय टीम का अगला मैच 10 सितंबर को मालद्वीव से होगा।

## न्यूज गैलरी

### पेटीएम ने कहा- उसका ऋण कारोबार तेजी से बढ़ रहा है

मुंबई। डिजिटल वित्तीय सेवा प्लेटफार्म पेटीएम चलाने वाली कंपनी वन97 ने कहा कि इस वर्ष जुलाई-अगस्त में उसके मंच से राम वितरण कारोबार में तेजी आई है और इन दो महीनों में उसने कुल 4517 करोड़ रुपए के 60 लाख कर्ज वितरित किए। कंपनी ने बीएसई स्टाक एक्सचेंज को मंगलवार दी गई सूचना में कहा,ह्व हमारा ऋण वितरण कारोबार लगातार तेज हो रहा है। अगस्त की रफ्तार से हमारा वार्षिक ऋण वितरण कारोबार वार्षिक 29000 करोड़ रु तक पहुंच जाएगा। बाजार सूचना में कंपनी ने कहा है कि जुलाई और अगस्त 2022 में उसके मंच से वितरित ऋणों की संख्या पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 246 प्रतिशत बढ़कर 60 लाख हो गई। इस दौरान वितरित ऋण की राशि 4517 करोड रुपए रही जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 484 प्रतिशत अधिक है। पेटीएम का शेयर बीएसई में मंगलवार को 0.35 प्रतिशत चढ़कर 711 रुपये प्रति शेयर के भाव पर चल रहा था।

### मूडीस ने भारत की वित्तीय साख वर्तमान स्तर पर बरकरार रखी

नयी दिल्ली। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीस ने भारत की वित्तीय साख को बीएए3 (सरकारी प्रतिभूतियों की निवेश की निचली कोटि) के वर्तमान स्तर पर बनाए रखने की मंगलवार को घोषणा की। रेटिंग एजेंसी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य को स्थायित्वपूर्ण बताया है। मूडीस ने कहा है कि भारत की वित्तीय साख के बारे में उसका ताजा अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्ति और उसकी चुनौतियों पर आधारित है, एजेंसी के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था बड़ी और विविधतापूर्ण है। इसमें आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं ऊंची हैं। देश बाजारों के साथ संबंधों के मामले में अपेक्षाकृत मजबूत है और सरकार के लिए घरेलू ऋण का आधार मजबूत है। मूडीज इन्वेस्टर सर्विसेज ने कहा है,ह्व हमें नहीं लगता की महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में 2022 और 2023 में सुधार की जो प्रक्रिया शुरू हुई है, वह रूस-उक्रेन की लड़ाई, उच्च मुद्रास्फीति और विश्व के केंद्रीय बैंकों द्वारा कर्ज नीति को कठोर करने के कारण कर्ज की कठिनाई जैसी विश्व की बढ़ती हुई चुनौतियां से डगमगा सकती है। मूडीस रेटिंग यह अनुमान ऐसे समय आया है जब भारत के जीडीपी में चालू वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही अप्रैल-जून 2022 में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है तथा अगस्त में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

### क्रेडाई, वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 करोड़ डॉलर का कोष बनाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई और वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 करोड़ डॉलर (करीब 800 करोड़ रुपए) का प्रॉपटेक कोष स्थापित किया है। इस कोष की स्थापना रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रौद्योगिकी बदलाव लाने वाली स्टार्टअप इकाइयों को समर्थन के लिए की गई है। कनफेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) के सदस्यों में 13,000 से अधिक डेवलपर्स शामिल हैं जबकि वेंचर कैटालिस्ट्स स्टार्टअप के लिए एक एकीकृत इनक्यूबेटर है। दोनों ने मिलकर रियल एस्टेट क्षेत्र में नवोन्मेषी बदलाव लाने वाली स्टार्टअप इकाइयों में निवेश के लिए 10 करोड़ डॉलर का प्रॉपटेक कोष स्थापित करने के लिए भागीदारी की है। यह कोष आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत (होटल, स्कूल, अस्पताल) और औद्योगिक (गोदाम, कारखाने आदि) समेत अचल संपत्ति के सभी प्रमुख क्षेत्रों के स्टार्टअप में निवेश करेगा। क्रेडाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन पटोदिया ने कहा कि यह मंच डिजिटलीकरण की दिशा में काम कर रही सरकार की ह्यमेक इन इंडिया' और प्रौद्योगिकी का दशक (टेकेड) पहल का समर्थन करेगा।

### बीस हजार डॉलर से नीचे पहुंचा बिटकॉइन इथेरियम क्लासिक में 22 प्रतिशत की तेजी

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में पिछले 24 घंटे के दौरान मिला-जुला रुख बना रहा। बिटकॉइन पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 20 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे गिर गया है। भारतीय समय के मुताबिक आज शाम 4 बजे बिटकॉइन 19,731 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर इथेरियम क्लासिक में पिछले 24 घंटे के दौरान 22 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज कॉइनगीको के मुताबिक बिटकॉइन के लिए ये सप्ताह कमजोरी वाला सप्ताह बनता नजर आ रहा है। विगत सोमवार और मंगलवार के कारोबार के दौरान बिटकॉइन 19,500 से लेकर 20,000 डॉलर के बीच कारोबार करता नजर आया।

# भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़ाकर 2 हजार अरब डॉलर करने के लिए प्रयासरत : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली/सैन फ्रांसिसको (एजेंसी)।** भारत का माल एवं सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 675 अरब डॉलर को पार कर गया है। देश अब 2030 तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाकर 2000 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में संकाय सदस्यों, शोधकताओं और छात्रों से बातचीत के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही। गोयल ने छात्रों से बातचीत में कहा कि भारत जब अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तब तक उसकी अर्थव्यवस्था 30 हजार अरब डॉलर की हो जाएगी। गोयल ने कहा कि सरकार की योजनाएं काम कर गईं तो देश की अर्थव्यवस्था कम से कम 35 हजार से 45 हजार अरब डॉलर की होगी। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में हमारा माल



एवं सेवाओं का निर्यात पहली बार 675 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हमें उम्मीद है कि 2030 तक अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़कर 2000 अरब डॉलर का हो जाएगा। गौरतलब है कि अपनी 3300 अरब की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस सूची के चार अन्य

> भारत और इजरायल के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते से दोनों देशों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जब तक भारत को अच्छी डील नहीं मिलेगी।

देशों में अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। इसके अलावा अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत और इजरायल के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते से दोनों देशों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जब तक भारत को अच्छी डील नहीं मिलेगी यह समझौता नहीं करेगा। दरअसल भारत इजरायल के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए साल 2010 के मई महीने से ही बातचीत कर रहा है।

### डिसैलिनेशन में है वैश्विक जल संकट से निपटने की क्षमता

**नयी दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर पीने के पानी के बढ़ते संकट के बीच खारे समुद्री जल से नमक अलग कर मीठा पानी बनाने की प्रक्रिया डिसैलिनेशन में इस संकट के समाधान की क्षमता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग एक अरब लोगों के पास पीने के पानी की कमी है और 2050 तक यह संख्या 1.4 अरब तक पहुंचने का अनुमान है। पीने के पानी के लिए अन्य स्रोत तलाशने का समय आ गया है। भारत के पश्चिम में गुजरात से लेकर पूर्व में कोलकाता तक फैली एक लंबी तटरेखा है। 1.3 अरब से अधिक आबादी के साथ भारत में धीरे-धीरे देश के लिए पीने योग्य पानी की आपूर्ति में मदद के लिए गुजरात और तमिलनाडु जैसे प्रमुख तटीय क्षेत्रों में डिसैलिनेशन (खारे समुद्री जल से नमक अलग कर मीठा पानी बनाना) प्लांट स्थापित करने की आवश्यकता को महसूस किया जा रहा है।

## सीबीडीसी से सीमापार लेनदेन के समय लागत में होगी कमी: आरबीआई डिप्टी गवर्नर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय बैंक की डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) से सीमा पार लेनदेन के लिए समय और लागत में कमी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने बुधवार को यह बात कही। सीबीडीसी को इस साल पेश किया जाना है। केंद्रीय बैंक ने सीबीडीसी को इस साल पायलट आधार पर पेश करने का प्रस्ताव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा लाने की घोषणा की थी। वित्त मंत्री ने 2022-23 के आम बजट में कहा था कि आरबीआई चालू वित्त वर्ष में रुपये के समान एक डिजिटल लाएगा। उन्होंने ह्यइंडिया आइडियाज समिट में कहा, ह्यह्यहमें यह समझना होगा कि सीबीडीसी का अंतरराष्ट्रीयकरण भुगतान के मसले के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका



समाधान इस समय जी-20 और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) जैसे निकाय तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में एक उत्कृष्ट, सस्ती और तेज घरेलू भुगतान प्रणाली है, लेकिन इसके बावजूद सीमापार भुगतान की लागत अब भी अधिक है। शंकर ने कहा कि सीबीडीसी शायद इसका सबसे कुशल रास्ता है। उदाहरण के लिए, अगर भारत सीबीडीसी और अमेरिकी सीबीडीसी प्रणाली एक-दूसरे से जुड़ सकें, तो हमें लेनदेन का निपटान करने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह सीमापार लेनदेन में निपटान जोखिम को बड़े पैमाने पर दूर करता है। इससे समय कम लगेगा और लागत भी कम होगी। इसलिए, सीबीडीसी का अंतरराष्ट्रीयकरण भविष्य में होने की उम्मीद है।

## सुब्बाराव का सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए 10 साल का खाका तैयार करने का सुझाव

> सुब्बाराव के अनुसार, सरकारी बैंकों के निजीकरण से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दो तरह से असर पड़ेगा।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के निजीकरण के लिए सरकार को 10 साल का खाका तैयार करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि यह रूपरेखा या खाका हितधारकों को बहुत जरूरी अनुमान मुहैया कराएगा। सुब्बाराव ने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के लिए बहुत बड़ा दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत नहीं है लेकिन साथ ही इस मुद्दे को ठंडे बस्ते में भी नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्यआदर्श रूप से हमारे पास सभी पीएसबी का निजीकरण करने के लिए शायद 10 साल की समयसीमा में एक खाका या रूपरेखा होनी चाहिए। इससे सभी हितधारक स्थिति का अनुमान लगा सकेंगे।" सुब्बाराव ने कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कंपनी का रूप देने के बार में भी सोचना चाहिए ताकि वे



समान रिजर्व बैंक विनियमन के दायरे में आ जाएं। सुब्बाराव के अनुसार, सरकारी बैंकों के निजीकरण से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दो तरह से असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, सामाजिक उद्देश्यों को चलाने के दायित्व से मुक्त होकर निजी बैंकों की तरह लाभ को अधिकतम करने का प्रयास करेंगे। इससे बैंकिंग प्रणाली की समग्र दक्षता में सुधार होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यहालांकि, इससे वित्तीय समावेशन और प्राथमिकता क्षेत्र ऋण जैसे सामाजिक उद्देश्य कुछ हद तक प्रभावित हो सकते हैं।"

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में 3 डॉलर प्रति बैरल की गिरावट आई है। फिलहाल कच्चे तेल का भाव घटकर 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। घरेलू बाजार में सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे पहले 22 मई को केंद्रीय उत्पाद शुल्क कटौती के बाद पेट्रोल-डीजल के भाव कम हुए थे। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल



102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी मंदी के बीच ओपेक सदस्य देशों ने कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती का फैसला किया था। ओपेक देशों के इस फैसले में रूस भी शामिल है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड शुरूआती कारोबार में 1.06 फीसदी लुढ़ककर 91.82 डॉलर प्रति बैरल, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.34 फीसदी की गिरावट के साथ 85.67 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है।

## सरकार के लिए महंगाई से ज्यादा रोजगार सृजन है बड़ी प्राथमिकता: वित्त मंत्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के लिए महंगाई ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है, क्योंकि यह अब कम हो गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता अब रोजगार सृजन और आय वितरण है। निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यहां यूएसआईबीसी इंडिया आइडियाज समिट को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने समिट का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारत इस चुनौतीपूर्ण वक्त में जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है, जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह प्रभावित है और भू-राजनीतिक समीकरण अस्थिर हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में अनिश्चितता केंद्र सरकार के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और कोयले की उपलब्धता पर अनिश्चितता कायम है। सीतारमण ने कहा कि दुनिया के अन्य देशों की तरह भारत को भी वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण निकट भविष्य में कोयले पर अधिक निर्भर रहना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की अक्षय ऊर्जा योजना को झटका लगा है। ऐसे में कोयले की निर्भरता कम करने और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा संसाधनों की ओर लौटने के लिए उपकरणों की जरूरत है। नीतिगत मुद्दों पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एनआईआईएफ) को और मजबूत बनाने की जरूरत है।

## सेंसेक्स 168 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 168 अंक से अधिक टूटकर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बैंक शेयरों में नुकसान से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 168.08 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,028.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 474.1 अंक तक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 31.20 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,624.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा, विप्रो और बजाज फाइनेंस शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में, जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.99 प्रतिशत बढ़कर 93.75 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे।

## ईवीट्रिक मोटर्स ने लॉन्च किये दो इलेक्ट्रिक स्कूटर

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ईवीट्रिक मोटर्स ने बुधवार को यहां इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित ईवी इंडिया एक्सपो 2022 में ईवीट्रिक राइड एचएस और ईवीट्रिक माइट प्रो स्कूटर पेश किये।रोबोटेक निमार्ता पीएपीएल की सहायक कंपनी ईवीट्रिक मोटर्स के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक मनोज पाटिल ने इस अवसर पर संवाददाताओं से कहा कि उनकी कंपनी नवाचार करती है और वह इस ईवी एक्सपो में ये दो नये उत्पाद लॉन्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईवीट्रिक नये नेटवर्क विस्तार और उत्पादों के मामले में बहुत तेजी से बढ़ रही है। कंपनी पहले ही अपने आठ उत्पाद लॉन्च कर चुकी है। कंपनी देश के विभिन्न राज्यों में 200 डीलरशिप बना चुकी है और इस वित्त वर्ष तक 500 डीलरशिप बनाने की योजना है। श्री पाटिल



ने इस मौके पर बताया कि ईवीट्रिक राइड एचएस हाई-स्पीड ई-स्कूटर की अधिकतम स्पीड 55 किलोमीटर प्रतिघंटा है, स्कूटरों की यह औसत स्पीड है। इस स्कूटर की बैट्री एक बार चार्ज करने पर 120 किलोमीटर तक यात्रा करवा सकती है। इसकी बैट्री चार घंटे में पूरी चार्ज हो जाती है। यह ई-स्कूटर रेड, ब्लैक, व्हाइट और ग्रे जैसे आकर्षक रंगों में उपलब्ध है। श्री पाटिल ने कहा कि ईवीट्रिक माइटी प्रो स्टाइलिश और आरामदेह स्कूटर है। यह आसानी से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है। इसकी बैटरी पूरी तरह चार्ज होने के बाद 120 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है। पूरी बैटरी चार्ज करने में चार घंटे लगते हैं। यह रेड, व्हाइट और ग्रे रंग में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इन दोनों ई-स्कूटरों की लिथियम-आयन बैटरी निकाली जा सकती है।

## अडानी समूह का बड़ा फैसला, इस सेक्टर में कंपनी करेगी 70 अरब डॉलर का निवेश



**नई दिल्ली।** पोर्ट से पावर सेक्टर में कार्यरत अडानी ग्रुप क्लीन एनर्जी सेक्टर में 2030 तक 70 अरब डॉलर के निवेश के तहत सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर बनाने के लिए तीन गीगा फैक्ट्री लगाएगी। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अडानी ग्रुप ग्रीन एनर्जी मूल्य सीरीज में निवेश बढ़ा रहा है। समूह का लक्ष्य 2030 तक दुनिया का शीर्ष नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक बनना है। गौतम अडानी ने यूएसआईबीसी ग्लोबल लीडरशिप अवॉर्ड प्राप्त करने के बाद कहा कि अडानी समूह पहले ही 70 अरब डॉलर (जलवायु परिवर्तन और हरित ऊर्जा के लिए) के निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। इससे हम भारत में तीन गीगा कारखानों का विनिर्माण करेंगे, जो दुनिया की सबसे एकीकृत हरित-ऊर्जा मूल्य श्रृंखलाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि ये गीगा कारखाने पॉलीसिलिकॉन से सौर मॉड्यूल तक होंगे। उन्होंने कहा कि इससे अडानी समूह के पास 45 गीगावॉट की अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता होगी।

## पेज एक के शेष

### सभी समस्याओं का...

हैं। आपके आकांक्षाओं के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके इस निमित्त राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रशासनिक संरचनाओं को कैसे सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जा सके इसके लिये हमारी सरकार निरंतर काम कर रही है। राज्य सरकार के विकासात्मक योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विभिन्न विभागों में मानव बल की रिक्तियों को भरने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा देखा गया था कि पिछले कुछ वर्षों में कई सरकारी दफ्तरों में मात्र 10-15 फीसदी मानव बल ही कार्यरत हैं। प्रशासनिक सुधार हेतु राज्य सरकार द्वारा एक कमिटी भी बनायी गयी थी जिसका रिपोर्ट राज्य सरकार के पास आ चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार काम करने के डेली रूटीन के अनुभव के आधार पर भी कई निर्णय ले रही है। पुरानी पेंशन योजना बहाल होने पर जितनी खुशी आप सरकारी कर्मियों को हुई है उतनी ही खुशी मुझे भी हुई है।

**विभाग में फाइलों को रुकने न दें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मुखिया के रूप में आज हम हैं, कल कोई दूसरा, परसों कोई और हो सकता है। सत्ता आती-जाती रहती है, परंतु मेरा मानना है कि व्यवस्थाएं सुदृढ़ और बेहतर होनी चाहिए। आप सभी कर्मी निर्भीक और ऊंचे मनोबल के साथ काम करें इस निमित्त हमारी सरकार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार ऐसी शिकायतें आती हैं कि दफ्तरों में फाइलें उलझ कर रुक जाती हैं। आप सभी सरकारी सेवक इस बात का ख्याल रखें कि बेवजह फाइलों के मूवमेंट में देर न हो ताकि फाइल मूवमेंट से जुड़ी शिकायतें न मिले। आप अपने जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करें।

**अच्छी कार्यशैली को अपनाने का काम करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आईएएस, आईपीएस या किसी भी पदाधिकारी के ऊपर कोई बंदिशें नहीं डालती है। जो काम जनहित के लिए हो और सही हो उसे आप जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के दृष्टिकोण से देश में कई राज्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। झारखंड के पदाधिकारी भी उन राज्यों का परिभ्रमण कर अच्छी कार्यशैली को अपनाने अथवा अनुसरण करने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा मेरे समक्ष कुछ मांगे रखी गयी हैं। मैं आप सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेरे संज्ञान में जो भी चीजें आयेंगी नियमानुसार एक-एक कर सभी पर सकारात्मक विचार किया जायेगा।

**दृढ़ इच्छाशक्ति से सारी चीजें व्यवस्थित होगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार आईएएस-आईपीएस को ठहरने के लिए सर्किट हाउस इत्यादि की व्यवस्था की जाती है, उसी प्रकार जिला तथा प्रखंड स्तर में पदस्थापित पदाधिकारियों को भी रहने की व्यवस्था राज्य सरकार उपलब्ध करायेगी। राज्य में वैसे पदाधिकारी जो बेहतर शिक्षा के लिए आगे और पढ़ाई करना चाहते हैं।

### 12 राज्यों के...

यहां छापा पड़ा है। इनमें एक शराब कारोबारी का नाम अमोलक सिंह बताया जा रहा है। रामदास अग्रवाल, उनके बेटे अनिल, एश्वर्या किंगडम के आरके गुप्ता के घर रेड मारी गयी है। ये मामला शराब घोटाले और टैक्स चोरी से जुड़ा है। इधर, आईटी की टीम यूपी के 24 शहरों में छापेमारी की। राजधानी लखनऊ में आईटी की टीम राष्ट्रीय क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी चीफ गोपाल राय के घर पहुंची। गोपाल राय केंद्रीय लोक शिकायत और जांच संस्थान नाम से संस्था चलाते हैं। वह संस्था के चेयरमैन हैं। उनके घर कागजों की जांच की गयी। मामला पॉलिटिकल फंडिंग और टैक्स चोरी से जुड़ा है।

**बेंगलुरु में टैक्स चोरी का मामला :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेंगलुरु में 20 से ज्यादा ठिकानों पर आईटी की टीमें छापेमारी की। मनीपाल ग्रुप पर भी कार्रवाई की गयी है। ये सभी छापे इनकम टैक्स चोरी से जुड़े हुए हैं। आईटी को इस संबंध में जानकारी मिली थी। टीमें अभी एक्शन के बारे में ज्यादा कुछ बता नहीं रही हैं।

**दिल्ली में थिंक टैंक पर रेड :** दिल्ली स्थित स्वतंत्र थिंकटैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च में भी आईटी ने छापेमारी की है। सीपीआर पर यह कार्रवाई हरियाणा, महाराष्ट्र और गुजरात में हो रही आयकर विभाग की छापेमारी से जुड़ी है। अभी सीपीआर के गवर्निंग बोर्ड की चेयरपर्सन मीनाक्षी गोपीनाथ हैं। राजनीतिक वैज्ञानिक गोपीनाथ जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में पढ़ाती थीं और नयी दिल्ली में लेडी श्रीराम कॉलेज की प्रिंसिपल रही हैं। इसकी प्रेसिडेंट और चीफ एग्जीक्यूटिव यामिनी अय्यर हैं।

### पुलिस और माओवादियों...

काफी नुकसान उठाना पड़ा था। अब लैंडमाइंस के साथ भारी मात्रा में गोलियां व कोडेक्स वायर बरामद की गयी।

2018 से ट्राइजंक्शन पर सक्रियता, बैकफुट पर पतिराम : पतिराम मांझी उर्फ अनल को साल 2018 में सैक से केंद्रीय कमेटी सदस्य के तौर पर माओवादियों ने प्रोन्नत किया था। एक करोड़ का ईनामी अनल तब से चाईबासा, सरायकेला और खूंटी के ट्राइजंक्शन पर सक्रिया था। तीन सालों से अधिक वक्त तक ट्राइजंक्शन में अनल की सक्रियता ने माओवादी संगठन को इस इलाके में मजबूती दी थी। लेकिन महाराज प्रमाणिक, सुरेश मुंडा जैसे माओवादियों के सरेंडर के बाद इलाके में अनल की पकड़ कम हुई। बीते दिनों कुचाई में पुलिस ने एंटी नक्सल ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन के दौरान एक महिला समेत दो माओवादी मारे गये थे। दोनों माओवादी संगठन में सेक्शन कमांडर थे। कुचाई इलाके में चल रहे अभियान ने भी माओवादियों को बैकफुट पर ला दिया है।

### विपक्ष का जरूरी...

रखूंगा। इससे पहले बीते दिन नीतीश कुमार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। बैठक में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और जदयू नेता संजय झा भी मौजूद थे। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच कई राजनीतिक मुद्दों पर बातें हुई थी। उन्होंने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से भी मुलाकात की थी। इसके बाद नीतीश ने कहा था कि प्रधानमंत्री बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं है और न ही वे दावेदार हैं, बस कोशिश है कि पूरे देश में जो भी स्थानीय पार्टी हैं वे सभी एक साथ मिल जायें तो बहुत बड़ी बात होगी।

### रिपोर्ट : भारत में...

किया गया कि छह एयर बैग लगाने से कार की कीमत 50-60 हजार रुपये से ज्यादा हो सकती है। इस पर गडकरी ने कहा- यह गलत है। अगर बड़ी संख्या में प्रोडक्शन होगा तो एक एयर बैग की कीमत सिर्फ 900 रुपये के करीब पड़ेगी। गडकरी ने कहा कि भारत में भी छह एयर बैग वाली गाड़ियां मार्केट में उतारने का काम चल रहा है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# मंगोलिया में भारत के रक्षा मंत्री ने खेला बड़ा दांव

## राजनाथ सिंह मंगोलिया की यात्रा पर जानेवाले बने पहले भारत के पहले रक्षा मंत्री

**उलनबटोर (एजेंसी)।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले दो दिनों तक मंगोलिया में रहेंगे। मंगोलिया की राजधानी उलान बतोर पहुंचे राजनाथ सिंह ने यहां पर मंगोलियन राष्ट्रपति उखनागीं खुरेलसुखो से मुलाकात

■ भारत को अपना 'तीसरा' और 'आध्यात्मिक पड़ोसी' कहता है मंगोलिया

की। मंगोलियन राष्ट्रपति ने राजनाथ सिंह के सम्मान में एक डिनर का आयोजन भी किया। इस दौरे के तहत बातचीत का जो एजेंडा है उसमें 1.2 अरब डॉलर से बनने वाली आयल रिफाइनरी सबसे मुख्य है। यह मंगोलिया की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी होगी जो डोनोगोबि प्रांत में तैयार होगी। साल 2025 में यह बनकर तैयार हो जायेगी और इससे देश की 75 फीसदी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। चीन को हमेशा इस बात से मिर्ची लग जाती है कि भारत और मंगोलिया क्यों साथ आते हैं। साल 2016 में चीन की तरफ से तो मंगोलिया को चेतावनी तक दे दी गयी थी। राजनाथ सिंह भारत के पहले ऐसे रक्षा मंत्री हैं जो मंगोलिया की यात्रा पर गए हैं। उनकी इस यात्रा पर चीन करीब से नजर रखे हुए है। मंगोलिया ने हमेशा से ही भारत को अपना 'तीसरा' और 'आध्यात्मिक पड़ोसी' कहता आया है। कहते हैं कि इसी विचारधारा के साथ मंगोलिया अपने बाकी दोनों पड़ोसियों, चीन और रूस के साथ रिश्तों को संतुलित करता आया है। भारत पूर्वी ब्लॉक के बाहर दुनिया का पहला देश था जिसने मंगोलिया के साथ राजनयिक रिश्ते कायम किये थे। दिसम्बर 1955 में भारत ने मंगोलिया के साथ राजनयिक रिश्तों की शुरुआत की थी। उसके बाद से दोनों देशों के बाद आपसी मित्रता और सहयोग को लेकर साल 1973, 1994, 2001 और 2004 में कई अहम संधियां हुईं।

### मंगोलिया के बाद जापान में टू प्लस टू संवाद में शामिल होंगे राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मंगोलिया दौरे को विशेषज्ञ एक खास दौरा करार दे रहे हैं। रक्षा विशेषज्ञों की मानें तो राजनाथ सिंह ऐसे समय में मंगोलिया गये हैं जब चीन लगातार अपनी सैन्य गतिविधियों को ताइवान के आसपास बढ़ा रहा है। इसके अलावा पूर्वी लद्दाख में भी तनाव गहराता जा रहा है और अब यहां पर चीन हवाई सीमा का भी उल्लंघन करने लगा है। इसके अलावा लद्दाख में पैंगोग झील के करीब चीन ने सर्विलांस रडार तक तैनात कर दिये हैं।

मंगोलिया उत्तर में रूस के साथ और दक्षिण में चीन के साथ बॉर्डर साझा करता है। मंगोलिया और चीन के बीच जमीनी सीमा करीब 4600 किलोमीटर है। अक्सर इनर मंगोलिया को लेकर दोनों देशों के बीच संघर्ष होता रहता है। दिसम्बर 2015 में आखिरी बार मंगोलिया और चीन आमने-सामने थे। यह वही साल था जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने मंगोलिया का दौरा किया और वह यहां पहुंचने वाले पहले भारतीय पीएम बन गए। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मंगोलिया में अपने हितों को फिर से नया स्वरूप दे दिया है। मंगोलिया बड़े स्तर पर चीन और रूस पर निर्भर है। ऐसे में यहां पर बड़ा निवेश एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

# राजनाथ सिंह मंगोलिया से लाये मैजेस्टिक हॉर्स



**उलानबटार (एजेंसी)।** पूर्वी एशियाई देशों के साथ सामरिक साझेदारी को बढ़ावा देने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 से 07 सितंबर, 2022 तक मंगोलिया की आधिकारिक यात्रा पर थे। यह मंगोलिया की किसी भारतीय रक्षा मंत्री की अब तक की फर्स्ट विजिट थी। इस दौरान मंगोलिया के राष्ट्रपति यू खुरेलसुख ने भारत को एक राजसी घोड़ा गिफ्ट में दिया। इस गिफ्ट पर प्रतिक्रिया देत हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मंगोलिया में हमारे खास दोस्तों की ओर से एक खास तोहफा। इस शानदार खूबसूरती का नाम मैंने 'तेजस'

■ चंगेज खान ने इसी पर बैठकर जीती थी दुनिया, सबसे पावरफुल होता है दूध

रखा है। धन्यवाद राष्ट्रपति खुरेलसुख..धन्यवाद मंगोलिया।


**क्यों खास है मंगोलियन राजसी घोड़ा :** मंगोल घोड़ा जिसे मोरी भी कहते हैं, मंगोलिया की मूल घोड़े की नस्ल है। इस घोड़े का रिश्ता चंगेज खान के समय से रहा है। सबसे बड़ी बात तब से अब तक इसकी ब्रीड में कोई बदलाव नहीं आया है। पारंपरिक मंगोल फैशन यानी जीवनशैली में रहनेवाले मंगोलियन खानाबदोश के पास आज भी तीन मिलियन हॉर्स हैं। ये घोड़े इतने ताकवर होते हैं कि पूरे साल घुमंतू रहते हैं। चाहे कितनी भी भीषण गर्मी हो या हाड़ कंपाने वाली सर्दी, ये हर मौसम में बाहर ही चरते हैं।

## न्यूज गैलरी

### अमेरिकी वायुसेना की सीक्रेट जगह एरिया 51 पर नजर आया रहस्यमयी एयरक्राफ्ट

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी वायुसेना की साइट एरिया 51 हमेशा से रहस्य का विषय रही है। पिछले दिनों इस जगह को लेकर रहस्य और गहरा गया जब यहां पर एक एयरक्राफ्ट नजर आया। एरिया 51 एयरफोर्स की एक सीक्रेट साइट है जिसके बारे में किसी को कुछ नहीं मालूम है, लेकिन इस जगह पर पिछले दिनों जो कुछ हुआ है, उसके बाद सबकी धड़कनें बढ़ गयी हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से साफ नजर आ रहा है कि जिस जगह पर अमेरिकी जेट रहते हैं, उसी हैंगर्स के बाहर एक बड़ी सी चीज नजर आ रही है। यह वह अमेरिकी एयरबेस है जो एकदम सूनसान है और हमेशा छिपा रहता है। एरिया 51 नवादा के रेगिस्तान में है और यह जगह सरकार के रहस्यों और एलियन टेक्नोलॉजी की डिस्कवरी के लिए जानी जाती है। जो तस्वीरें आई हैं वो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। अब इन तस्वीरों पर खासी बहस शुरू हो गई है कि आखिर यहां क्या चल रहा है। एरिया 51 के रनवे एरिया पर एक एयरक्राफ्ट साफ नजर आ रहा है। यहां पर एयरक्राफ्ट की गतिविधियां कोई नयी नहीं हैं। ऐसे में किसी विमान का नजर आना असाधारण बात नहीं है, लेकिन कई लोग इस बात को देखकर हैरान कि जो एयरक्राफ्ट नजर आ रहा है वह काफी असाधारण दिख रहा है।

### पहली बार मुसलमानों ने ही मदरसे को ढहा दिया



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के गोलपारा में पहली बार हैरान कर देनेवाला मामला तब देखने को मिला, जब वहां मुसलमानों ने ही मदरसे को ढहा दिया। दरअसल, इसके पीछे की वजह लोगों में जागरूकता का पैदा होना है। लोगों को इस बात की भनक लगी कि मदरसे की आड़ में यहां आतंकी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिसके बाद इसी से भड़के लोगों ने मदरसे को ढहा दिया। अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के जरिये मंगलवार को गोलपारा स्थित मदरसे को ढहाने की एक बड़ी वजह निकलकर सामने आ रही है। दरअसल, इस मदरसे के एक शिक्षक को अल-कायदा के साथ कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसके दो अन्य साथी फरार बताये जा रहे हैं। वहीं, इस मामले में पुलिस का कहना है कि हमें मदरसे को ढहाए जाने की पहले से कोई जानकारी नहीं थी।

# पहली बार सुप्रीम कोर्ट में बनेगी ग्रीन बेंच

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को दिल्ली और केंद्र सरकार के एक

■ जस्टिस चंद्रचूड़ की संविधान पीठ की वकीलों से अपील- अगली सुनवाई में कोई भी कागज न लायें

मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि उनकी बेंच ग्रीन बेंच होगी। उन्होंने केस से जुड़े वकीलों से भी 27 सितम्बर को होनेवाली सुनवाई के दौरान कोई भी कागजात या फिजिकल डॉक्यूमेंट नहीं लाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री और आईटी सेल के अधिकारी शनिवार को वकीलों को दलील देने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दे सकते हैं।



### पांच जजों की बेंच कर रही है सुनवाई

**राष्ट्रीय** राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच विवाद की सुनवाई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एमआर शाह, जस्टिस कृष्ण मुरारी, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पांच जजों की बेंच कर रही थी। इसी दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हम इसे पूरी तरह से ग्रीन बेंच रखेंगे ताकि कोई कागजात न हो। कृपया आप कागजात न लायें।

# रूसी सैनिक हो रहे हनी ट्रैप का शिकार

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन-रूस युद्ध को छह महीने से ज्यादा हो गये हैं। दोनों देशों के बीच का संघर्ष हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। युद्ध के बीच पता चला है कि यूक्रेनी हैकर्स युद्ध से जुड़ी हर एक खुफिया जानकारी निकालने के लिए फेक अकाउंटस का सहारा ले रहे हैं। आकर्षित महिलाओं की नकली प्रोफाइल बनाकर रूसी सैनिकों को गुमराह करने का काम किया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी हैकर्स ने रूसी सैनिकों को लुभाने के लिए आकर्षक महिलाओं की तस्वीरें लगाकर फेक अकाउंट्स बनाये हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रूसी सेना को एक से अधिक तरीकों से बेवकूफ बनाया जा रहा है। इस तरह रूस भले ही हथियार और बल के मामले में ताकतवर हो, लेकिन यूक्रेनी अपने दिमाग से इस युद्ध में अबतक टिके हुए हैं। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक खार्किव की एक 30 वर्षीय आईटी विशेषज्ञ निकिता निश ने बताया कि सोशल मीडिया पर फेक एकाउंट्स द्वारा रूसी सैनिकों से बातचीत की गयी। दोस्ती का ढोंग किया गया और उनसे तस्वीरें साझा करवाई गयी।

# ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक कमी बनी बड़ी परेशानी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर ऐतिहासिक रूप से नीचे पहुंच गयी है, लेकिन देश के नेता और अर्थशास्त्री खुश नहीं, परेशान हैं और समस्या का हल तलाश रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में बेरोजगारी दर सिर्फ 3.4 प्रतिशत रह गयी है। जुलाई में यह 3.5 प्रतिशत था. हालांकि ऑस्ट्रेलियन ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने साथ ही यह भी कहा है कि अनुमानतः 40,900 नौकरियां कम हुई हैं। एबीएस के लेबर स्टैटिस्टिक्स प्रमुख ब्योर्न जार्विस ने बताया कि अक्टूबर 2021 के बाद से यह पहली गिरावट है जब डेल्टा लॉकडाउन खोला गया था। वैसे, जार्विस ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टिसिपेशन रेट यानी नौकरी चाहनेवाले लोगों की संख्या में कमी के कारण यह गिरावट आयी है। देश में नौकरियां खोजनेवाले या काम कर रहे लोगों का अनुपात जून में सर्वाधिक 66.8 प्रतिशत था, जो अब 66.4 प्रतिशत पर आ गया है। काम तलाश रहे लोगों की संख्या में गिरावट नौकरियों में आयी गिरावट से कहीं ज्यादा है। एबीएस का कहना है कि यही बेरोजगारी दर में गिरावट की वजह है। ऐसी और कई संकेत हैं जो दिखाते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में रोजगार की स्थिति लगातार बेहतर हो रही है। जार्विस कहते हैं कि यह गिरावट तेजी से कसती जा रही लेबर मार्किट का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जुलाई में सिर्फ 4,74,000 बेरोजार थे, जो कि मई में उपलब्ध नौकरियों (4,80,000) से कम है। अगस्त 1974 के बाद से यह अब तक की सबसे कम दर है। बेरोजगारी का कम होना अच्छी बात है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्थिति को अर्थशास्त्री बहुत अच्छी बात नहीं मानते। मेलबर्न की मोनाश यूनिर्सिटी में पढ़ाने वाले अर्थशास्त्री डॉ. विनोद मिश्रा कहते हैं कि बेरोजगारों की संख्या कम होना तो ठीक है लेकिन इसे डिमांड और सप्लाई के संदर्भ में देखना होगा।

# तालिबान और पाकिस्तानी सेना में सीमा पर तनाव

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद पाकिस्तान-अफगान सीमा डूरंड लाइन पर हालात बहुत तनावपूर्ण बने हुए हैं। पाकिस्तानी सैनिक अक्सर अफगान इलाके में बाड़ लगाने की कोशिश करते हैं। तालिबान की सेना और पाकिस्तानी सेना के बीच कई बार भीषण गोलाबारी भी हो चुकी है। अब एक ताजा वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें एक तालिबानी कमांडर भारतीयों का जिक्र करके पाकिस्तानी सेना को कड़ी चेतावनी दे रहा है। इस वीडियो में तालिबानी कमांडर पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों से कह रहा है, 'यदि मैं अमेरिकी, चीनी या भारतीयों को लेकर आता हूं और वे सीमा पर लगी बाड़ के अफगानिस्तान वाले हिस्से में घूमते हैं तो आपको इससे कोई मतलब नहीं होना चाहिए।

पाकिस्तान की सेना अफगान सीमा में हस्तक्षेप करना बंद करे। हम आपके लिये केवल इसलिए संयम दिखा रहे हैं क्योंकि आप लोग मुसलमान हो। अन्यथा हम आपके साथ उसी तरह से लड़ाई लड़ सकते हैं जिस तरह से हमने अमेरिका के खिलाफ लड़ा था। तालिबानी कमांडर ने यह करारा पलटवार ऐसे समय पर किया है जब अभी कुछ दिन पहले ही अफगानिस्तान के पाकटिया प्रांत में पाकिस्तानी सेना और तालिबान के बीच जोरदार मुठभेड़ हो गयी थी। इससे पहले फरवरी में भी कुनार प्रांत में दोनों के पक्षों के सैनिकों के बीच भारी गोलाबारी हुई थी। इस दौरान पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के दांगम जिले में गोलीबारी शुरू कर दी थी और तोपों से गोले बरसाये थे। इससे दोनों के बीच हालात बहुत तनावपूर्ण हो गए थे।

# देवीलाल जयंती पर हिसार में 25 सितम्बर को होगा विपक्षी नेताओं का जमावड़ा

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** नीतीश कुमार और केसीआर जैसे नेता बीते कुछ दिनों से विपक्षी एकता की कोशिशों में जुटे हैं। नीतीश कुमार ने दिल्ली तक दौरे किये हैं और केसीआर से भी पटना में मुलाकात की थी। इसके अलावा तेलंगाना के सीएम केसीआर भी कई बार मोदी सरकार को हराने का आह्वान कर चुके हैं। इस बीच हरियाणा में 25 सितम्बर को विपक्षी नेताओं का जमावड़ा होने जा रहा है, जिसे 2024 के आम चुनाव के लिए एकता की कोशिश से भी जोड़ा जा रहा है। पूर्व डिप्टी पीएम देवीलाल की जयंती पर यह एकता रैली होने जा रही है। हिसार के पास होनेवाली इस रैली की तैयारी इंडियन नेशनल लोक दल ने की है, जिसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार, टीएमसी की नेता ममता बनर्जी और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मौजूद रहेंगे। बीते कई सालों में यह पहला मौका होगा, जिसमें देश भर के गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेसी नेता एक ही मंच पर होंगे। इनके अलावा नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, अकाली नेता प्रकाश सिंह बादल (स्वास्थ्य ठीक रहा तो), अखिलेश यादव और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर तीसरे मोर्चे को लेकर भी कुछ ऐलान होने की उम्मीद जतायी जा रही है। जेडीयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि मंगलवार को नीतीश कुमार और आईएनएलडी के नेता ओमप्रकाश चौटाला की मुलाकात हुई थी, जिसमें इस रैली का फैसला हुआ था। त्यागी का कहना है कि इस रैली में नीतीश, तेजस्वी, अखिलेश यादव, मुलायम सिंह यादव, ममता बनर्जी और फारूक अब्दुल्ला जैसे नेताओं ने आने की बात कही है। इसके अलावा देश के कुछ और नेताओं को निमंत्रण दिया जा रहा है। ऐसे में यह संख्या और ज्यादा हो सकती है। इस रैली के लिए ओपी चौटाला की ओर से शरद पवार, तेलंगाना के सीएम केसीआर और टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू को भी आमंत्रित किया जा रहा है। मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक को भी आमंत्रित किया जायेगा।

■ नीतीश, पवार, फारूक, बादल, तेजस्वी, अखिलेश, ममता, नायडू, केसीआर आयेंगे

## यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से यूरोप में तेल, गैस और कोयले की बढ़ गयी है काफी कीमतें

# रूस ने कम ऊर्जा बेच कर भी प्रतिबंधों में की भारी कमाई

**मॉस्को (एजेंसी)।** थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर, सीआरईए ने रूस के खिलाफ और ज्यादा प्रभावी प्रतिबंध लगाने की मांग की है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से यूरोप में तेल, गैस और कोयले की कीमतें काफी ज्यादा बढ़ गयी हैं। फिनलैंड के इस थिंक टैंक का कहना है कि जीवाश्म ईंधन की कीमत बढ़ने से रूस की मौजूदा कमाई पिछले साल के मुकाबले बहुत ज्यादा हो गई है जबकि इस साल निर्यात का आयाम कम रहा है। रूस के सप्लाई घटाने के कारण यूरोप में प्राकृतिक गैस की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी है। हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में भी काफी उछाल आया, लेकिन फिर उनमें थोड़ी कमी हुई। सीआरईए का कहना है कि जीवाश्म ईंधन के निर्यात ने रूस के संघीय बजट में हमले के बाद करीब 43 अरब यूरो का योगदान किया है, जिसकी मदद से जंग के लिए पैसा मिला और यूक्रेन में युद्ध अपराध हुए। 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले के बाद के छह महीनों के जो आंकड़े आये हैं उन पर चिंता जताई गई है। सीआरईए का अनुमान है कि इस दौर में यूरोपीय संघ रूसी जीवाश्म ईंधन का सबसे बड़ा खरीदार रहा और इसकी कुल कीमत करीब 85.1 अरब यूरो है। इसके बाद चीन का 34.9 अरब यूरो और तीसरे नंबर पर तुर्की है जिसने 10.7 अरब यूरो का बिल चुकाया।



### कोयले का निर्यात गिरा

**यूरोपीय** संघ ने रूस से कोयला खरीदना बंद कर दिया है और धीरे-धीरे तेल की खरीदारी बंद कर रहा है। हालांकि, उसने प्राकृतिक गैस के आयात की कोई सीमा नहीं तय की है, क्योंकि रूसी गैस पर यूरोप की निर्भरता काफी ज्यादा है। सीआरईए का कहना है कि रूसी कोयले के आयात पर यूरोपीय संघ का प्रतिबंध कारगर रहा है। प्रतिबंधों के असर में रूसी कोयले का निर्यात युद्ध शुरू होने के बाद अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। सीआरईए का कहना है कि रूस यूरोपीय संघ की ओर से खत्म हुई मांग के बदले में दूसरे खरीदार ढूंढने में नाकाम रहा। हालांकि, संगठन ने रूसी तेल के निर्यात के लिये कड़े नियम बनाने की मांग की है।

